उप लक्ष्य था । नये 20-सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा हिताधिकारियों को दी गयी सहायता का जहां तक संबंध है, सरकारी क्षेत्र के 28 बैंकों से संबंधित उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि दिसम्बर 1983 के अन्त तक 85.86 लाख खातों के माध्यम से 3,908 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई ।

beneficiaries under the New 20-Point Programme, available data in respect of 28 public sector banks showed that Rs.3,908 crores were advanced in 85.86 lakh accounts by end-December 1983.

जमाराशियों और ऋण की प्रवृत्तिया

कुल जमाराशियों में वृद्धि

2.4 1983-84 (जुलाई-जून) के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों में हुई वृद्धि, जो 9,813 करोड़ रुपये थी, 1982-83 7,911 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में काफी अधिक थी (सारणी 2.1) । वर्ष के दौरान परिलक्षित वृद्धि दर गत वर्ष के 17.2 प्रतिशत की तुलना में 18.2 प्रतिशत थी । वर्ष 1983-84 में जमाराशियों में हुई वृद्धि की मुख्य बात यह थी कि चारों तिमाहियों में जमाराशियों में वृद्धि हुई जिसमें जनवरी-मार्च की वह तिमाही भी शामिल है जिसमें जमाराशियों में पूर्ववर्ती तिमाही (अक्तूबर-दिसम्बर) में पर्याप्त वृद्धि के बाद भारी मात्रा में गिरावट परिलक्षित हुआ करती थी ।

2.5 जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, 1982-83 की समान तिमाहियों की तुलना में वर्ष की सभी तिमाहियों में सम्पूर्ण दृष्टिकोण से जमाराशियों में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि हुई (अक्तूबर-दिसम्बर 1983 को छोड़कर) । इस वर्ष अक्तूबर-दिसम्बर 1983 के दौरान हुई वृद्धि 4,453 करोड़ रुपये या 7.9 प्रतिशत थी जो 1982 की समान तिमाही में हुई 4,512 करोड़ रुपये अथवा 9.5 प्रतिशत की तुलना में कम थी, सम्भवतया इसका कारण बैंकों द्वारा रिज़र्व बैंक की इस सलाह की ओर ध्यान देना था कि अंतिम समय पर दिखावे के लिए कार्य करने की प्रवृत्ति को न अपनाया जाये । जनवरी- मार्च 1984 की तिमाही में हुई वृद्धि यद्यपि 49 करोड़ रुपये ही थी, फिर भी वह उल्लेखनीय थी, क्योंकि 1982-83 की समान

Trends in Deposits and Credit

Growth in Aggregate Deposits

2.4 During 1983-84 (July-June), accretion to aggregate deposits of scheduled commercial banks, at Rs.9,813 crores, was significantly larger than that of Rs.7,911 crores in 1982-83 (Table 2.1). The growth rate during the year worked out to 18.2 per cent which was higher than 17.2 per cent recorded during the previous year. A feature of deposit expansion in 1983-84 was that there was deposit accretion in all the four quarters, including the January-March quarter when deposits used to show a sizeable decline after a big jump in the preceding quarter (October-December).

2.5 As shown below, the deposit growth, in absolute terms, was much higher in all the quarters of the year compared to the corresponding quarters of 1982-83, excepting in October-December 1983. This year, the rise during October-December 1983 at Rs.4,453 crores or 7.9 per cent, was less pronounced than that of Rs.4,512 crores or 9.5 per cent in the corresponding quarter of 1982, presumably because the banks had heeded the advice of the Reserve Bank to avoid window dressing. The rise in the quarter January-March 1984, though marginal at Rs.49 crores, was noteworthy, as it was in contrast to a sizeable decline of Rs.719 crores recorded in the corresponding quarter of 1982-83. The last quarter of the year (April-June

सारणी 2.1 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के आंकड़े

(करोड़ रुपए)

मद	निम्नलिखित तारीखों को बकाया			निम्नलिखित वर्षों के दौरान हुई वृद्धि	
	25 जून 1982	24 जून 1983	29 जून 1984*	1982-83	1983-84
	1	2	3	4	5
1. कुल जमाराशियां	**46,128**	**54,039**	**63,852**	**+ 7,911**	**+ 9,813**
(क) मांग जमाराशियां	9,055	10,201	11,938	+ 1,146	+ 1,737
(ख) मीयादी जमा राशियां	37,073	43,838	51,914	+ 6,765	+ 8,076
2. कुल बैंक ऋण, जिनमें से–	**30,180**	**36,006**	**43,058**	**+ 5,826**	**+ 7,052**
(क) अनाजों की वसूली के लिए दिए गए ऋण	2,825	3,589	5,233	+ 764	+ 1,644
(ख) खाद्य अग्रिमों को छोड़कर बैंक ऋण	27,355	32,417	37,825	+ 5,062	+ 5,408
3. रिज़र्व बैंक में पुनः भुनाए गए बिल	–	–	–	–	–
4. सकल बैंक ऋण	**30,180**	**36,006**	**43,058**	**+ 5,826**	**+ 7,052**
5. सरकारी व अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	16,945	19,970	23,207	+ 3,025	+ 3,237
(क) सरकारी प्रतिभूतियां	11,617	13,533	15,208	+ 1,916	+ 1,675
(ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	5,328	6,437	7,999	+ 1 '00	+ 1,562
6. हाथ में नकदी और रिज़र्व बैंक के पास जमा रकम	5,770	6,155	9,284	+ 385	+ 3,129
7. रिज़र्व बैंक से लिए गए ऋण	5,720@	509	1,769	— 63	+ 1,260
8. ऋण-जमा अनुपात	65.4	66.6	67.4		
9. खाद्येतर-ऋण-जमा अनुपात	59.3	60.0	59.2		
10. निवेश-जमा-अनुपात	36.7	37.0	36.3		

* अंशतः संशोधित

@ 12 जुलाई, 1982 को नाबार्ड को अन्तरित किए गए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ऋण शामिल हैं।

स्रोत : भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(2) के अधीन प्राप्त विवरणियां।

तिमाही की 719 करोड़ रुपये की भारी गिरावट के यह विपरीत थी। वर्ष की अंतिम तिमाही (अप्रैल-जून 1984) में भी जमाराशियों में 3,315 करोड़ रुपये की पर्याप्त वृद्धि हुई, जबकि 1982-83 की समान तिमाही में 2,681 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी। जमाराशियों की वृद्धि-दर अप्रैल-जून 1983 में हुई 5.2 प्रतिशत की तुलना में कुछ अधिक अर्थात 5.5 प्रतिशत थी। 1983 के

1984) also witnessed a larger accretion of Rs.3,315 crores in deposits as compared to the rise of Rs.2,681 crores in the corresponding quarter of 1982-83. The rate of deposit growth in this quarter was also higher at 5.5 per cent compared to 5.2 per cent in April-June 1983. Deposit growth during the 1983 slack season (May-October), at Rs.4,942 crores, was substantially higher than that of

TABLE 2.1 : SCHEDULED COMMERCIAL BANKS' DATA

(Rs. Crores)

Items	Outstanding as on			Increase during the year	
	June 25, 1982	June 24, 1983	June 29, 1984*	1982-83	1983-84
	1	2	3	4	5
1. **Aggregate Deposits**	**46,128**	**54,039**	**63,852**	**+7,911**	**+9,813**
(a) Demand Deposits	9,055	10,201	11,938	+1,146	+1,737
(b) Time Deposits	37,073	43,838	51,914	+6,765	+8,076
2. **Total Bank Credit**	**30,180**	**36,006**	**43,058**	**+5,826**	**+7,052**
Of which:					
(a) Food procurement advances	2,825	3,589	5,233	+ 764	+ 1,644
(b) Bank Credit excluding food advances	27,355	32,417	37,825	+5,062	+5,408
3. Bills rediscounted with the RBI	—	—	—	—	—
4. **Gross Bank Credit**	**30,180**	**36,006**	**43,058**	**+5,826**	**+7,052**
5. Investments in Government and other approved securities	16,945	19,970	23,207	+3,025	+3,237
(a) Government Securities	11,617	13,533	15,208	+1,916	+1,675
(b) Other approved securities	5,328	6,437	7,999	+1,109	+1,562
6. Cash in hand and balances with the RBI	5,770	6,155	9,284	+385	+3,129
7. Borrowings from the RBI	5,72@	509	1,769	—63	+1,260
8. Credit-Deposit Ratio	65.4	66.6	67.4		
9. Non-Food Credit-Deposit Ratio	59.3	60.0	59.2		
10. Investment-Deposit Ratio	36.7	37.0	36.3		

* Partially revised.

@ Include RRB's borrowings transferred to NABARD on July 12, 1982.

Source: Returns received under Section 42(2) of the RBI Act, 1934.

कम कामकाज के दौरान (मई-अक्तूबर) जमाराशियों में 4,942 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जो 1982 के कम कामकाज की अवधि के दौरान 3,783 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में काफी अधिक थी। अधिक कामकाज की अवधि (नवम्बर 1983-अप्रैल 1984) में कुल जमाराशियों में हुई वृद्धि 3,906 करोड़ रुपये थी, जो 1982-83 के अधिक कामकाज के समय के 3,768 करोड़ रुपये की अपेक्षा अधिक थी।

Rs.3,783 crores during the 1982 slack season. In the busy season (November 1983 - April 1984), accretion to aggregate deposits at Rs.3,906 crores was also higher than Rs.3,768 crores in the 1982-83 busy season.

कुल जमाराशियों में वृद्धि

	1982-83		1983-84	
	राशि (करोड़ रुपये)	प्रतिशत वृद्धि	राशि (करोड़ रुपये)	प्रतिशत वृद्धि
जुलाई-सितम्बर	1,437	3.1	1,996	3.7
अक्तूबर-दिसम्बर	4,512	9.5	4,453	7.9
जनवरी-मार्च	− 719	− 1.4	49	0.1
अप्रैल-जून	2,681	5.2	3,315	[illegible]
जोड़ (जुलाई-जून)	7,911	17.2	9,813	18.2

Growth in Aggregate Deposits

	1982-83		1983-84	
	Amount (Rs. Crores)	Percentage growth	Amount (Rs. Crores)	Percentage growth
July-September	1,437	3.1	1,996	3.7
October-December	4,512	9.5	4,453	7.9
January-March	-719	-1.4	49	0.1
April-June	2,681	5.2	3,315	5.5
Total (July-June)	**7,911**	**17.2**	**9,813**	**18.2**

मांग और मीयादी जमाराशियों में वृद्धि

2.6 जमावार कुल जमाराशियों में हुई वृद्धि के विश्लेषण से यह देखा जा सकता है कि मांग जमाराशियों में वृद्धि की दर 17.0 प्रतिशत थी, जो 1982-83 की 12.7 प्रतिशत की तुलना में काफी अधिक थी। फिर भी, जहां तक मीयादी जमाराशियों का संबंध है, 1982-83 की 18.2 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में कुछ अधिक अर्थात 18.4 प्रतिशत थी। मांग जमाराशियों में संपूर्ण वृद्धि 1983-84 में 1,737 करोड़ रुपये थी, जबकि 1982-83 में यह 1,146 करोड़ रुपये थी और मीयादी जमाराशियों की संपूर्ण वृद्धि एक वर्ष पहले के 6,765 करोड़ रुपये की तुलना में 8,076 करोड़ रुपये थी। मांग जमाराशियों में वृद्धि 1983-84 की चार तिमाहियों से तीन तिमाहियों में ही हुई और एक तिमाही (अर्थात् जनवरी-मार्च 1984) में कमी आयी, लेकिन यह गत वर्ष की इसी तिमाही की कमी की तुलना में कम थी। मीयादी जमाराशियों में वृद्धि दोनों वर्षों की चारों तिमाहियों में देखने में आयी, लेकिन 1983-84 में हुई वृद्धियां गत वर्ष की प्रत्येक समान तिमाहियों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक थीं।

Growth in Demand and Time Deposits

2.6 Analysing the growth in aggregate deposits by type of deposits, it would be seen that the rate of growth in demand deposits at 17.0 per cent was markedly higher than that of 12.7 per cent in 1982-83. In regard to time deposits, however, there was a small increase in the rate of growth at 18.4 per cent compared to 18.2 per cent in 1982-83. The absolute increase in demand deposits was Rs.1,737 crores in 1983-84 as against Rs.1,146 crores in 1982-83 and in time deposits of Rs.8,076 crores as against Rs.6,765 crores a year ago. The rise in demand deposits occurred in three out of four quarters of 1983-84, while in one quarter (i.e. January-March 1984) there was a decline but this was significantly less than in the corresponding quarter of the previous year. The rise in time deposits was in evidence in all the four quarters of both the years, but the increases in 1983-84 were larger in comparison with each of the corresponding quarters of the preceding year.

मांग और मीयादी जमाराशियां

(करोड़ रुपये)

तिमाही	मांग जमाराशियों में वृद्धि		मीयादी जमाराशियों में वृद्धि	
	1982-83	1983-84	1982-83	1983-84
जुलाई-सितम्बर	- 177	56	1,614	1,940
अक्तूबर-दिसम्बर	2,012	1,409	2,501	3,044
जनवरी-मार्च	-906	-312	186	360
अप्रैल-जून	217	584	2,464	2,732
जोड़ (जुलाई-जून)	1,146	1,737	6,765	8,076
	(12.7)	(17.0)	(18.2)	(18.4)

ऋण प्रवृत्तियां

2.7 वर्ष के दौरान बैंक ऋण में 1982-83 की अपेक्षा अधिक वृद्धि हुई। संपूर्ण वृद्धि की दृष्टि से बैंक ऋण में 1982-83 में हुए 5,826 करोड़ रुपये के विस्तार की तुलना में 7,052 करोड़ रुपये का विस्तार हुआ (सारणी 2.1)। इस संबंध में वर्ष के दौरान वृद्धि दर 19.6 प्रतिशत थी, जो गत वर्ष की 19.3 प्रतिशत की अपेक्षा अधिक थी। खाद्यान्नों में हुए रिकार्ड उत्पादन की वजह से खाद्यान्नों की वसूली के कार्यों में लायी गयी तेजी के परिप्रेक्ष्य में 29 जून 1984 को बकाया खाद्य ऋण अपनी एक नयी पराकाष्ठा पर पहुंच गया, जो 5,233 करोड़ रुपये था। वर्ष के दौरान खाद्य ऋण में 1,644 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जबकि गत वर्ष यह वृद्धि 764 करोड़ रुपये की थी। खाद्येतर ऋण में 5408 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जो 1982-83 की 5,062 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में अधिक थी। तथापि, प्रतिशत की दृष्टि से देखा जाये, तो वृद्धि दर 1982-83 के 18.5 प्रतिशत से घटकर 1983-84 में 16.7 प्रतिशत रह गयी। 1983 के पूरे कम कामकाज के समय (मई-अक्तूबर) में खाद्येतर ऋण में 1,627 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जो कम कामकाज की

Demand and Time Deposits

(Rs. crores)

Quarter	Growth in demand deposits		Growth in time deposits	
	1982-83	1983-84	1982-83	1983-84
July-September	–177	56	1,614	1,940
October-December	2,012	1,409	2,501	3,044
January-March	-906	-312	186	360
April-June	217	584	2,464	2,732
Total (July-June)	1,146	1,737	6,765	8,076
	(12.7)	(17.0)	(18.2)	(18.4)

Trends in Credit

2.7 The expansion in bank credit during the year was larger than in 1982-83. In absolute terms, bank credit expanded by Rs.7,052 crores as against Rs.5,826 crores in 1982-83 (Table 2.1); the growth rate of 19.6 per cent during the year was also marginally higher than 19.3 per cent in the previous year. Reflecting the momentum in food procurement operations in the wake of a record output of foodgrains, outstanding food credit touched a new high of Rs.5,233 crores as on June 29, 1984. The expansion in food credit during the year was Rs.1,644 crores as compared to Rs.764 crores in the previous year. The rise in non-food credit at Rs.5,408 crores was larger than that of Rs.5,062 crores in 1982-83. In percentage terms, however, its growth rate declined from 18.5 per cent in 1982-83 to 16.7 per cent in 1983-84. For the 1983 slack season (May-October) as a whole, non-food credit expansion at Rs.1,627 crores was higher than the growth of Rs.1,384 crores in the previous slack season. As the deposit growth during the 1983 slack season was also larger than that of the 1982 slack season, incre-

गत अवधि में हुई 1,384 करोड़ रुपये की वृद्धि की अपेक्षा अधिक थी । चूंकि1983 के कम कामकाज के समय के दौरान जमाराशियों में हुई वृद्धि भी 1982 के कम कामकाज के समय की अपेक्षा अधिक थी अतः 1983 के कम कामकाज के समय के दौरान वृद्धिशील खाद्येतर ऋण जमा राशि का अनुपात 32.9 प्रतिशत आंका गया, जो 1982 के कामकाज के समय 36.6 प्रतिशत की तुलना में काफी कम था । अधिक कामकाज के समय (नवम्बर 1983-अप्रैल 1984) के दौरान खाद्येतर ऋण में 3,422 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जबकि गत वर्ष अधिक कामकाज के समय में 3,395 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी । 1983-84 के अधिक कामकाज के समय वृद्धिशील खाद्येतर ऋण-जमा अनुपात 87.6 प्रतिशत हुआ, जबकि गत वर्ष के अधिक काम्काज के दौरान यह अनुपात 90.1 प्रतिशत था । 1984 के कम कामकाज के समय के 2 महीनों मई-जून 1984 के दौरान खाद्येतर ऋणों में 446 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जबकि 1983 के इन्हीं दो महीनों में 87 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई । 29 जून 1984 को वृद्धिशील खाद्येतर ऋण-जमा अनुपात 59.2 प्रतिशत था, जो एक साल पहले के अनुपात से 0.8 प्रतिशत कम था ।

mental non-food credit-deposit ratio during the 1983 slack season worked out to 32.9 per cent which was lower than that of 36.6 per cent in the 1982 slack season. During the busy season (November 1983 - April 1984), there was a marginally larger expansion of Rs.3,422 crores in non-food credit, compared to Rs.3,395 crores in the previous busy season. The incremental non-food credit-deposit ratio in the 1983-84 busy season came to 87.6 per cent as against 90.1 per cent in the busy season of last year. During the two months of the 1984 slack season (May-June 1984), there was a rise of Rs.446 crores in non-food credit as against an increase of Rs.87 crores in the corresponding two months of 1983. The non-food credit-deposit ratio as on June 29, 1984 at 59.2 per cent was lower by 0.8 percentage point than that a year ago.

निवेश और नकदी शेष की प्रवृत्तियां

2.8 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने 1983-84 में अपने निवेश संविभागों में 3,237 करोड़ रुपये (16.2 प्रतिशत) की वृद्धि की, जबकि 1982-83 के दौरान उनमें 3,025 करोड़ रुपये (17.9 प्रतिशत) की वृद्धि की गयी थी । उनकी हाथ में नकदी और रिज़र्व बैंक में जमाराशि में 3,129 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जबकि गत वर्ष के दौरान उसमें 385 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी । इसका मुख्य कारण यह था कि 1983-84 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को प्रारक्षित नकदी अनुपात का बढ़ा हुआ स्तर बनाये रखना था जो 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत (29 जुलाई 1983), फिर 8.5 प्रतिशत (27 अगस्त 1983) और

Trends in Investments and Cash Balances

2.8 Scheduled commercial banks augmented their investment portfolio by Rs.3,237 crores (16.2 per cent) in 1983-84 compared with Rs.3,025 crores (17.9 per cent) during 1982-83. Their cash in hand and balances with the Reserve Bank increased sharply by Rs.3,129 crores as against a rise of Rs.385 crores in the previous year. This was mainly due to the fact that during 1983-84, the scheduled commercial banks were required to comply with the enhanced level of Cash Reserve Ratio which was raised from 7.5 per cent to 8 per cent (July 29, 1983), to 8.5 per cent (August 27, 1983) and 9 per cent (February 4, 1984). In addition. banks were

फिर 9 प्रतिशत (4 फरवरी 1984) कर दिया गया था। इसके अलावा बैंकों द्वारा उनके 11 नवम्बर 1983 के स्तर से मांग और मीयादी देयताओं में हुई वृद्धि के 10 प्रतिशत का अतिरिक्त दैनिक औसत 12 नवम्बर 1983 से रिज़र्व बैंक के पास बनाये रखना था।

required to maintain with the Reserve Bank from November 12, 1983 an additional average daily balance of 10 per cent of the increase in their demand and time liabilities over the November 11, 1983 level.

बैंकों को रिज़र्व बैंक की सहायता

2.9 वर्ष के दौरान बैंकों को दी जानेवाली पुनर्वित्त सुविधाओं में रिज़र्व बैंक ने कुछ परिवर्तन किये। वर्ष के दौरान 100 प्रतिशत खाद्य ऋण पुनर्वित्त के लिए अधिकतम सीमा दो बार बढ़ायी गयी। बैंकों को उनके निर्यात ऋण में वृद्धि करने के लिए प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से निर्यात ऋण पुनर्वित्त से संबंधित फार्मूले को उदार बनाया गया। इसके अलावा बैंकों को सूचित किया गया कि समय-समय पर प्रारक्षित निधि अपेक्षाओं में वृद्धि करने के संदर्भ में अलग-अलग बैंकों द्वारा महसूस की जा रही चलनिधि समस्याओं के लिए गुणवत्ता के आधार पर अल्पावधि के लिए विवेकपूर्ण पुनर्वित्त की व्यवस्था की जायेगी। रिज़र्व बैंक द्वारा वर्ष के दौरान दी गई सहायता की प्रवृत्तियों की समीक्षा नीचे की गयी है।

2.10 **खाद्य ऋण पुनर्वित्त** : जून 1983 के अंतिम शुक्रवार को बैंक 1,087 करोड़ रुपये तक के खाद्य पुनर्वित्त के हकदार थे, जिसमें से केवल 113 करोड़ रुपये (या 10.4 प्रतिशत) का ही इस्तेमाल किया गया। 1983-84 के दौरान, 29 जून 1984 को खाद्य पुनर्वित्त सीमा 1,933 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर तक पहुंच गयी और उसी तारीख को बकाया उच्चतम पुनर्वित्त की राशि 885 करोड़ रुपये या सीमा की 46 प्रतिशत थी। 30 मार्च 1984 को इस्तेमाल की गई राशि की सीमाओं के अनुपात के रूप में यह 30 मार्च को सबसे अधिक थी, जबकि बैंकों द्वारा 66 प्रतिशत सीमाओं का इस्तेमाल किया गया

Reserve Bank Accommodation to Banks

2.9 During the year, certain changes were made by the Reserve Bank in the refinance facilities to banks. The cut-off point for providing 100 per cent food credit refinance was raised twice during the year. The formula in respect of export credit refinance was liberalised significantly with a view to providing incentives to the banks to increase their export credit. Besides, banks were advised that individual banks facing liquidity problems in the context of increased reserve requirements would be provided discretionary refinance on merits for short periods. The accommodation provided by the Reserve Bank during the year is reviewed below.

2.10 *Food Credit Refinance* : As on the last Friday of June 1983, banks were entitled to food refinance limits of Rs.1,087 crores, of which only Rs.113 crores (or 10.4 per cent) was utilised. During 1983-84, the banks' food refinance limits reached a peak level of Rs.1,933 crores on June 29, 1984 and the peak outstanding refinance amounted to Rs.885 crores or 46 per cent of the limits on the same date. Utilisation as a proportion of limits was at the peak level on March 30, 1984, when 66 per cent of the limits were utilised by banks.

1

अनुसूचित वाणिज्य बैंक-चुनी हुई मदें
SCHEDULED COMMERCIAL BANKS - SELECTED ITEMS

(अन्तिम शुक्रवार को) (AS ON LAST FRIDAY)

करोड़ रुपये
CROES OF RUPEES



2

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के नकदी, निवेश और ऋण-जमा अनुपात
SCHEDULED COMMERCIAL BANKS' CASH, INVESTMENTS AND CREDIT-DEPOSIT RATIOS

(अन्तिम शुक्रवार को) (AS ON LAST FRIDAY)



3

सकल बैंक ऋण का क्षेत्रवार वितरण 1982-83 और 1983-84 के दौरान घट-बढ़
SECTORAL DEPLOYMENT OF GROSS BANK CREDIT VARIATIONS DURING 1982-83 AND 1983-84

(अप्रैल — मार्च) (APRIL-MARCH)



2.11 निर्यात ऋण पुनर्वित्त : 25 नवम्बर 1983 से टू-टीयर पुनर्वित्त फार्मूले के स्थान पर एक समान दर का फार्मूला अपनाया गया। तदनुसार बैंक 1982 के लिए मासिक औसत स्तर पर निर्यात ऋण में वृद्धि के 125 प्रतिशत की सीमा तक निर्यात पुनर्वित्त प्राप्त करने के हकदार थे। पुनर्वित्त फार्मूले को उदार बना दिये जाने से नवम्बर 1983 के अन्त से बैंकों की निर्यात ऋण पुनर्वित्त सीमाएं बढ़ गयी। उच्चतम सीमाएं 22 जून 1984 को 680 करोड़ रुपये थीं। इस वर्ष बकाया राशि की उच्चतम सीमा 29 जून 1984 को 358 करोड़ रुपये थी। वर्ष 1983-84 (जुलाई-जून) के दौरान बैंकों की निर्यात ऋण पुनर्वित्त सीमाओं में 517 करोड़ रुपये की तीव्र वृद्धि हुई और इस संबंध में बकाया राशि में 325 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी।

2.11 *Export Credit Refinance :* With effect from November 25, 1983, the two-tier refinance formula was replaced by a formula with a uniform rate. Accordingly, banks were entitled to export refinance to the extent of 125 per cent of the increase in export credit over the monthly average level for 1982. With the liberalisation of the refinance formula, banks' export credit refinance limits increased from the end of November 1983. The peak limits amounted to Rs.680 crores as on June 22, 1984. The peak level outstanding touched during the year was Rs.358 crores as on June 29, 1984. Over the year 1983-84 (July-June) banks' export credit refinance limits increased sharply by Rs.517 crores and the amount outstanding by Rs.325 crores.

2.12 **उद्यत पुनर्वित्त** : जून 1983 के अंतिम शुक्रवार को बैंकों को मंजूर की गई उद्यत पुनर्वित्त सीमाएं 20 करोड़ रुपये थीं जिसमें से उस तारीख तक कोई भी बकाया राशि नहीं थी। लेकिन उसके बाद सीमाओं की राशि में गिरावट आयी और अक्तूबर-दिसंबर 1983 की तिमाही के दौरान उद्यत पुनर्वित्त सीमाएं शून्य थीं। जनवरी 1984 के बाद बैंकों को एक बार फिर उद्यत पुनर्वित्त सीमायें मंजूर की गयीं और मंजूर की गई अधिकतम राशि 23 मार्च 1984 को 59 करोड़ रुपये थी। जहां तक उसके इस्तेमाल किए जाने का सम्बन्ध है, 16 मार्च, 1984 तक बैंकों ने अपनी 39 करोड़ रुपये की उद्यत पुर्नवित्त सीमाओं का पूर्णरूप से इस्तेमाल किया। 1983-84 के दौरान, बैंकों को मंजूर की गई उद्यत पुनर्वित्त सीमाएं जून 1983 के अंतिम शुक्रवार के 20 करोड़ रुपये से गिरकर जून 1984 के अन्तिम शुक्रवार को 5 करोड़ रुपये रह गई, और उस तारीख को किसी भी तरह की बकाया राशि नहीं थी।

2.12 *Stand-by Refinance :* The stand-by refinance limits sanctioned to banks as on the last Friday of June 1983, amounted to Rs.20 crores against which there were no outstandings as on that date. The amount of the limits declined thereafter and during the quarter October-December 1983, the stand-by refinance limits were nil. From January 1984 onwards banks were once again sanctioned stand-by refinance limits and the peak sanction amounted to Rs.59 crores as on March 23, 1984. As regards utilisation, the banks had fully utilised their stand-by refinance limits of Rs.39 crores as on March 16, 1984. During 1983-84, the amount of stand-by refinance limits sanctioned to the banks declined from Rs.20 crores as on the last Friday of June 1983 to Rs.5 crores as on the last Friday of June 1984, with no outstanding on that date.

2.13 **विवेकाधीन पुनर्वित्त** : विभिन्न अवसरों पर,

2.13 *Discretionary Refinance :* On the

जब प्रारक्षित आवश्यकताओं में वृद्धि की गई, तो बैंकों को सूचित किया गया था कि किसी बैंक की जितनी चलनिधि समस्यायें होंगी, उसे उतनी सीमा तक गुणवत्ता के आधार पर अल्पावधि ऋण के लिए विवेकाधीन पुनर्वित्त दिया जाएगा। तदनुसार, जनवरी 1984 के मध्य से कुछ बैंकों को विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमाएं मंजूर की गयीं। मंजूर की गई अधिकतम राशि 18 मई, 1984 को 187 करोड़ रुपये थी और उसमें से इस्तेमाल की गई अधिकतम राशि 11 मई 1984 को 137 करोड़ रुपये थी। 1983-84 के दौरान, विवेकाधीन पुनर्वित्त की राशि, जून 1983 के अंतिम शुक्रवार के 20 करोड़ रुपये से बढ़कर जून 1984 के अंतिम शुक्रवार को 128 करोड़ रुपये हो गई थी। अलबत्ता, वर्ष के दौरान, बकाया राशि शून्य से बढ़कर 122 करोड़ रुपये हो गयी।

occasions when the reserve requirements were raised, banks were advised that to the extent the individual banks faced liquidity problems, such banks would be provided, on merits, discretionary refinance for short periods. Accordingly, some banks were sanctioned discretionary refinance limits since the middle of January 1984. The maximum amount sanctioned was Rs.187 crores as on May 18, 1984 and the maximum amount of utilisation was Rs.137 crores as on May 11, 1984. During 1983-84, the amount of discretionary refinance increased from Rs.20 crores as on the last Friday of June 1983 to Rs.128 crores as on the last Friday of June 1984. Over the year, outstanding amount, however, increased from nil to Rs.122 crores.

2.14 **समग्र स्थिति :** अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक से पुनर्वित्त की विभिन्न सुविधाओं के अन्तर्गत उपलब्ध कुल सीमाओं की राशि (जहाजरानी ऋण और शुल्क वापसी पर विशेष पुनर्वित्त को छोड़कर) में 1983-84 के दौरान 1,457 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जबकि गत वर्ष 1982-83 के दौरान 777 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी (सारणी 2.2 देखें)। जून 1984 के अन्त तक बकाया पुनर्वित्त की कुल राशि 1,365 करोड़ रुपये थी, जबकि एक वर्ष पूर्व यह राशि 146 करोड़ रुपये थी।

2.14 *Overall Position :* The total of limits available under various RBI refinance facilities to scheduled commercial banks (excluding special refinance against shipping loans and duty draw-back) increased by Rs.1,457 crores during 1983-84 as against an increase of Rs.777 crores during 1982-83 (vide Table 2.2). The total refinance outstanding as at end-June 1984 aggregated Rs.1,365 crores as compared with Rs.146 crores a year before.

ऋण नीति

2.15 **समग्र दृष्टि कोण :** 1983-84 के दौरान ऋण नीति के अन्तर्गत इन बातों पर मुख्य बल देना जारी रखा गया – सभी उत्पादन कार्यकलापों को पूरा समर्थन देना और चलनिधि की वृद्धि को नियमित रखना। यद्यपि, 1983 के कम कामकाज के समय के दौरान प्रारक्षित नकदी अनुपात और खाद्य पुनर्वित्त के लिए निर्धारित अधिकतम सीमा दोनों में वृद्धि की गई थी, लेकिन प्रारक्षित मुद्रा में भारी वृद्धि और मूल्य वृद्धि

Credit Policy

2.15 *Overall Approach:* The basic tenet of credit policy during 1983-84 continued to be one of fully supporting all productive activities and regulating the growth of liquidity. Although both the cash reserve ratio and the cut-off point for food refinance had been raised during the 1983 slack season, the large expansion of reserve money and the deteriorating price situation continued to cause concern and hence further measures

की विकट स्थिति चिंताजनक बनी रही और इसलिए, चलनिधि की वृद्धि में कमी लाने के लिए अतिरिक्त उपाय करने पड़े थे। तदनुसार, प्रारक्षित नकदी अनुपात में अगस्त 1983, नवम्बर 1983 और फरवरी, 1984 में फिर से वृद्धि की गई और खाद्य पुनर्वित्त के लिए निर्धारित अधिकतम सीमा में भी नवम्बर 1983 में और वृद्धि की गई। 1984 में कम कामकाज के समय के लिए ऋण नीति की घोषणा मौद्रिक और ऋण स्थिति में पुनः तालमेल रखने के परिप्रेक्ष्य में 30 अप्रैल, 1984 को की गई, जिसमें चलनिधि की वृद्धि दर में कमी लाने और प्रत्याशित मुद्रास्फीति को रोकने पर बल दिया गया। चलनिधि को नियमित करने और महत्वपूर्ण सरकारी क्षेत्र के निवेश के लिए संसाधन जुटाने की दृष्टि से राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि सांविधिक चलनिधि अनुपात में एक प्रतिशत की वृद्धि की जाये और 1984-85 के अधिक कामकाज के समय के आरंभ होने से पहले अवरुद्ध नकदी शेष के एक हिस्से को जारी कर दिया जाये। वर्ष के दौरान किये गये नीतिगत उपाय नीचे दिये गऐ हैं।

had to be taken to curtail the growth of liquidity. Accordingly, the cash reserve ratio was again raised in August 1983, November 1983 and February 1984; the cut-off point for food refinance was also further enhanced in November 1983. The credit policy for the slack season of 1984 announced on April 30, 1984 against the backdrop of the then obtaining monetary and credit situation emphasised the need for moderating the rate of growth of liquidity and curbing inflationary expectations. With a view to regulating liquidity and providing resources for vital public sector investment, within the framework of national priorities, it was decided to raise the statutory liquidy ratio (SLR) by one percentage point and to release a part of the impounded cash balances before the onset of the 1984-85 busy season. The policy measures taken during the year are indicated below.

अगस्त 1983 में किये गये उपाय

2.16 जैसा कि पहले बताया गया है अप्रैल 1983 में

August 1983 measures

2.16 It may be recalled that in April 1983

सारणी 2.2 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक की सहायता

(जहाजरानी ऋण और शुल्क वापसी पर विशेष पुनर्वित्त को छोड़कर)

(करोड़ रुपये)

निम्नलिखित के अंतिम शुक्रवार को	खाद्य पुनर्वित		निर्यात पुनर्वित		उद्यत पुनर्वित		विवेकाधीन पुनर्वित		कुल पुनर्वित	
	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया
मार्च 1983	540.1	356.6	123.1	85.4	15.0	15.0	–	–	678.2	457.0
जून 1983	1,086.5	112.9	161.2	33.4	20.0	–	20.0	–	1287.7	146.3
मार्च 1984	729.8	483.1	450.7	345.4	44.0	4.0	138.0	107.0	1,362.5	939.5
जून 1984	1,932.8	885.0	678.6	358.0	5.0	–	128.0	121.5	2,744.4	1,364.5

यह निर्णय लिया गया था कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का प्रारक्षित नकदी अनुपात दो चरणों में 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 मई 1983 से 7.5 प्रतिशत और 29 जुलाई 1983 से 8 प्रतिशत कर दिया जाये ताकि बैंकिंग तंत्र में अतिरिक्त चलनिधि पर रोक लगायी जा सके। प्रारक्षित मुद्रा के विस्तार और जमाराशि में भारी वृद्धि जारी रहने की स्थिति को देखते हुए प्रारक्षित नकदी अनुपात 27 अगस्त 1983 से प्रारंभ सप्ताह से 1/2 प्रतिशत और बढ़ाकर 8.5 प्रतिशत कर दिया गया ताकि कम कामकाज के समय में बैंकिंग मंत्र की अतिरिक्त चलनिधि की कारगर व्यवस्था की जा सके।

it was decided to raise the cash reserve ratio (CRR) of scheduled commercial banks from 7 per cent to 8 per cent in two stages – 7.5 per cent effective from May 27, 1983 and 8 per cent effective from July 29, 1983, so as to curb excess liquidity in the banking system. In view of the continued large expansion of reserve money and deposit growth, the CRR was further raised by one half of one percentage point to 8.5 per cent with effect from the week beginning August 27, 1983, so as to enable an effective management of excess liquidity of the banking system in the slack season.

अक्तूबर 1983 में किये गये उपाय

2.17 1983-84 के अधिक कामकाज के समय के लिए 20 अक्तूबर 1983 को रिज़र्व बैंक द्वारा जिस ऋण नीति की घोषणा की गई; वह उस समय की आर्थिक स्थिति के मूल्यांकन के संदर्भ में बनायी गई थी। जहां अनुकूल मौसम की वजह से खरीफ की भारी फसल हुई, वहां औद्योगिक उत्पादन में कोई उत्साहजनक वृद्धि नहीं हुई। फिर भी, 1983-84 के उत्तरार्ध में कृषि उत्पादन में तीव्र वृद्धि के कारण औद्यौगिक उत्पादन में पुनः वृद्धि होने की आशा

October 1983 measures

2.17 Credit policy for the 1983-84 busy season announced by the Reserve Bank on October 20, 1983 was formulated in the context of an assessment of the economic scene at that time. While a bumper kharif crop was on the anvil due to favourable monsoon, industrial production had not shown signs of strong revival. However, a sharp increase in agricultural output was expected to strengthen the industrial recovery in the second half of 1983-84. Thus, the overall

TABLE 2.2 : RBI ACCOMMODATION TO SCHEDULED COMMERCIAL BANKS

(Excluding special refinance against shipping loans and duty drawback)

(Rs. Crores)

Last Friday of	Food Refinance		Export Refinance		Stand-by Refinance		Discretionary Refinance		Total Refinance	
	Limit	Out-standing	Limit	Out-standing	Limit	Out-standing	Limit	Out-standing	Limit	Out-standing
March 1983	540.1	356.6	123.1	85.4	15.0	15.0	—	—	678.2	457.0
June 1983	1,086.5	112.9	161.2	33.4	20.0	—	20.0	—	1,287.7	146.3
March 1984	729.8	483.1	450.7	345.4	44.0	4.0	138.0	107.0	1,362.5	939.5
June 1984	1,932.8	885.0	678.6	358.0	5.0	—	128.0	121.5	2,744.4	1,364.5

बंधी । अतः उस समय अर्थव्यवस्था में समग्र वृद्धि की दर 6 से 7 प्रतिशत आंकी गयी । साथ ही, 1983-84 (सितंबर के अंत तक) के दौरान अर्थव्यवस्था में समग्र चलनिधि (एम3) की वृद्धि दर भी गत वर्ष की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक थी । यद्यपि वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण पण्यों के मूल्यों की वृद्धि में कुछ नरमी आयी फिर भी सितम्बर 1983 के अंत तक मुद्रास्फीति की दर लगभग 10 प्रतिशत थी, जबकि गत वर्ष यह दर 2 प्रतिशत से भी कम थी । इसलिए 1983-84 में समग्र चलनिधि की वृद्धि दर में कमी करना, वास्तविक उत्पादन आवश्यकताओं के लिए ऋण मांगें पर्याप्त रूप से पूरी करना सुनिश्चित करते हुए आवश्यक समझा गया ।

2.18 इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, बकाया खाद्य ऋण की अधिकतम सीमा, जिस पर 100 प्रतिशत पुनर्वित्त उपलब्ध था, को 2,800 करोड़ रुपये से बढ़ाकर (1 जुलाई 1983 से लागू) 25 नवम्बर 1983 से 3,300 करोड़ रुपये कर दिया गया । * निर्यात पुनर्वित्त बैंकों को पहले टू-टीयर फार्मूले के अन्तर्गत दिया जा रहा था और बैंक निर्यात ऋण में 1981 के मासिक औसत स्तर में 1980 के मासिक औसत स्तर से वृद्धि के 50 प्रतिशत के बराबर और 1981 में निर्यात ऋण के मासिक औसत स्तर में हुई वृद्धि के 100 प्रतिशत तक के बराबर पुनर्वित्त के पात्र थे । निर्यात ऋण में वृद्धि करने के लिए बैंकों को भारी प्रोत्साहन देने की दृष्टि से, टू-टीयर फार्मूले को 25 नवम्बर, 1983 से बदल दिया गया और उसके स्थान पर एक ऐसा फार्मूला तैयार किया गया जिसके अंतर्गत वर्ष 1982 के मासिक औसत स्तर से निर्यात ऋण में हुई वृद्धि की 125 प्रतिशत की एकसमान दर पर पुनर्वित्त देने की व्यवस्था है ।

* यह अधिकतम सीमा 28 सितम्बर 1984 से और बढ़ा कर 4,000 करोड़ रुपये कर दी गयी ।

growth rate in the economy was at that time reckoned to be of the order of 6 to 7 per cent. At the same time, the rate of growth of overall liquidity (M_3) in the economy in 1983-84 (upto the end of September) had also been larger than in the previous year. Though there was some abatement in the pace of increase in prices of vital commodities the year over year, rate of inflation at the end of September 1983 was around 10 per cent as compared with a rate of less than 2 per cent in the previous year. It was, therefore, considered necessary to curtail the growth of overall liquidity in 1983-84 while ensuring that the credit demands for genuine productive requirements were fully met.

2.18 In pursuance of these objectives, the cut-off point of outstanding food credit at which 100 per cent refinance became available was raised from Rs.2,800 crores (effective July 1, 1983) to Rs.3,300 crores with effect from November 25, 1983.* Export refinance was earlier being provided to banks under a two-tier formula and the entitlements were equivalent to 50 per cent of the increase in export credit over the monthly average level of 1980 upto the monthly average level of 1981 *plus* 100 per cent of the increase over the monthly average level of export credit in 1981. With a view to providing a strong incentive to banks to expand export credit, the two-tier refinance formula was replaced, with effect from November 25, 1983 by a formula under which refinance is provided at a uniform rate of 125 per cent of the increase in export credit over the monthly average level for 1982.

* The cut-off point was further raised to Rs.4,000 crores with effect from September 28, 1984.

2.19 1983-84 के अधिक कामकाज के समय के लिए ऋण नीति में शामिल किए गए कुछ और महत्वपूर्ण उपाय नीचे दिये गये हैं :-
(1) कुछेक महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों, जिनमें पूंजीगत माल भी शामिल है, को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से, राज्य विद्युत बोर्डों और राज्य सड़क परिवहन निगमों के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के पुनर्भुनाई बिलों से संबंधित सुविधा की मात्रा 100 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 150 करोड़ रुपये कर दी गयी और यह सुविधा जून 1984 के अंत तक के लिए बढ़ा दी गयी, (2) ऋण प्राधिकरण योजना के अंतर्गत आनेवाली पार्टियों के लिए अधिकतम ऋण सीमा 3 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 4 करोड़ रुपये कर दी गयी, ताकि ऋण सीमाओं की मंजूरी देने की गति को और तेज किया जा सके, (3) नये 20 सूत्री कार्यक्रम के उद्देश्यों को और सोद्देश्य बनाने के लिए और ऋण नीति के पुनर्वितरण संबंधी कार्यों को सुदृढ़ करने के लिए, निम्नलिखित के लिए ब्याज दरों को कम किया गया। (i) किसानों को चुनिंदा अल्पावधि ऋण, और (ii) तिलहनों का कारोबार करनेवाली सरकारी एजेन्सियों के मूल्य समर्थन कार्यों के लिए ऋण, (4) सड़क परिवहन परिचालकों के मामले में ब्याज की रियायती दर पर ऋण की पात्रता को व्यापक बनाया गया, ताकि वाणिज्यिक वाहन उद्योग के विकास में सहायता मिल सके और छोटे सड़क परिवहन परिचालकों को भी और सहायता प्राप्त हो सके।

2.19 The other measures incorporated in the credit policy for the 1983-84 busy season were as follows: (1) With a view to further stimulating certain vital industrial sectors, including capital goods, the size of IDBI bills rediscounting facility for State Electricity Boards (SEBs) and State Road Transport Corporations (SRTCs) was increased from Rs.100 crores to Rs.150 crores and the facility was extended upto the end of June 1984; (2) The cut-off point for parties covered under the Credit Authorisation Scheme (CAS) for working capital limits was raised from Rs.3 crores to Rs.4 crores with a view to facilitating more expeditious sanction of credit limits; (3) In order to provide a more purposeful thrust to the objectives of the New 20-Point Programme and to strengthen the redistributive effect of credit policy, interest rates were lowered in respect of (i) select short-term loans to farmers, and (ii) loans for price support operations of Government agencies in oilseeds, and (4) the eligibility for credit at a concessional rate of interest in case of road transport operators was widened to provide an added stimulus to the growth of the commercial vehicles industry and also to further help the small road transport operators.

2.20 बैंकों को सूचित किया गया कि वे अपने कार्यों का मूल्यांकन करें। साथ ही समग्र प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के लक्ष्य तथा मार्च 1985 और मार्च 1987 तक कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रत्यक्ष वित्त के संबंध में कुल ऋण के क्रमशः 15 प्रतिशत तथा 16 प्रतिशत उपलक्ष्यों और मार्च 1985 तक कमजोर वर्गों के लिए वितरित किये जानेवाले कुल बैंक ऋण के 10 प्रतिशत या प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का 25 प्रतिशत प्राप्त करने के लिए भी कहा गया। यद्यपि एकीकृत

2.20 Banks were asked to assess their own performance *vis-a-vis* the overall priority sector targets and in particular the sub-targets of 15 per cent and 16 per cent of total credit in respect of direct finance to agriculture including allied activities to be achieved by March 1985 and March 1987, respectively, and 25 per cent of priority sector advances or 10 per cent of total bank credit to be disbursed to the weaker sections by March 1985. Although the banks' performance

ग्रामीण विकास कार्यक्रम अंतर्गत बैंकों के कार्य निष्पादन में सुधार हुआ, फिर भी उनको यह सूचित किया गया उन्हें इस क्षेत्र में तथा नये बीस सूत्री कार्यक्रम को लागू करने में बैंकिंग तंत्र को सौंपे गये कार्यों को पूरा किये जाने की दिशा में और प्रगति दर्शानी होगी। बैंकों को भी यह भी सूचित किया कि वे शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वनियोजन प्रदान करने से संबंधित नयी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने तथा उनपर नजर रखने संबंधी कार्य आरंभ करें। छोटे उधारकर्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इसके अतिरिक्त बैंकों को यह भी कहा गया कि वे मझौले और बड़े उद्योग क्षेत्रों में अपने घटकों पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करें, ताकि लघु उद्योग में आपूर्तिकर्ताओं को देय भुगतानों में विलम्ब न होने की बात सुनिश्चित की जा सके।

under the Integrated Rural Development Programme had improved, it was impressed on them that further progress would have to be achieved in this area as also in the tasks assigned to the banking system in the implementation of the New 20-Point Programme. The banks were advised to undertake effective implementation and monitoring of the new scheme for providing self-employment to the educated unemployed youth. The need for special attention to the requirements of small borrowers was also emphasised. Besides, banks were asked to use their influence with their constituents in the medium and large industry sector to ensure that payments due to suppliers in the small-scale industry were not delayed.

नवम्बर 1983 में किये गये उपाय

2.21 बैंकिंग तंत्र में अत्यधिक चलनिधि तथा मूल्यों में लगातार वृद्धि के संदर्भ में इस आवश्यकता को महसूस किया गया कि बैंकिंग तंत्र की चलनिधि को और कम किया जाये। जमा वृद्धि और ऋण विस्तार के बीच बेहतर तालमेल प्राप्त करने की दृष्टि से वृद्धिशील प्रारक्षित नकदी अनुपात नियत वृद्धि करना आवश्यक समझा गया। अतः12 नवंबर 1983 से प्रारंभ सप्ताह से बैंकों से यह अपेक्षा की गयी वे अपनी निवल मांग तथा मीयादी देयताओं में 11 नवंबर 1983 के स्तर से हुई वृद्धि के 10 प्रतिशत के बराबर वृद्धिशील प्रारक्षित नकदी अनुपात रखेंगे। इसके बाद भी रिज़र्व बैंक के विचार में उत्पादन वृद्धि में सहायता देने के लिए अधिक कामकाज के समय के दौरान पर्याप्त ऋण प्रदान करने में बैंकों को किसी प्रकार की कठिनाई होने की संभावना नहीं थी।

November 1983 Measure

2.21 In the context of continued excess liquidity in the banking system and rising prices, the need was felt to further immobilise liquidity of the banking system. With a view to achieving a better alignment between deposit growth and credit expansion, an incremental cash reserve ratio was stipulated. Banks were required to maintain, with effect from the week beginning November 12, 1983, an incremental cash reserve ratio of 10 per cent of the increase in net demand and time liabilities over the level as on Friday, November 11, 1983. Even after this, in the Reserve Bank's view, banks were not expected to have any difficulty in providing adequate credit during the busy season to support the acceleration of output.

जनवरी 1984 में किये गये उपाय

2.22 वित्तीय वर्ष 1983-84 (जनवरी 1984 के

January 1984 Measures

2.22 The growth of reserve money in the

शुरू तक)में प्रारक्षित मुद्रा में वृद्धि जारी रही और संपूर्ण अर्थ में यह वृद्धि 1982-83 के पूर्ण वित्तीय वर्ष में हुई वृद्धि के लगभग दुगुनी के बराबर थी औरमुद्रास्फीति की दर भी वर्ष से 10 प्रतिशत से अधिक थी। इन गतिविधियों के परिप्रेक्ष्य में बैंकिंग तंत्र की चलनिधि को इस प्रकार से और अधिक निष्क्रिय बनाने की तुरंत आवश्यकता समझी गयी, जिससे अर्थव्यवस्था की उत्पादनकारी क्षमताओं के उपयोग से संबंधित समर्थन के लिए विशेषरूप से प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र की जरूरतों के प्रवाह में कोई बाधा न आये। तदनुसार, 27 जनवरी 1984 को प्रारक्षित नकदी अनुपात में 4 फरवरी 1984 को आरंभ होनेवाले सप्ताह से .5 की और वृद्धि करके उसे 8.5 प्रतिशत से 9 प्रतिशत कर दिया गया।

अप्रैल 1984 में किये गये उपाय

2.23 1983-84 में मौद्रिक और ऋण गतिविधियों और 1984-85 के पूर्वार्द्ध में प्रत्याशित गतिविधियों की पृष्ठभूमि में अप्रैल 1984 के अन्तिम सप्ताह में ऋण नीति की समीक्षा की गई। वर्ष 1984-85 के लिए अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों में, 9,600 करोड़ रुपये (15.9 प्रतिशत) की वृद्धि की परिकल्पना की गई थी और यह आशा की गई थी कि यह वर्ष की दो छमाहियों में समान रूप से वितरित हो सकेगी। तदनुसार बैंकों को सूचित किया गया कि वे वर्ष 1984-85 के पूर्वार्द्ध में जमाराशियों में हुई वृद्धि, जो लगभग 4,800 करोड़ रुपये होगी, के आधार पर अपनी कार्य योजना तैयार करें। अनुमानित जमाराशि-वृद्धि के इस स्तर पर, यह आशा की गई थी कि बैंक, अपनी चलनिधि में लगभग 800 करोड़ रुपये की वृद्धि करने में समर्थ होंगे और फिर भी वर्ष 1984-85 के पूर्वार्द्ध में 1,700 करोड़ रुपये के ऋण विस्तार की व्यवस्था कर सकेंगे।

2.24 वर्ष 1984 की बेहतर रबी फसल को देखते हुए यह आशा की गई थी कि खाद्यान्नों की भारी वसूली की जायेगी और इसीलिए, बैंकिंग तंत्र को यह

financial year 1983-84, (upto early January 1984) continued to be large – in absolute terms it was almost twice as large as the increase in the full financial year 1982-83, and the inflation rate, over the year, was also above 10 per cent. In view of these developments, there was an immediate need for further immobilisation of liquidity of the banking system without, in any way, hindering the seasonal flow of credit for supporting the utilisation of productive potential of the economy, and in particular, the needs of the priority sector. Accordingly, on January 27, 1984, the cash reserve ratio was further raised by one half of one percentage point from 8.5 per cent to 9 per cent with effect from the week beginning February 4, 1984.

April 1984 Measures

2.23 Credit policy was reviewed in the last week of April 1984 against the backdrop of the monetary and credit developments in 1983-84, and the anticipated developments in the first half of 1984-85. A growth of Rs.9,600 crores (15.9 per cent) in scheduled commercial banks' deposits was projected for 1984-85 and it was expected that it would be evenly distributed between the two halves of the year. Accordingly, banks were advised to plan their operations on the basis that the growth of deposits in the first half of 1984-85 would be around Rs.4,800 crores. At this level of estimated deposit growth, it was expected that banks would be able to increase their liquidity by around Rs.800 crores and still provide for a credit expansion of Rs.1,700 crores in the first half of 1984-85.

2.24 In view of the good 1984 rabi crop, food procurement was expected to be sizeable and hence the banking system was advised to make a provision for an increase in

सूचित किया गया कि मार्च 1984 और जून 1984 के बीच की अवधि के दौरान वे खाद्य-ऋण में वृद्धि के लिए 900 करोड़ रुपये का प्रावधान करें और उसके बाद सितम्बर 1984 के अंत तक खाद्य ऋण में लगभग 600 करोड़ रुपये तक की कमी हो जाने की आशा थी। अतः बैंकिंग तंत्र से यह आशा की गई थी कि वे 1984-85 के पूर्वार्द्ध में खाद्य-ऋण में होनेवाली समस्त वृद्धि के लिए वित्तपोषण स्वयं के संसाधनों से कर सकेंगे, यद्यपि खाद्य ऋण में भारी वृद्धि, जो वित्तीय वर्ष के पूर्वार्द्ध की विशेषता होती है, से उत्पन्न कठिनाई हल करने के लिए खाद्य-पुनर्वित्त हमेशा की तरह उपलब्ध कराया जाता रहेगा। फिर भी, अर्थ व्यवस्था में हुए सुधार के परिप्रेक्ष्य में 30 अप्रैल 1984 को निम्नलिखित एकमुश्त उपाय किए गए।

1) सांविधिक चलनिधि अनुपात

2.25 राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण सरकारी क्षेत्र में निवेश संबंधी संसाधन जुटाने की बात को ध्यान में रखते हुए सांविधिक चलनिधि अनुपात कुल मांग और मीयादी देयताओं के 35 प्रतिशत से बढ़ाकर 36 प्रतिशत कर दिया गया। यह वृद्धि दो चरणों में की गयी-28 जुलाई 1984 से 35.5 प्रतिशत और 1 सितम्बर 1984 से 36 प्रतिशत। रिज़र्व बैंक ने बैंकों को आश्वासन दिया है कि विवेकाधीन पुनर्वित्त उन बैंकों को अल्पावधि के लिए गुणवत्ता के आधार पर दिया जायेगा, जिनको इसकी आवश्यकता होगी, ताकि वे उच्चतर प्रारक्षित अपेक्षाओं के लिए समायोजन कर सकें।

2) अवरूद्ध नकदी शेषराशियां जारी करना

2.26 यह उल्लेखनीय है कि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1ए) के अधीन बैंकों द्वारा 14 जनवरी 1977 और 31 अक्तूबर 1980 के बीच वृद्धिशील निवल मांग और मीयादी देयताओं के 10 प्रतिशत के बराबर अतिरिक्त प्रारक्षित नकदी अनुपात रखना होता था। ये नकदी जमाराशियां अवरुद्ध

food credit of about Rs.900 crores between the end of March 1984 and the end of June 1984, after which food credit was expected to decline approximately by Rs.600 crores by the end of September 1984. Thus, the banking system was expected to be able to finance the entire increase in food credit in the first half of 1984-85 out of its own resources, though as usual food refinance would be available to smoothen out the sharp swings in food credit which are characteristic of the first half of the financial year. Against the background of emerging prospects for the economy, the following package of measures was announced on April 30, 1984:

1) *Statutory Liquidity Ratio*

2.25 With a view to providing resources for vital public sector investments within the framework of national priorities, the statutory liquidity ratio (SLR) was raised from 35 per cent to 36 per cent of total demand and time liabilities in two phases – to 35.5 per cent effective from July 28, 1984 and to 36 per cent effective from September 1, 1984. The Reserve Bank assured that discretionary refinance would be provided on merit for short periods to banks needing such assistance to enable them to adjust to the higher reserve requirements.

2) *Release of Impounded Cash Balances*

2.26 It may be recalled that under Section 42(1A) of the Reserve Bank of India Act, 1934, scheduled commercial banks were required to maintain an additional cash reserve ratio of 10 per cent of the incremental net demand and time liabilities accruing between January 14, 1977 and October

कर दी गयी थीं। चूंकि वर्ष में आगे बैंकों के संसाधनों पर एक सीमा तक दबाव पड़ सकता था और वर्ष 1984-85 के अधिक कामकाज के समय के आरंभ होने से पूर्व वे अपने संसाधनों का आबंटन सुचारु रूप से कर सकें, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि बैंकों को अवरुद्ध बकाया राशियों का पांचवां हिस्सा दो समान किस्तों में दिनांक 29 सितम्बर 1984 और 27 अक्तूबर 1984 को जारी कर दिया जाये।* 31 अक्तूबर 1980 को अवरुद्ध बकाया राशि 1,859 करोड़ रुपये की थी अतः लगभग 372 करोड़ रुपये की राशि जारी की जायेगी।

3. मीयादी ऋणों के लिए उच्चतम सीमा बढाना

2.27 ऋण प्राधिकरण योजना के अर्न्तगत न आनेवाली निजी क्षेत्र की पार्टियों के मामले में बैंकों को और अधिक विवेकाधिकार देने की दृष्टि से जिन मीयादी ऋणों के लिए (तीन वर्ष से अधिक के) रिजर्व बैंक से पूर्व प्राधिकार लेना पड़ता था, उनके लिए उच्चतम सीमा 50 लाख से बढाकर एक करोड़ रुपये कर दी गयी।

ऋण बजट

2.28 प्रमुख बैंकों के 1983-84 के लिए ऋण बजट पर जून-जुलाई 1983 में हुई प्रथम चरण की चर्चा के बारे में गत वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था। वर्ष 1983-84 के अधिक कामकाज के समय के लिए 20 अक्तूबर 1983 को घोषित ऋण नीति और नवंबर 1983 में वृद्धिशील प्रारक्षित नकदी अनुपात के निर्धारण के बाद बैंकों से यह अनुरोध किया गया कि वे वर्ष 1983-84 के अपने ऋण बजट में परिशोधन करें और ऋण बजट पर और आगे बातचीत कुछ ही बैंकों के साथ फरवरी/मार्च 1984 में की गयी थी।

* अवरुद्ध नकदी शेष के पांचवें हिस्से को जारी करना एक महीने के लिए स्थगित करने से क्रमशः 27 अक्तूबर 1984 और 1 दिसंबर 1984 कर दी गयी।

31, 1980. These cash balances had remained impounded. Since banks might face some degree of resource constraint as the year progresses as also to enable them to plan their resource allocation in a smooth manner before the onset of the 1984-85 busy season, it was decided to release one-fifth of the impounded balances in two equal instalments, on September 29, 1984 and October 27, 1984.* Since the impounded cash balances as on October 31, 1980 amounted to Rs.1,859 crores, an amount of approximately Rs.372 crores would be released.

3) *Raising of Cut-off Point for Term Loans*

2.27 In order to provide greater discretion to banks in the case of private sector parties not covered by the CAS, the cut-off point for term loans (of over three years) which require prior authorisation by the Reserve Bank, was raised from the level of Rs.50 lakhs to Rs.1 crore.

Credit Budgets

2.124 जनसंख्या समूह के अनुसार वाणिज्य बैंक कार्यालयों से संबंधित आंकड़े सारणी 2.16 में दिये गये हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक कार्यालयों का जो अनुपात जून 1983 के अंत में कुल का 53.9 प्रतिशत था, बढ़कर मार्च 1984 के अंत में 55.6 प्रतिशत हो गया । जून 1969 में यह प्रतिशत 22.1 था ।

Rural Branch Expansion

2.124 Data regarding the commercial bank offices' network according to population groups are given in Table 2.16. The proportion of bank offices in rural areas to the total, which was 53.9 per cent as at the end of June 1983, increased to 55.6 per cent as at the end of March 1984; in June 1969, the percentage was only 22.1.

बैंक रहित खण्ड मुख्यालय

2.125 देश में बैंक रहित खण्ड-मुख्यालयों के रूप में पता लगाये गये 675 केन्द्र में से 617 खण्ड-मुख्यालयों में वाणिज्य बैंकों/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाएं खोली गयी थीं । शेष 58 खण्ड मुख्यालयों में से 50 केन्द्रों के संबंध में बैंकों के पास लाइसेंस विचाराधीन थे । बैंकों ने 8 खण्ड मुख्यालयों में कार्यालय खोलने में कुछ कठिनाइयां व्यक्त की हैं । इनकी मुख्य वजह आधारभूत सुविधाओं का अभाव है । बैंक-रहित खण्ड-मुख्यालयों, जिनमें से अधिकतर उत्तर-पूर्व क्षेत्र में हैं, में कार्यालय खोले जाने के विषय में संबंधित बैंकों/राज्य सरकारों से लिखा-पढ़ी की जा रही है ।

Unbanked Block Headquarters

2.125 Of the 675 centres identified as unbanked block headquarters in the country, 617 block headquarters have since been covered by branches of commercial banks/regional rural banks. Of the remaining 58 block headquarters, licences in respect of 50 were pending with the banks. In respect of eight centres, banks have expressed difficulties in opening their offices mainly on account of lack of infrastructural facilities at these centres. The question of opening of offices at the unbanked block headquarters, the majority of which are in the North-Eastern region, is being pursued with the concerned banks/State Governments.

प्रति वाणिज्य बैंक कार्यालय औसत जनसंख्या

30 जून 1984 को (आंकड़े हजार में)

आंकड़े 1981 की जनगणना पर आधारित हैं

AVERAGE POPULATION PER COMMERCIAL BANK OFFICE

AS ON JUNE 30, 1984 (FIGURES ARE IN THOUSANDS)

DATA ARE BASED ON 1981 CENSUS



वाणिज्य बैंकों के कार्यालयों की संख्या
NUMBER OF OFFICES OF COMMERCIAL BANKS



भारतीय बैंकों का विदेशों में विस्तार

2.126 भारतीय बैंकों द्वारा विदेशी केन्द्रों पर कार्यालय खोलने संबंधी नीति में कोई परिवर्तन नहीं किया गया और भारत में विदेशी मुद्रा के आगमन की संभावनाओं को और बढ़ाने, भारत के विदेशी व्यापार में तरक्की किये जाने और विदेशों में संयुक्त उद्यम स्थापित करने में भारतीय उद्यमियों को सहायता पर जोर देना जारी रखा गया।

Overseas Expansion of Indian Banks

2.126 The policy regarding opening of offices at overseas centres by the Indian banks remained unchanged, with the emphasis continuing on furtherance of the prospects of foreign exchange inflow, promotion of India's foreign trade and assistance to Indian entrepreneurs in setting up joint ventures abroad.

शाखा विस्तार

2.127 1983-84 के दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने 15 जुलाई 1983 को एन्टवर्प में अपनी शाखा खोल कर बेल्जियम में प्रवेश किया। इसके अलावा पंजाब नेशनल बैंक ने बरमिंघम (यू.के.) में 3 अक्तूबर 1983 को अपनी चौथी शाखा और केनरा बैंक ने लंदन (यू.के.) में दिसम्बर 1983 में अपनी पहली शाखा खोली। इस अवधि के दौरान भारतीय स्टेट बैंक को बेरुत में अपना प्रतिनिधि कार्यालय बंद करने की अनुमति दे दी गई। इस तरह, जून 1984 के अंत में 13 भारतीय वाणिज्य बैंकों की 25 देशों में 141 शाखाएं तथा 10 प्रतिनिधि कार्यालय थे जबकि एक वर्ष पहले की स्थिति के अनुसार 138 शाखायें तथा 11 प्रतिनिधि कार्यालय थे।

Branch Expansion

2.127 During 1983-84, State Bank of India established its presence in Belgium by opening its branch in Antwerp on July 15, 1983. Further, Punjab National Bank opened its fourth branch abroad on October 3, 1983 at Birmingham (UK) and Canara Bank opened its first branch in London (UK) in December 1983. During the period, State Bank of India was allowed to close its representative office at Beirut. Thus, as at the end of June 1984, 13 Indian commercial banks had 141 branches in 25 countries and 10 representative offices as compared to 138 branches and 11 representative offices a year ago.

बैंकिंग सहयोगी कम्पनियां/जमा ग्रहण कम्पनियां

2.128 भारतीय बैंकों के सम्पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनियों की विदेशों में संख्या 2 बनी रही। इनमें से एक लॉस एंजेल्स में भारतीय स्टेट बैंक (कैलिफोर्निया) लि. तथा दूसरी कनाडा, टोरंटो में, भारतीय स्टेट बैंक (कनाडा) लि. है। जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था केनरा बैंक को सिंडीकेट बैंक और सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ

Banking Subsidiaries/Deposit Taking Companies

2.128 The number of wholly owned subsidiaries of Indian banks abroad continues to remain at two with State Bank of India's subsidiaries, i.e., State Bank of India (California) Ltd. at Los Angeles and State Bank of India (Canada) Ltd at Toronto in Canada. As mentioned in the last year's Report, Canara Bank has been permitted to set up a Deposit Taking Company at Hongkong jointly with

सारणी 2.16 : वाणिज्य बैंक कार्यालयों का जनसंख्या समूहवार वितरण

(निम्नलिखित के अंत में)

जनसंख्या समूह	जून 1980	कुल का प्रतिशत	जून 1981	कुल का प्रतिशत	जून 1982	कुल का प्रतिशत	जून 1983	कुल का प्रतिशत	जून 1984	कुल का प्रतिशत
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
ग्रामीण	15,101	46,6	17,650	49.4	20.394	52.1	22,678	53.9	24.770	55.6
अर्धशहरी	8,079	24,9	8,426	23.6	8,764	22.4	9,036	21.5	9,205	20,6
शहरी	4,856	15.0	5,126	14.4	5,359	13.7	5,577	13.2	5.696	12.8
महानगरीय पत्तन नगर	4,384	13.5	4,505	12.6	4,660	11.8	4,788	11 4	4,912	11.0
कुल	**32,420**	**100.0**	**35,707**	**100.0**	**42,079**	**100.0**	**44,583**	**100.0**	**44,583**	**100.0**

नोट : ग्रामीण केन्द्र : 10,000 तक की जनसंख्या वाले स्थान। अर्धशहरी केंन्द्र : 10,000 से अधिक और 1,00,000 तक की जनसंख्या वाले स्थान। शहरी केन्द्र : 1,00,000 से अधिक और 10,00,000 तक की जनसंख्यावाले स्थान। महानगरी केंद्र : 10,00,000 से अधिक की जनसंख्या वाले स्थान। यह वर्गीकरण 1971 की जनगणना पर आधारित है।

स्रोत : बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक।

संयुक्त रूप से हांगकांग में जमा ग्रहण करनेवाली कम्पनी स्थापित करने की अनुमति दी गयी है। इसके स्थापित हो जाने पर, भारतीय बैंकों के स्वामित्व वाली जमा ग्रहण करने वाली कम्पनियां की संख्या 3 हो जायेगी। ये तीनों कम्पनियां हांगकांग में स्थित हैं।

Syndicate Bank and Central Bank of India. When established, the number of Deposit Taking Companies owned by Indian banks would increase to three, all based at Hong-kong.

विनिमय कम्पनियों तथा बैंकों के साथ प्रबंध सेवा करार:

2.129 कुछ भारतीय बैंकों ने विदेशों में अपनी शाखायें व परिचालन बढ़ाने के साथ-साथ खाड़ी क्षेत्र में कुछ निजी विनिमय केन्द्रों के साथ प्रबंध सेवा करार भी किये हैं। अप्रैल 1984 के अंत की स्थिति के अनुसार भारतीय बैंकों ने मध्य पूर्व के देशों में विनिमय कम्पनियों के साथ इस प्रकार के दस करार किये थे जबकि जून 1983 के अंत की स्थिति के अनुसार 5 विनिमय कम्पनियों के साथ करार किये गये थे।

Management Service Contracts with Exchange Companies and Banks:

2.129 Besides expanding their overseas presence and operations, some of the Indian banks have also entered into Management Service Contracts with private exchange houses in the Gulf Region. As at the end of April 1984, Indian banks had entered into such contracts with ten exchange companies in the Middle-East as against five exchange companies at the end of June 1983.

भारत में विदेशी बैंक

2.130 जून 1983 के अंत की स्थिति के अनुसार

Overseas Banks in India

2.130 As at the end of June 1983, the

TABLE — 2.16 : POPULATION GROUP-WISE DISTRIBUTION OF COMMERCIAL BANK OFFICES

(As at the end of)

Population Group	June 1980	% To Total	June 1981	% To Total	June 1982	% To Total	June 1983	% To Total	March 1984	% To Total
	1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.
Rural	15,101	46.6	17,650	49.4	20,394	52.1	22,678	53.9	24,770	55.6
Semi-Urban	8,079	24.9	8,426	23.6	8,764	22.4	9,036	21.5	9,205	20.6
Urban	4,856	15.0	5,126	14.4	5,359	13.7	5,577	13.2	5,696	12.8
Metropolitan/ Port Town	4,384	13.5	4,505	12.6	4,660	11.8	4,788	11.4	4,912	11.0
Total	32,420	100.0	35,707	100.0	39,177	100.0	42,079	100.0	44,583	100.0

Note : Rural Centres — Places with population upto 10,000.

Semi-urban Centres — Places with population over 10,000 and upto 1,00,000.

Urban Centres — Places with population over 1,00,000 and upto 10,00,000.

Metropolitan Centres -- Places with population over 10,00,000. The classification is based on 1971 Census.

Source : Department of Banking Operations and Development, RBI.

भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं और प्रतिनिधि कार्यालयों की संख्या क्रमशः 131 और 14 थी। वर्ष के दौरान वेल्स फार्गो बैंक ऑफ यू.एस.ए. ने पहली सितम्बर 1983 से बम्बई में अपना प्रतिनिधि कार्यालय बंद कर दिया जबकि लॉयड्स बैंक इंटरनेशनल लिमि. (यू.के) तथा इर्विंग ट्रस्ट कम्पनी, दोनों ने अक्तूबर 1983 में क्रमशः नई दिल्ली और बम्बई में अपने-अपने प्रतिनिधि कार्यालय खोले। बैंक ऑफ नोवा स्कॉशिया ने बम्बई स्थित अपने प्रतिनिधि कार्यालय का दर्जा बढ़ाकर 14 मई 1984 से अपनी पहली शाखा खोली। ग्रिन्डलेज बैंक ने नवम्बर 1983 में माल, अमृतसर में अपनी शाखा खोली और कटरा अहलूवालिया में अपने वर्तमान कार्यालय को बंद कर दिया। इस तरह जून 1984 के अन्त की स्थिति के अनुसार विदेशी बैंकों की भारतीय शाखाओं और प्रतिनिधि कार्यालयों की संख्या क्रमशः 133 और 14 थी।

number of branches and representative offices of overseas banks functioning in India stood at 131 and 14, respectively. During the year, while Wells Fargo Bank of U.S.A. closed its representative office in Bombay with effect from September 1, 1983, Lloyds Bank International Ltd., (U.K.) and Irving Trust Co. both opened their representative offices in New Delhi and Bombay, respectively, in October 1983. The Bank of Nova Scotia opened its first branch at Bombay on May 14, 1984, by upgrading its representative office. Grindlays Bank opened its Mal Amritsar branch in November 1983 and closed down its existing office at Khatra Ahluwalia. Thus, as at the end of June 1984, the number of Indian branches and representative offices of foreign banks stood at 133 and 14, respectively.

भारतीय बैंकों की विदेशी शाखाओं के लिए संशोधित रिपोर्टिंग प्रणाली

2.131 अधिक कारगर निगरानी और पर्यवेक्षण के उद्देश्य से वर्ष के दौरान भारतीय बैंकों के विदेशी परिचालनों की रिपोर्टिंग प्रणाली को बदल दिया गया। नयी तिमाही विवरणियों में अधिक आंकड़े शामिल किये जा सकते हैं। नयी प्रणाली में जोखिम आस्तियों, समस्यागत ऋणों, बैंकों के देश, मुद्रा और उधारकर्तावार निष्पादन के बारे में अधिक प्रतिसूचना प्राप्त करने पर जोर दिया गया है। संशोधित प्रणाली के अन्तर्गत प्रत्येक विदेशी शाखा अपने आप में एक रिपोर्टिंग इकाई होगी। इस तरह तैयार किये गये आंकड़ों के आधार पर रिज़र्व बैंक को भारतीय बैंकों की विदेश में स्थित शाखाओं के सम्बन्ध में कई नीतिगत व परिचालन संबंधी निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्यकारी परिणाम

2.132 78 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (सार्वजनिक क्षेत्र के 28 बैंकों, 34 अन्य भारतीय अनुसूचित वाणिज्य बैंकों तथा 16 विदेशी बैंकों) के सम्बन्ध में वर्ष 1982 के लिए कार्यकारी परिणामों से सम्बंधित आंकड़े सारणी 2.17 में दिये गये हैं। ये आंकड़े बैंकों के प्रकाशित लाभ-हानि लेखों पर आधारित हैं। विभिन्न बैंकों द्वारा अपनायी जाने वाली अलग-अलग लेखाकरण पद्धतियों के कारण सभी बैंकों के आंकड़े समेकित करना कठिन बना रहा। अधिकतर बैंकों ने बोनस के लिए प्रावधान आकस्मिक प्रारक्षित निधियों में दर्शाया है जबकि कुछ बैंकों ने इसे वेतन, मजदूरियां आदि वाले स्थापना के हिस्से के रूप में माना है। चूँकि आकस्मिक प्रारक्षित निधियों में अन्य प्रयोजनों के लिए भी प्रावधान शामिल होंगे, अतः अदा किये गये बोनस की वास्तविक राशि आकस्मिक प्रारक्षित निधियों में दर्शायी गयी राशि से कम होगी। चूँकि इसके आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं अतः शुद्ध लाभ निकालने के लिए पूरी आकस्मिक प्रारक्षित निधियों को घटा दिया गया है।

Revised Reporting System for Overseas Branches of Indian Banks

2.131 The system of reporting of overseas operations of Indian banks was revamped during the year with the objective of a more effective monitoring and supervision. The new quarterly statements have wider data coverage, the emphasis of the new system being on obtaining more feedback on risk assets, problem loans, country, currency and borrower-wise exposure of banks. Under the revised system, each foreign branch will be a reporting unit. The data base thus built up will enable the Reserve Bank to take several policy and operational decisions in respect of overseas presence of Indian banks.

Working Results of Scheduled Commercial Banks

2.132 Data relating to the working results of 78 scheduled commercial banks (28 public sector banks, 34 other Indian scheduled commercial banks and 16 foreign banks) for the year 1982 are given in Table 2.17. These data are based on the published profit and loss accounts of banks. Consolidation of data for all banks continues to be difficult due to the different accounting procedures adopted by banks. While most of the banks showed provision for bonus under contingency reserves, a few included it as part of establishment expenses comprising salaries, wages, etc. Since contingency reserves would also include provision for other purposes, the actual amount of bonus paid would be lower than the figure shown by contingency reserves. Since the details of this are not available, the entire contingency reserves have been deducted for arriving at net profit.

2.133 कराधान स्टाफ़ को बोनस/अनुग्रहपूर्वक भुगतान (आकस्मिक प्रारक्षित निधियां) के लिए व्यवस्था करने के बाद अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के लाभ 1982 में काफी बढ़े। 1982 में 78 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कुल लाभ 78.8 करोड़ रुपये रहे जो पिछले वर्ष के लाभों पर 14.9 करोड़ रुपये अथवा 23.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। विभिन्न बैंक समूहों के बीच लाभों की वृद्धि की दर अलग-अलग रही। सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों में से राष्ट्रीयकृत बैंकों ने 1981 के 11.4 प्रतिशत की तुलना में 26.3 प्रतिशत की उच्चतर वृद्धि की। निजी क्षेत्र में अनुसूचित बैंकों तथा विदेशी बैंकों, दोनों ने ही क्रमशः 12.5 प्रतिशत और 19 प्रतिशत की अपेक्षाकृत कम वृद्धि दर्ज की। पिछले वर्ष ये दरें क्रमशः 31.5 प्रतिशत और 59.5 प्रतिशत थीं।

2.133 Profits of scheduled commercial banks, after providing for taxation, bonus/ex-gratia payment(contingency reserves) to staff rose considerably in 1982. The aggregate profits of 78 scheduled commercial banks in 1982 amounted to Rs.78.8 crores, recording an increase of Rs.14.9 crores or 23.4 per cent over the profits of previous year. The rate of growth in profits varied sharply among different bank groups. Among the public sector banks, nationalised banks recorded a higher growth rate of 26.3 per cent as against 11.4 per cent in 1981. In private sector, both other scheduled commercial banks and foreign banks recorded a sizeably lower growth rate of 12.5 per cent and 19 per cent as against 31.5 per cent and 59.5 per cent, respectively in the previous year.

2.134 1982 के दौरान समस्त अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कुल अर्जनों ने 950.6 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शायी जबकि उनके व्ययों में 935.9 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। ब्याज और बट्टा, जो आय की प्रमुख मदें होती हैं, 815.9 करोड़ रुपये बढ़े, जबकि जमाराशियों और उधारों पर अदा किया गया ब्याज (व्यय की एक प्रमुख मद) में 625.6 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। 1982 में बैंकों के स्थापना व्ययों में 154 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। 1981 में यह वृद्धि 186 करोड़ रुपये की थी।

2.134 During 1982, the total earnings of all the scheduled commercial banks recorded an increase of Rs.950.6 crores, while their expenditure rose by Rs.935.9 crores. Interest and discount which are the major items on the income side rose by Rs.815.9 crores, while interest paid on deposits and borrowings (a major item of expenditure) went up by Rs.625.6 crores. Establishment expenses of the banks increased by Rs.154 crores in 1982 as against Rs.186 crores in 1981.

बैंकों में धोखाधड़ियां और कदाचार रोकने के लिए आंतरिक नियंत्रण और रक्षोपाय

Internal Control and Safeguards for Prevention of Frauds and Malpractices

2.135 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में धोखाधड़ियां रोकने के लिए बैंकों को जारी किये गये विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांतों के बारे में उल्लेख किया गया था। बैंकों द्वारा जानकारी में लाये गये धोखाधड़ियों के मामलों की जांच की गयी थी, और सामने आयी विसंगतियों के बारे में

2.135 A reference was made in the last year's Report regarding detailed guidelines issued to banks for prevention of frauds. Cases of frauds reported by banks were examined and the deficiencies revealed were brought to the notice of banks. Banks were

सारणी 2.17 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्यकारी परिणाम

	स्टेट बैंक समूह (8)			20 राष्ट्रीयकृत बैंक			अन्य भारतीय अनुसूचित वाणिज्य बैंक (34)
वर्ष	1980	1981	1982	1980	1981	1982	1980
	1	2	3	4	5	6	7
1. कुल अर्जन जिसमें से	1323.37 (31.3)	1704.36 (28.8)	2022.90 (18.7)	2509.93 (25.5)	3123.71 (24.5)	3676.60 (17.7)	212.92 (31.0)
ब्याज और बट्टा	1118.10 (32.8)	1464.44 (31.0)	1748.88 (19.4)	2296.27 (26.7)	2877.69 (25.3)	3339.04 (16.0)	191.88 (32.9)
2. कुल व्यय जिसमें से	1310.21 (31.4)	1688.04 (28.8)	2002.58 (18.6)	2482.95 (25.6)	3094.17 (24.6)	3639.30 (17.6)	210.13 (31.4)
(क) जमाराशियों, उधारों आदि पर अदा किया गया ब्याज	842.16 (35.3)	1133.43 (34.6)	1369.15 (20.8)	1673.17 (28.4)	2121.02 (26.8)	2467.24 (16.3)	123.59 (32.8)
(ख) स्टाफ को वेतन, भविष्य निधि तथा भत्ते बोनस अनुग्रहपूर्वक भुगतान	347.43 (21.6)	403.18 (16.0)	452.11 (12.1)	586.47 (20.7)	695.91 (18.7)	786.10 (13.0)	59.28 (28.9)
3. कराधान तथा स्टॉफ को बोनस/अनुग्रह पूर्वक भुगतान की व्यवस्था के बाद लाभ	13.16 (18.1)	16.32 (24.0)	20.32 (24.5)	26.52 (16.7)	29.54 (11.4)	37.30 (26.3)	2.79 (9.0)

TABLE 2.17: WORKING RESULTS OF SCHEDULED COMMERCIAL BANKS

(Amount in Rupees Crores)

	State Bank Group (8)			20 Nationalised Banks			Other Indian Scheduled Commercial Banks (34)
Year	1980	1981	1982	1980	1981	1982	1980
	1	2	3	4	5	6	7
1. **Total Earnings** Of which	**1323.37** (31.3)	**1704.36** (28.8)	**2022.90** (18.7)	**2509.47** (25.5)	**3123.71** (24.5)	**3676.60** (17.7)	**212.92** (31.0)
Interest and Discount	1118.10 (32.8)	1464.44 (31.0)	1748.88 (19.4)	2296.27 (26.7)	2877.69 (25.3)	3339.04 (16.0)	191.88 (32.9)
2. **Total Expenditure** Of which	**1310.21** (31.4)	**1688.04** (28.8)	**2002.58** (18.6)	**2482.95** (25.6)	**3094.17** (24.6)	**3639.30** (17.6)	**210.13** (31.4)
a) Interest paid on Deposits, borrowings, etc.	842.16 (35.3)	1133.43 (34.6)	1369.15 (20.8)	1673.17 (28.4)	2121.02 (26.8)	2467.24 (16.3)	123.59 (32.8)
b) Salaries, Provident Fund and allowances Bonus/Ex-gratia Payment to Staff	347.43 (21.6)	403.18 (16.0)	452.11 (12.1)	586.47 (20.7)	695.91 (18.7)	786.10 (13.0)	59.28 (28.9)
3. Profit after Provision for taxation and Bonus/Ex-gratia Payment to Staff	**13.16** (18.1)	**16.32** (24.0)	**20.32** (24.5)	**26.52** (16.7)	**29.54** (11.4)	**37.30** (26.3)	**2.79** (9.0)

सारणी 2.17 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कार्यकारी परिणाम

			विदेशी बैंक (16)			जोड़ (78)		
वर्ष	1981	1982	1980	1981	1982	1980	1981	1982
	8	9	10	11	12	13	14	15
1. **कुल अर्जन**	266.12	312.17	183.11	228.77	261.93	4221.66	5322.96	6273.60
जिसमें से	(25.0)	(17.3)	(11.9)	(24.9)	(14.5)	(26.7)	(26.1)	(17.9)
ब्याज और बट्टा	241.58	282.46	146.00	183.25	212.44	3745.99	4766.96	5582.82
	(25.9)	(16.9)	(13.5)	(25.5)	(15.9)	(28.0)	(27.3)	(17.1)
2. **कुल व्यय**	262.45	308.04	174.15	214.48	244.92	4170.38	5258.94	6194.84
जिसमें से	(24.9)	(17.4)	(12.0)	(23.2)	(14.2)	(26.8)	(26.1)	(17.8)
(क) जमाराशियों, उधारों आदि पर अदा किया गया ब्याज	153.78	181.93	77.94	87.02	102.51	2712.53	3495.25	4120.83
	(24.4)	(18.3)	(10.0)	(11.7)	(17.8)	(29.8)	(28.9)	(17.9)
(ख) स्टाफ़ का वेतन भविष्य निधि तथा भत्ते बोनस अनुग्रहपूर्वक भुगतान	73.43	85.42	35.08	40.49	43.51	1026.51	1213.01	1367.74
	(23.9)	(16.3)	(7.2)	(15.4)	(7.5)	(20.4)	(18.2)	(12.8)
3. कराधान तथा स्टॉफ को बोनस/अनुग्रह पूर्वक भुगतान की व्यवस्था के बाद लाभ	3.67	4.71	8.96	14.29	17.01	51.28	63.82	78.76
	(31.5)	(12.5)	(14.8)	(59.5)	(19.0)	(16.0)	(24.5)	(23.4)

टिप्पणी : कोष्टकों में दिये गये आकड़े पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि दर्शाते हैं ।

TABLE 2.17: WORKING RESULTS OF SCHEDULED COMMERCIAL BANKS (Concld.)

(Amount in Rupees Crores)

	Other Indian Scheduled Commercial Banks (34)		Foreign Banks (16)			Total (78)		
Year	1981	1982	1980	1981	1982	1980	1981	1982
	8	9	10	11	12	13	14	15
1. **Total Earnings** Of which	266.12 (25.0)	312.17 (17.3)	183.11 (12.1)	228.77 (24.9)	261.93 (14.5)	4221.66 (26.7)	5322.96 (26.1)	6273.60 (17.9)
Interest and Discount	241.58 (25.9)	282.46 (16.9)	146.00 (13.5)	183.25 (25.5)	212.44 (15.9)	3745.99 (28.0)	4766.96 (27.3)	5582.82 (17.1)
2. **Total Expenditure** Of which	262.45 (24.9)	308.04 (17.4)	174.15 (12.0)	214.48 (23.2)	244.92 (14.2)	4170.38 (26.8)	5258.94 (26.1)	6194.84 (17.8)
a) Interest paid on Deposits, borrowings, etc.	153.78 (24.4)	181.93 (18.3)	77.94 (10.0)	87.02 (11.7)	102.51 (17.8)	2712.53 (29.8)	3495.25 (28.9)	4120.83 (17.9)
b) Salaries, Provident Fund and allowances Bonus/Ex-gratia Payment to Staff	73.43 (23.9)	85.42 (16.3)	35.08 (7.2)	40.49 (15.4)	43.51 (7.5)	1026.51 (20.7)	1213.01 (18.2)	1367.14 (12.8)
3. Profit after Provision for taxation and Bonus/Ex-gratia Payment to Staff	3.67 (31.5)	4.13 (12.5)	8.96 (14.8)	14.29 (59.5)	17.01 (19.0)	51.28 (16.0)	63.82 (24.5)	78.76 (23.4)

Note: Figures in the brackets indicate percentage increase over the previous year.

बैंकों को बताया गया था। बैंकों से यह भी कहा गया था कि वे परिचालनगत दक्षता पर और अधिक ध्यान दें और व्यवस्था संबंधी (हाउसकीपिंग) तथा अंतर-बैंक पुनः समायोजन के बकाया मामलों को निपटाने के लिए और अधिक प्रयास करें।

also asked to give more attention to the operational efficiency and make more efforts to clear the arrears in housekeeping and inter-bank reconciliation.

2.136 धोखाधडी के गंभीर मामलों, प्रमुख शिकायतों, प्रणाली, पद्धतियों और आंतरिक नियंत्रण के क्षेत्र में पता लगाये गये धोखाधडी के संभावित क्षेत्रों की जांच-पड़ताल करने की दृष्टि से 2 मई 1983 को रिज़र्व बैंक में एक विशेष जांच कक्ष स्थापित किया गया था। जून 1984 के अंत तक इस कक्ष ने बड़ी धोखाधडी के 12 मामलों और 4 शिकायतों की जांच की और बैंकों को सुधारात्मक कार्रवाई करने और मामलों की स्टाफ के दृष्टिकोण से जांच करने के लिए उनके परिणामों से अवगत करा दिया गया है। जहां आवश्यक हुआ, जाँचों के परिणामों से सरकार को भी अवगत कराया गया। इन नतीजों के आधार पर रिज़र्व बैंक द्वारा ऐसे रक्षोपाय सुझाते हुए परिपत्र जारी किये गये थे जो इस प्रकार की अनियमितताओं को बार बार होने से रोकने के लिए बैंकों द्वारा अमल में लाये जाने चाहिए।

2.136 A Special Investigation Cell was set up in the Reserve Bank on May 2, 1983, with a view to conducting investigation into serious cases of frauds, major complaints and scrutinies of identified fraud-prone areas, covering system, procedures and internal control. The cell has looked into 12 cases of major frauds and four complaints till the end of June 1984 and its findings have been communicated to the banks for corrective action and examination of the cases from staff angle. The outcome of the scrutinies was brought to the notice of Government also, wherever necessary. Based on the findings, circulars were issued by the Reserve Bank suggesting safeguards that may be observed by the banks so as to prevent a recurrence of such irregularities.

चेकों का समाशोधन

Clearance of Cheques

2.137 बाहरी चेकों के राष्ट्रीय समाशोधन की शुरुआत करने की विधि की और भारत में बैंकों द्वारा मशीनीकृत चेक प्रोसेसिंग के लिए एमआइसीआर/ओसीआर तकनीक शुरू करने की संभावनाओं पर विचार करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा गठित कार्यकारी दल की सिफारिशों को स्वीकार कर लिये जाने के परिणामस्वरूप और रिज़र्व बैंक में नवम्बर 1983 में दल की सिफारिशों को लागू करने का कार्य देखने के लिए एक विशेष कक्ष राष्ट्रीय समाशोधन कक्ष स्थापित किया गया था।

2.137 Following the acceptance of the recommendations of the Working Group set up by the Reserve Bank to consider the modalities of introducing National Clearing of outstation cheques and the feasibility of introducing MICR/OCR technology for mechanised cheque proceessing by banks in India, a special cell viz., the National Clearing Cell was formed in the Reserve Bank in November 1983 to look after the implementation of the Group's recommendations.

2.138 दल ने सिफारिश की थी कि मशीनीकृत चेक प्रोसेसिंग के लिए एमआइसीआर तकनीक की शुरुआत पहले 4 महानगरों बंबई, दिल्ली, कलकत्ता और मद्रास में की जाये जिसे बाद में चरणबद्ध रूप से बढ़ाकर अन्य राज्यों की राजधानियों में बाहरी चेकों के लिए राष्ट्रीय समाशोधन प्रणाली के साथ शुरू किया जाये। राष्ट्रीय समाशोधन कक्ष में इस प्रयोजन के लिए इंडिया सिक्युरिटी प्रेस, नासिक के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में गठित तकनीकी समिति की सहायता से चेक के कागज, चेक के ले-आउट, एमआइसीआर कूटलाइन ढांचे के लिए मानक निर्देश तैयार किये हैं। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है और एमआइसीआर ग्रेड चेक कागज की आपूर्ति करने और एमआइसीआर कूटित चेक फार्म छापने में कागज के निर्माण और प्रतिभूति मुद्रकों के एक पैनल की भी सिफारिश की है। इस संबंध में विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांत सभी बैंकों और रिज़र्व बैंक के पास खाता रखने वाले सम्बन्धित सरकारी विभागों को जारी कर दिये गये हैं।

2.138 The Group had recommended the introduction of MICR technology for mechanised cheque processing, initially in the four metropolitan cities of Bombay, Delhi, Calcutta and Madras and its extension to other State capitals and important centres in phases, together with a national clearing system for outstation cheques. The National Clearing Cell has drawn up standard specifications for cheque paper, cheque layout and MICR code line structure with the assistance of a Technical Committee formed for the purpose under the Chairmanship of General Manager of the India Security Press, Nasik. This Committee has submitted its reports and has also recommended a panel of paper manufacturing and security printers capable of supplying MICR grade cheque paper and printing of MICR encoded cheque forms. Detailed guidelines in this regard have been issued to all banks and concerned Government Departments maintaining accounts with Reserve Bank of India.

2.139 इसके अलावा, ऐसे स्थानीय कम्प्यूटर सप्लायरों का पता लगाने के लिए एक तकनीकी समिति (उपस्कर) भी गठित की गयी थी जो पहले बैंकों तथा समाशोधन गृह की चेक प्रोसेसिंग तथा कूटकरण उपस्करों की प्रारंभिक आवश्यकताओं का आयात करेगी और चेक प्रोसेसिंग उपस्कर भारत में ही धीरे-धीरे निर्माण करने के लिए आवश्यक सुविधायें जुटायेगी। यह प्रस्ताव है कि 1984 की अंतिम तिमाही में ऊपर लिखित चार महानगरों में बैंकों द्वारा मानकीकृत एमआइआरसी कूटित चेक फार्म जारी करना शुरू कर दिया जाये और 1985 की दूसरी तिमाही से मशीनीकृत चेक प्रोसेसिंग शुरू की जाये।

2.139 Further, Technical Committee (Equipment) was also constituted for identifying local computer suppliers who would import the initial requirements of cheque processing and encoding equipments for use of banks and the Clearing House and create necessary facility for undertaking progressive manufacture of cheque processing equipment indigenously. It is proposed to commence issue of standardised MICR encoded cheque forms by banks in the four metropolitan cities mentioned earlier in the last quarter of 1984 and introduce mechanised cheque processing in the second quarter of 1985.

समाशोधन गृह समायोजन कार्यों का कम्प्यूटरीकरण

2.140 रिज़र्व बैंक द्वारा अपने विभिन्न केन्द्रों पर संचालित समाशोधन गृहों में चेकों के समायोजन के

Computerisation of Clearing House Settlement Operations

2.140 In continuation of the Bank's efforts

कार्य की गति बढ़ाने के बैंक के प्रयासों के अनुसरण में कलकत्ता में शीघ्र ही समाशोधन गृह कार्यों के कम्प्यूटरीकरण का प्रस्ताव है और इस दिशा में तैयारी का कार्य चल रहा है। आपको याद होगा कि 1982-83 के दौरान बम्बई, मद्रास और नयी दिल्ली में समाशोधन गृह कार्यों का कम्प्यूटरीकरण कर दिया गया था। इसी प्रकार की सुविधायें चार और केन्द्रों अर्थात अहमदाबाद, बंगलूर, हैदराबाद और कानपुर के समाशोधन गृहों में 1984 के अन्त तक उपलब्ध कराये जाने के लिए भी व्यवस्थायें की जा रही हैं।

to speed up settlement of cheques in the clearing houses managed by it at various centres, it is proposed to computerise the clearing house operations at Calcutta shortly and preparatory work towards this end is in progress. It may be recalled that during 1982-83 clearing house operations at Bombay, Madras and New Delhi were computerised. Arrangements are also being made to extend similar facility at the clearing houses in four more centres viz, Ahmedabad, Bangalore, Hyderabad and Kanpur by the end of 1984.

समितियां, कार्यकारी दल, सेमिनार आदि

2.141 वाणिज्य बैंकों के "मूल्य निर्धारण कक्ष" के प्रमुखों की निम्नलिखित पर विचार करने के लिए अप्रैल 1984 को एक बैठक हुई थी: i) बैंकों में आंकड़े एकत्र करने की प्रगति की समीक्षा ii) बैंकों द्वारा महसूस की जा रही समस्यायें दूर करना और इस संबंध में स्पष्टीकरण और सुझाव देना तथा iii) बैंकों द्वारा मैसर्स प्राइम कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि. को भेजी जाने वाली नियंत्रण लागतों की और साथ ही विभिन्न नियंत्रण आंकड़ों को एकत्र करने और समेकित करने पर विचार करने की विधि पर विचार करना। उपर्युक्त बैठक में चर्चाओं के दौरान सामने आनेवाली विभिन्न कार्यमदों को प्रबंध सेवा विभाग द्वारा अब सरकारी क्षेत्र के बैंकों को सूचित किया जा चुका है और उनके द्वारा आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई भी की जा रही है।

Committees, Working Groups, Seminars, etc.

2.141 *Costing in Commercial Banks :* A meeting of the Chiefs of "Costing Cell" of commercial banks was held on April 19, 1984, with a view to: 1) reviewing the progress of data collection work of banks, 2) sorting out problems being faced by banks and offering clarifications and suggestions in this regard and 3) elaborating on the method of collection and consolidation of control costs as also various control data required to be sent by banks to M/s. Prime Computer Services Pvt. Ltd. Various action points arising out of discussions of the above meeting have since been advised to public sector banks by Management Services Department and necessary follow-up action is being taken by them.

2.142 **बैंकों के प्रकाशित लेखों के फार्मेट, ऐसे लेखों के अधिक/पूर्ण रूप से सामने रखे जाने आदि पर विचार करने से संबंधित समिति :** समिति ने बैंकों के बैंकों के अध्यक्षों, सनदी लेखाकारों के संस्थान की क्षेत्रीय परिषदों, आइसीडब्ल्यूए, चैम्बर ऑफ कामर्स, प्रबंध संस्थाओं आदि के प्रतिनिधियों के साथ कई बैठकें कीं। समिति का कार्य चल रहा है और उनकी रिपोर्ट शीघ्र ही प्राप्त हो जाने की उम्मीद है।

2.142 *Committee to consider format of published accounts of banks, greater/full disclosure in such accounts, etc :* The Committee had several meetings with the Chairmen of banks/representatives of Regional Councils of the Institute of Chartered Accountants, ICWA, Chambers of Commerce, Management Institutes, etc. The Committee's work is in progress and their report is expected to be ready shortly.

स्थायी समन्वयन समिति

2.143 स्थायी समन्वयन समिति, जो अंतर-संस्थागत दल की सिफारिशों के अनुसरण में बैंकों तथा मीयादी ऋण संस्थाओं के बीच समन्वयन से संबंधित मामलों पर विचार करने के लिए जनवरी 1979 में नियुक्त की गयी थी, को अगस्त 1983 में पुनर्गठित किया गया था। पुनर्गठित समिति अपने पिछले अनुभवों के प्रकाश में मीयादी ऋणों से संबंधित अंतर संस्थागत समस्यायें दूर करने के लिए एक स्थायी मंच उपलब्ध करायेगी। यह मीयादी ऋण देने में बैंकों और मीयादी ऋण संस्थाओं की भूमिका और मीयादी ऋणों पर सूचनाओं के संकलन और आदान-प्रदान तथा उसके पास भेजे जानेवाले अन्य मामलों की समीक्षा भी करेगी।

अनुवर्ती कार्रवाई

बैंकिंग विधि समिति की रिपोर्ट

2.144 बैंकों को प्रभावित करने वाली वाणिज्य विधि की समीक्षा करने और उसका कूटकरण करने के लिए भारत सरकार द्वारा गठित बैंकिंग विधि समिति ने अपनी पांच रिपोर्टें प्रस्तुत कर दी हैं। इनमें से हुंडियों पर समिति की रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों की समीक्षा पहले की गयी थी लेकिन बैंक ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। माल की हकदारी के दस्तावेजों पर रिपोर्ट में दिये गये प्रारूप गोदाम रसीद बिल पर बैंक के विचार वर्ष के दौरान भारत सरकार को भेज दिये गये थे। इस बिल से गोदाम रसीदों को परक्राम्यता का दर्जा देने का विचार है और इस बिल के पारित हो जाने के बाद गोदाम रसीदों की जमानत पर उदारता से बैंक ऋण लिये जा सकते हैं। अन्य तीन रिपोर्टों के बारे में स्थिति इस प्रकार है।

2.145 **परक्राम्य लिखत विधि पर रिपोर्ट** : रिज़र्व बैंक ने भारतीय बैंक संस्थान के परामर्श से इस रिपोर्ट की जांच की

Standing Co-ordination Committee

2.143 The Standing Co-ordination Committee which was appointed in January 1979 to consider the issues pertaining to co-ordination between banks and term lending institutions, following the recommendations of the Inter-Institutional Group was re-constituted in August 1983. The reconstituted Committee will provide a standing forum for sorting out inter-institutional problems relating to term lending in the light of past experience. It will also review the involvement of banks and term lending institutions in extending term credit besides dealing with compilation and sharing of information on term credit and any other issues that may be referred to it.

Follow up

Banking Laws Committee's Reports

2.144 The Banking Laws Committee, appointed by the Government of India to review and codify commercial laws affecting banks, had submitted five Reports. Of these, the recommendations contained in the Committee's Report on Hundis were processed earlier but were not accepted by the Bank. Bank's views on the Draft Warehouse Receipts Bill, contained in the Report on Documents of Title to Goods, were forwarded to Government of India during the year. The Bill intends to give a status of negotiability to the warehouse receipts and once the Bill is passed, it will facilitate liberal bank credit against the security of warehouse receipts. As regards the other three reports, the position is as under.

2.145 *Report on Negotiable Instruments Law:* The Report was examined by the Bank in consultation with the Indian Banks'

थी। चूंकि इस रिपोर्ट में दी गयी सिफारिशें मुख्यतः अमेरिका के यूनिफार्म कमर्शियल कोड पर आधारित थीं, जो भारत में मौजूदा हालात में उपयुक्त नहीं थीं, अतः रिपोर्ट को रद्द करने और इंगलैंड और कुछ अन्य राष्ट्रकुल देशों, जिनकी कानूनी प्रणाली भारत की कानूनी प्रणाली से मिलती जुलती है के कानूनों के प्रकाश में प्रारूप परक्राम्य लिखत बिल, 1960 की समीक्षा करने का निर्णय किया गया। तदनुसार प्रारूप बिल और बिल पर सीधे प्रभाव डालनेवाली बैंकिंग विधि समिति की रिपोर्ट में सिफारिशों के साथ-साथ भारतीय बैंक संघ द्वारा आयोजित विधि समिति की कई बैठकों में चर्चा की गयी। प्रारूप परक्राम्य लिखत बिल, 1960 को अब भारतीय बैंक संघ के विचारों के अनुरूप परिवर्तित कर दिया गया है और उसे भारत सरकार के पास उनके विचार-विमर्श के लिए भेज दिया गया है।

Association (IBA). Since the recommendations contained in the Report were mainly based on the Uniform Commercial Code of the USA, which was not suitable to the conditions prevailing in India, it was decided to reject the report, and to review the Draft Negotiable Instruments Bill, 1960 in the light of the Laws of the U.K. and some other Commonwealth countries, whose legal systems are similar to the Indian legal system. Accordingly, the Draft Bill vis-a-vis the recommendations of the Banking Laws Committee in its report having direct bearing on the Bill, were discussed at several meetings of the Legal Committee convened by the IBA. The Draft Negotiable Instruments Bill, 1960 has since been revised in the light of the IBA's views and the same has been forwarded to the Government of India for their consideration.

2.146 **व्यक्तिगत सम्पति जमानत विधि पर रिपोर्ट** : बैंकिंग विधि समिति द्वारा इस विषय पर अपनी रिपोर्ट में सिफारिश किये गये प्रारूप व्यक्तिगत सम्पत्ति जमानत बिल की बैंक तथा भारतीय बैंक संघ के प्रतिनिधियों वाले अनौपचारिक दल द्वारा जांच की गयी। चूंकि प्रस्तावित बिल कुछ मूलभूत परिवर्तन लायेगा, अतः इस मामले में बैंक द्वारा अन्तिम निर्णय, भारतीय बैंक संघ से अब प्राप्त फिर से किये गये विचारों के आधार पर किया जायेगा।

2.146 *Report on Personal Property Security Law:* The Draft Personal Property Security Bill recommended by the Banking Laws Committee in its Report on this subject was examined by the Informal Group comprising representatives of the Bank and the IBA. As the proposed Bill may bring about radical changes, a final decision by the Bank in the matter will be taken in the light of reconsidered views since received from the IBA.

2.147 **वास्तविक सम्पति जमानत विधि पर रिपोर्ट** : समिति ने ऋण और अचल सम्पत्तियों की जमानत से सम्बंधित विधि और संस्थागत एजेंसियों द्वारा ग्रामीण ऋण के विस्तार से सम्बंधित विशेष विधि

2.147 *Report on Real Property Security Law (RPSL):* The Committee had submitted its Report on the RPSL examining the lacunae in the law relating to credit and security of immovable properties and the

अचल सम्पत्ति की हकदारी की जांच से संबंधित कानूनी ढांचा पंजीकरण की योजना आदि में खामियों की जांच करते हुए वास्तविक सम्पत्ति जमानत विधि पर अपनी रिपोर्ट पेश कर दी थी। भारतीय बैंक संघ से प्राप्त अभिमतों के प्रकाश में इस रिपोर्ट पर विचार किया जा रहा है।

special law relating to extension of rural credit by institutional agencies, legal framework pertaining to investigation of title to immovable property, scheme of registration, etc. The Report is now being considered in the light of comments received from the IBA.

दिशा निर्देश पर समिति

2.148 दिशा निर्देश पर समिति, जो 1975 में टंडन समिति की सिफारिशों को लागू करने से सामने आयी, समस्याओं की निरंतर आधार पर जांच करने के लिए 1975 से रिज़र्व बैंक में कार्य कर रही है, जुलाई 1983 में पुनर्गठित की गयी थी। पुनर्गठित समिति में रिज़र्व बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और वाणिज्य बैंक सदस्य हैं। समिति ने 5 उप समितियां गठित की हैं, जिनमें से 4 विभिन्न उद्योगों जैसे इंजीनियरी, बिजली, वस्त्र, कांच, चमड़ा आदि के लिए स्टॉक/प्राप्य मानदंडों की समीक्षा करेंगी और 5 वीं व्यापारी समूह में इकाइयों के लिए ऋण संबंधी मानदण्ड निर्धारित करेगी। वस्त्रों और बिजली समूहों पर उप समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। वस्त्र समूह पर उप समिति की सिफारिशें दिशा निर्देश समिति और रिज़र्व बैंक द्वारा कुछेक संशोधनों के साथ स्वीकार कर ली गयी हैं और बैंकों को जून 1984 में संशोधित मानदण्डों के बारे में सूचित कर दिया गया था। बिजली समूह पर उप समिति की सिफारिशें भी दिशा निर्देश समिति द्वारा स्वीकार कर ली गयीं हैं और रिज़र्व बैंक के विचाराधीन हैं।

2.148 *Committee of Direction (COD):* The Committee of Direction, which has been functioning in Reserve Bank since 1975 to examine on an ongoing basis the problems arising out of implementation of Tandon Committee's recommendations, was reconstituted in July 1983. The reconstituted Committee is represented by Reserve Bank, Industrial Development Bank of India and commercial banks. The Committee has set up five sub-Committees, four to review inventory/receivables norms for various industries, viz., engineering, electricals, textiles, glass, leather, etc. and the fifth one to evolve lending norms for units in the trading group. The sub-Committees on textiles and electricals groups have submitted their Reports. The recommendations of the sub-committee on textiles group have been accepted by the COD and the Reserve Bank with some modifications and the banks were advised of the revised norms in June 1984. The recommendations of the sub-committee on electricals group have been also accepted by COD and they are under consideration in the Reserve Bank.

रुग्ण औद्योगिक उपक्रमों के पुनर्वास के संबंध में समिति

2.149 यह समिति जिसके बारे में पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, अब अपनी अंतिम

2.149 *Committee on Rehabilitation of Sick Industrial Undertakings:* This Committee, to which a reference was made in the pre-

रिपोर्ट प्रस्तुत कर चुकी है और उसकी जांच की जा रही है।

vious Report, has since submitted its final Report and the same is being processed.

2.150 **निर्यात वित्त पर स्थायी समिति** : निर्यात वित्त पर स्थायी समति, जो एक उच्चाधिकार प्राप्त नीति निर्धारक निकाय है और बैंक द्वारा 1975 में निर्यात वित्त से संबंधित समस्याओं और नीतियों की आवधिक आधार पर चर्चा करने के लिए गठित की गयी थी, ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान तीन बैठकें बुलायीं। अन्तिम बैठक 7 मार्च 1984 को बुलायी गयी थी। दिसम्बर 1983 में बैंक ने विभिन्न अफ्रीकी देशों को चयनात्मक रूप से माल की कतिपय श्रेणियों के निर्यात बढ़ाने के लिए दीर्घावधि सप्लायर्स ऋण सुविधाओं के लिए स्थायी समिति द्वारा नियुक्त उपदल द्वारा की गयी सिफारिशों के आधार पर बैंकों को विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किये। उपदल की सिफारिशों के अनुसरण में ही रिज़र्व बैंक, निर्यात-आयात बैंक, निर्यात ऋण और गारंटी निगम, संबंधित बैंकों और एक सरकारी नामिती के प्रतिनिधित्व वाले एक कार्यकारी दल का गठन किया गया है जो निर्धारित अफ्रीकी देशों के साथ-साथ अन्य देशों को चुनिंदा वस्तुओं के निर्यात के लिए 180 दिन से अधिक की ऋण अवधियों के विस्तार के लिए प्रस्ताव पर विचार करेगा।

2.150 *Standing Committee on Export Finance:* The Standing Committee on Export Finance, a high powered policy-making body, set up by the Bank in 1975 to discuss periodically the problems and policies relating to export finance, held three meetings during the year under review, the last one being on March 7, 1984. In December 1983, the Bank issued detailed guidelines to banks based on the suggestions made by the Sub-Group appointed by the Standing Committee for elongated suppliers' credit facilities for certain categories of goods selectively to promote exports to various African countries. Also pursuant to the Sub-Group's recommendations, a Working Group has been constituted consisting of representatives of RBI, Exim Bank, ECGC, concerned banks and a Government nominee to consider proposals for extension of credit terms beyond 180 days for targeted African countries as well as other countries for export of selected commodities.

2.151 **निर्यात सलाहकार समिति** : रिज़र्व बैंक ने अक्तूबर 1983 में अखिल भारतीय सलाहकार समिति का गठन किया जिसमें रिज़र्व बैंक के अधिकारी, बैंकों के प्रतिनिधि और अखिल भारतीय निर्यात संवर्धन परिषदों/संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसका उद्देश्य निर्यातकों से संबंधित ऋण उपलब्धता के मामलों में और निर्यात से

2.151 *Export Advisory Committee:* The Reserve Bank set up in October 1983 an All India Export Advisory Committee, consisting of Reserve Bank officials, representatives of banks and those from All India export promotion councils/organisations, with a view to getting feed-back from the

संबंधित विदेशी मुद्रा नियंत्रण विनियमनों के संबंध में उनकी कठिनाई के बारे में सीधे ही प्रतिसूचना प्राप्त करना है। समिति, जो हर तिमाही में एक बैठक करती है, ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान चार बैठक कीं।

exporters directly about their difficulties in the matters of credit availability and exchange control regulations relating to exports. The Committee, which meets once in a quarter, held 4 meetings during the year under review.

2.152 **तम्बाकू निर्यातों के संबंध में समिति :** रिज़र्व बैंक तथा वाणिज्य बैंकों के अधिकारियों, तम्बाकू निर्यातकों तथा तम्बाकू बोर्ड और भारतीय तम्बाकू संघ के प्रतिनिधियों की एक परामर्शदात्री समिति गठित की गयी थी, जिसका कार्य तम्बाकू निर्यातकों की निर्यात ऋण आवश्यकताओं का पता लगाना है। समिति ने 27 जनवरी 1984 को गुन्टूर में अपनी पहली बैठक आयोजित की।

2.152 *Committee on Tobacco Exports :* A Consultative Committee was set up with Reserve Bank and commercial banks' officials tobacco exporters and representatives of the Tobacco Board and Indian Tobacco Association to look into the export credit requirements of the tobacco exporters. The Committee held its first meeting at Guntur on January 27, 1984.

2.153 **निर्यात ऋण के संबंध में सेमिनार :** बैंकों और निर्यातकों दोनों के लाभ के लिए बैंक देश के विभिन्न केन्द्रों में अप्रैल 1983 से "निर्यात ऋण पर एकदिवसीय सेमीनार" आयोजित कर रहा है। इन सेमिनारों का प्रयोजन बैंकिंग और गारंटी रक्षा से संबंधित ऐसी समस्याओं का पता लगाना है जो निर्यातों की वृद्धि में रुकावट डाल रही हैं और बैंकों और उनके निर्यातक ग्राहक के बीच सही परिप्रेक्ष्य में इन समस्याओं के प्रति बेहतर समझ-बूझ बढ़ाना है। अब तक इस प्रकार के चार सेमिनार हो चुके हैं। ये बंबई, जयपुर, कलकत्ता और कोचीन में आयोजित किये गये थे।

2.153 *Seminars on Export Credit :* The Bank has been conducting from April 1983, 'One-day seminars on Export Credit' at various centres in the country for the benefit of both banks and exporters. The purpose of the seminars is to identify the problems relating to banking and guarantee cover hampering the growth of exports and to promote, amongst banks and their exporter-clients, a better understanding of these problems in a proper perspective. So far, 4 such seminars have been held, one each in Bombay, Jaipur, Calcutta and Cochin.

चयनित उद्योगों के लिए संस्थागत वित्त के समन्वयन के लिए स्थायी समिति

2.154 चार प्रमुख उद्योगों अर्थात चीनी, चाय, जूट और उर्वरक की ऋण आवश्यकताओं और संबंधित

Standing Committee for Co-ordination of Institutional Finance for Selected Industries

2.154 A reference was made in the last year's Report regarding the appointment of Standing Committees by the Reserve Bank,

समस्याओं पर समन्वित विचार प्रकट करने की दृष्टि से रिज़र्व बैंक द्वारा स्थायी समितियां नियुक्त किये जाने के बारे में पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था ।

with a view to taking a co-ordinated view on credit requirements and related problems for four of the major industries, viz., sugar, tea, jute and fertilizer.

2.155 3 अक्तूबर 1983 को आयोजित अपनी तीसरी बैठक में चीनी उद्योग पर स्थायी समिति ने चीनी स्टॉकों के मूल्यांकन की समस्याओं की जांच करने के लिए उप समिति गठित की । उप-समिति ने अपने परिणामों से बैंक को अवगत करा दिया है जिनके प्रकाश में संशोधित मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार किये गये । स्थायी समिति की(9 अप्रैल 1984 को हुई)चौथी बैठक में किये गये निर्णयों के अनुसरण में एक और उपसमिति गठित की गयी। इसमें बैंकों, सरकारी विभागों और चीनी उद्योग के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसका कार्य चीनी उद्योग के पुनर्वास के लिए विस्तृत उपाय सुझाना है ।

2.155 The Standing Committee for *Sugar Industry* at its third meeting held on October 3,1983, constituted a Sub-Committee to examine the problems of valuation of sugar stocks. The Sub-Committee has since reported its findings to the Bank, in the light of which revised guidelines have been framed. In pursuance of the decision taken at the fourth meeting (held on April 9, 1984) of the Standing Committee, another Sub-Committee has been appointed, comprising representatives of banks, Government departments and the sugar industry, to suggest broad measures for rehabilitation of the sugar industry.

2.156 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान चाय उद्योग पर स्थायी समिति ने अपनी तीसरी बैठक आयोजित की । समिति ने मुख्य रूप से कलकत्ता में सितम्बर 1983 में रिज़र्व बैंक के बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा आयोजित सेमिनार की सिफारिशों पर चर्चा की थी । जिन अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की गयी, वे थे– चाय उत्पादन/निर्यात बढ़ाने के लिए किये जानेवाले उपाय, चाय की दलाली करनेवाली फर्मों और बैंकों द्वारा चाय बागानों का दोहरा वित्तपोषण, बागानों के विकास के लिए बैंक वित्त की उपलब्धता, दीर्घकालिक निवेश, चाय उद्योग की रुग्णता के पीछे कारण, उन्हें फिर से बसाने के लिए किये जानेवाले उपाय और सकल लाभ के एक खास हिस्से को अलग रखते हुए विकास गतिविधियों के लिए एक चाय विकास निधि का निर्माण । रिज़र्व बैंक ने अक्तूबर 1980 में गठित चाय

2.156 During the year under review, the Standing Committee for *Tea Industry* held its third meeting. The Committee mainly discussed the recommendations of the seminar conducted by the Bankers Training College of the RBI in September 1983 at Calcutta. Other important issues discussed included steps to be taken to increase tea production/exports, double financing of tea gardens by tea broking firms as well as by banks, availability of bank finance for development of gardens, long term investment, causes of sickness in tea industry, measures to be taken to revive them and creation of Tea Development Fund for financing developmental activities by setting aside certain percentage of gross profits. Reserve Bank has already issued detailed guidelines to the banks on the basis of recommendations of the Committee

उद्योग के 'वित्तपोषण। पर समिति की सिफारिशों के आधार पर बैंकों को पहले ही विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांत जारी कर दिये हैं।

on Financing of Tea Industry constituted by it in October 1980.

2.157 जूट उद्योग के लिए समिति दिसंबर 1982 में अपने गठन के बाद से तीन बैठकें कर चुकी है। 2 दिसंबर 1982 को हुई स्थायी समिति की पहली बैठक में किये गये निर्णय के अनुसरण में दो उपसमितियां गठित की गयी थीं। पहली उपसमिति का कार्य जूट उद्योग में क्षमतावाली रुग्ण इकाइयों का पता लगाना था और भविष्य में उन्हें उत्पादनशील बनाने के लिए अपेक्षित उपायों की सिफारिशें करनी थीं। दूसरी उपसमिति का कार्य जूट के माल के निर्यात के लिए मध्यकालिक दृष्टिकोण निर्धारित करना था और इस मूल्यांकन के प्रकाश में निर्यातों का स्तर बनाये रखने के लिए किये जानेवाले विभिन्न सुझावों पर विचार करना था। पहली समिति ने अपनी रिपोर्ट अक्तूबर 1983 में प्रस्तुत कर दी जिसमें उसने जूट मिलों के वर्गीकरण के लिए विस्तृत मानदंड और प्रत्येक वर्ग के पुनर्वास के लिए उपाय सुझाये थे। सुझाये गये उपायों में केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, बैंकों तथा मीयादी ऋण संस्थाओं, भारतीय निर्यात-आयात बैंक और स्वयं उद्योग से अपेक्षित सहायता शामिल है। बैंकों और वित्तीय संस्थाओं ने पहले ही मिलों के वर्गीकरण और उनकी संभाव्यता स्थापित करने के लिए आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी उपसमिति की रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

* Applicable for loans from banks to societies. The rates to be charged to the ultimate borrowers are the same as in the case of VII.2A, i.e. Agriculture (Direct Finance).

अग्रिमों की श्रेणी	21 अक्तूबर 1983 से पूर्व	21 अक्तूबर 1983 से लागू
(ii) विविध प्रयोजन (नाबार्ड द्वारा यथापरिभाषित)		
(क) लघु कृषकों को	8.50	8.50
(ख) दूसरों कृषकों को	11.00	11.00
3. गृह निर्माण		
(i) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लोगों को 5,000 रु. सहित और 5,000 रु. तक	4.00	4.00
(ii) दूसरों को 5,000 रु. सहित और 5,000 रु. तक	12.50	12.50
(iii) 5,000 रु. से अधिक और 50,000 रु. तक	13.50	13.50
(iv) 50,000 रु. से अधिक	15.00	15.00
4. सड़क परिवहन चालक		
(i) एक वाहन	12.50	
( ) दो वाहन तक	12.50	
(ii) दो या अधिक वाहन	15.00	
( ) तीन या अधिक वाहन	15.00	
5. अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यवसायी और स्वनियोजित व्यक्तियों तथा व्यवसायी और स्वनियोजित महिलाएं (मीयादी ऋण)	13.50	13.50
6. अन्य सभी मीयादी ऋण	15.00	15.00

* बैंकों से समितियों को दिये जानेवाले ऋणों पर लागू। अंतिम उधारकर्ता से ली जानेवाली दर VII2अ कृषि (प्रत्यक्ष वित्त) जैसी है।

Category of advances	Prior to October 21, 1983	Effective October 21, 1983
ii) Diversified purposes (as defined by NABARD)		
(a) To small farmers	8.50	8.50
(b) To other farmers	11.00	11.00
3. *Housing*		
i) SC/ST upto and inclusive of Rs.5,000	4.00	4.00
ii) Others upto and inclusive of Rs.5,000	12.50	12.50
iii) Over Rs.5,000 and upto Rs.50,000	13.50	13.50
iv) Above Rs.50,000	15.00	15.00
4. *Road Transport Operators*		
i) Single vehicle	12.50	
ii) Upto two vehicles		12.50
iii) Two or more vehicles	15.00	
iv) Three or more vehicles		15.00
5. *Professionals and self-employed persons belonging to SC/ST and professionals and self-employed women (term loans)*	13.50	13.50
6. *All other term loans*	15.00	15.00

परिशिष्ट II

रिज़र्व बैंक की प्रेषण सुविधा योजना के अंतर्गत तार अंतरणों, बैंक ड्राफ्टों और डाक अंतरणों की दरें

I. सामान्य जनता के लिए

सामान्य जनता के सदस्य और अन्य पार्टियां बैंक कार्यालयों, एजेन्सियों और ट्रेजरी एजेन्सियों के माध्यम से ड्राफ्टों तथा तार अंतरणों द्वारा तथा एजेन्सियों पर रखे गये खातों के बीच डाक अंतरणों द्वारा भी नीचे दर्शाये अनुसार निधियां प्रेषित कर सकते हैं :

5,000 रु. तक = 12 पै. %; ड्राफ्ट तथा डाक अंतरण के लिए न्यूनतम 25 पै. और तार अंतरण के लिए 1 रु. (इसमें तार प्रभार शामिल नहीं हैं)
5,000 रु. से अधिक = 6 पै. %; न्यूनतम 6 रु.।

II. बैंकिंग संस्थाओं के लिए

बैंकिंग संस्थाएं रिजर्व बैंक के कार्यालयों और एजेन्सियों के माध्यम से तार अंतरणों, डाक अंतरणों या ड्राफ्टों द्वारा नीचे दर्शाये अनुसार निधियां प्रेषित कर सकती हैं :

	सममूल्य पर या प्रीमियम पर	राशियों के संबंध में सीमा	प्रेषणों की आवृत्ति	टिप्पणी
	1	2	3	4
(अ) अनुसूचित बैंक				
1. रिजर्व बैंक कार्यालयों में रखे खातों के बीच	सममूल्य पर	50,000 रु. के न्यूनतम के अधीन 10,000 रु. के गुणजों में	कोई सीमा नहीं	
2. (क) किसी एजेंसी कार्यालय से रिजर्व बैंक के पास रखे खाते में	सममूल्य पर	25,000 रु. के न्यूनतम के अधीन 5,000 रु. के गुणजों में	एक सप्ताह में चार बार	अनुसूचित बैंक कार्यालयों, शाखाओं, उप-कार्यालयों या भुगतान कार्यालयों में से प्रत्येक को प्रेषण की अनुमति है, किंतु यह पिछले स्तंभों में दी गयी शर्तों के अधीन होगी।
(ख) रिजर्व बैंक के पास रखे खाते से किसी एजेंसी कार्यालय में	सममूल्य पर	—वही—	एक सप्ताह में पंद्रह बार	
3. किसी एजेंसी कार्यालय से रिज़र्व बैंक में रखे उसके खाते में किये गये दूसरे प्रेषण	प्रीमियम पर- 2 पैसे % न्यूनतम 1 रु.	कोई सीमा नहीं	कोई सीमा नहीं	
4. निम्नलिखित के पक्ष में किये गये दूसरे प्रेषण :				
(क) स्वयं या किसी वाणिज्य या सहकारी बैंक या किसी सहकारी समिति	5,000 रु. तक 3 पैसे % न्यूनतम 1* रु 5,000 रु. से अधिक 2 पैसे % न्यूनतम 1.50 रु.	कोई सीमा नहीं	कोई सीमा नहीं	
(ख) दूसरी पार्टियां	5,000 रु. तक 6 पैसे % न्यूनतम 1 रु.* 5,000 रु. से अधिक 3 पैसे % न्यूनतम 3 रु	कोई सीमा नहीं	कोई सीमा नहीं	
(आ) गैर-अनुसूचित बैंक				
1. रिजर्व बैंक के कार्यालयों में रखे खातों के बीच	सममूल्य पर	20,000 रु. के न्यूनतम के अधीन 5,000 रु. के गुणजों में	कोई सीमा नहीं	
2. (i) किसी एजेंसी कार्यालय से रिजर्व बैंक के पास रखे खाते में	सममूल्य पर	10,000 के न्यूनतम के अधीन 5,000 रु. के गुणजों में	एक सप्ताह में चार बार	अनुसूचित बैंक कार्यालयों, शाखाओं, उपकार्यालयों, या भुगतान कार्यालयों में से प्रत्येक को प्रेषण की अनुमति है, किन्तु यह पिछले स्तंभों में दी गयी शर्तों के अधीन होगी।

* छोटी राशियों के लिए ड्राफ्ट 12 पै. न्यूनतम 0.25 रु.

APPENDIX II

RATES FOR TELEGRAPHIC TRANSFERS, BANK DRAFTS AND MAIL TRANSFERS UNDER THE RESERVE BANK'S REMITTANCE FACILITIES SCHEME.

I. For General Public

Members of the general public and other parties may remit funds by drafts and telegraphic transfers through offices of the Bank, agencies and treasury agencies and also by mail transfers between accounts maintained at agencies as indicated below:

Upto Rs. 5,000 = 12 P %; Minimum 25 P for drafts and mail transfers and Re. 1 for telegraphic transfers (excluding telegram charges)

Over Rs.5,000 = 6 P %; Minimum Rs.6.

II. For Banking Institutions

Banking institutions may remit funds by telegraphic transfers, mail transfers or drafts through offices of the Bank and agencies as detailed below.

		Whether at par or at premium	Limits on amounts	Frequency of remittances	Remarks
(A)	SCHEDULED BANKS				
1.	Between accounts at RBI offices	At par	In multiples of Rs.10,000, subject to a minium of Rs. 50,000.	No limit	—
2.	(a) From an agency office to an account maintained with RBI	At par	In multiples of Rs. 5,000, subject to a minimum of Rs. 25,000.	Four times a week	Remittances are permitted to each of the scheduled bank offices, branches, sub-offices or pay offices, subject to the conditions specified in the preceding columns.
	(b) From an account with RBI to an an agency office	At par	-do-	Fifteen times a week	—
3.	Other remittances to its account with RBI from an agency office.	At premium– 2 P %; minimum Re. 1	No limit	No limit	—
4.	Other remittances favouring–				
	(a) Themselves or a commercial or co-operative bank or a co-operative society	Upto Rs. 5,000–3 P % minimum Re. 1* Over Rs. 5,000–2 P % minimum Rs. 1.50	-do-	-do-	—
	(b) Other parties	Upto Rs. 5,000–6 P %; minimum Re. 1* Over Rs. 5,000–3 P%; minimum Rs. 3	-do-	-do–	—
(B)	NON-SCHEDULED BANKS				
1.	Between accounts at RBI offices	At par	In multiples of Rs. 5,000, subject to a minimum of Rs. 20,000.	No limit	—
2.	(i) From an agency office to an account maintained with the RBI	At par	In multiples of Rs.5,000, subject to a minimum of Rs.10,000.	Four times a week	Remittances are permitted to each of the non-scheduled bank offices, branches, sub-offices or pay offices, subject to the conditions specified in the preceding columns.

* Drafts for small amounts at 12P%; minimum Re. 0.25.

	सममूल्य पर या प्रीमियम पर	राशियों के संबंध में सीमा	प्रेषणों की आवृत्ति	टिप्पणी
	1	2	3	4
(ii) रिजर्व बैंक के पास रखे खाते से किसी एजेंसी कार्यालय में	सममूल्य पर	10,000 के न्यूनतम के अधीन 5,000 रु. के गुणजों में	एक सप्ताह में पंद्रह बार	
3. निम्नलिखित के पक्ष में किये गये दूसरे प्रेषण :				
(क) स्वयं को	प्रीमियम पर	5,000 रु. तक 3 पैसे % न्यूनतम 1 रु.* 5,000 रु. से अधिक 2 पैसे % न्यूनतम 1.50 रु.	—	—
(ख) तीसरी पार्टियां	प्रीमियम पर	5,000 रु. तक 6 पैसे % न्यूनतम 1 रु.* 5,000 रु. से अधिक 3 पैसे % न्यूनतम 3 रु.	—	—
इ. राज्य सहकारी बैंक				
1. रिजर्व बैंक के कार्यालयों में रखे खातों के बीच	सममूल्य पर	50,000 रु. के न्यूनतम के अधीन 10,000 रु. के गुणजों में	कोई सीमा नहीं	किन्हीं दो राज्य सहकारी बैंकों के खातों के बीच भी प्रेषणों की अनुमति है।
2. (i) किसी एजेंसी कार्यालय से : (क) रिजर्व बैंक के पास रखे किसी खाते में (ख) किसी एजेंसी कार्यालय के पास रखे राज्य सहकारी बैंक के प्रधान कार्यालय के खाते में	सममूल्य पर	25,000 रु. के न्यूनतम के अधीन 5,000 रु. के गुणजों में	एक सप्ताह में चार बार	मध्यवर्ती और औद्योगिक सहकारी बैंकों को उन राज्य सहकारी बैंकों की शाखाओं के रूप में माना गया है जिनके साथ वे इन सुविधाओं के प्रयोजन के लिए संबद्ध किये गये हैं।
(ii) रिजर्व बैंक के पास रखे किसी खाते से किसी एजेंसी कार्यालय में	सममूल्य पर	25,000 रु. के न्यूनतम के अधीन 5,000 रु. के गुणजों में	एक सप्ताह में पंद्रह बार	राज्य सहकारी बैंक देश के केन्द्रों में स्थित अपनी शाखाओं को एक सप्ताह में कुल मिलाकर केवल 15 प्रेषण कर सकता है, न की अपनी प्रत्येक शाखा को 15 प्रेषण।
3. किसी एजेंसी कार्यालय से उसके द्वारा रिजर्व बैंक के पास रखे खाते में किये जानेवाले दूसरे प्रेषण	प्रीमियम पर	2 पैसे % न्यूनतम 1 रु.	कोई सीमा नहीं	—

APPENDIX II *(continued)*

	Whether at par or at premium	Limits on amounts	Frequency of remittances	Remarks
(ii) From an account with the RBI to an agency office	At par	In multiples of Rs. 5,000, subject to a minimum of Rs. 10,000.	Fifteen times a week	–
3. Other remittances favouring :				
(a) themselves	At premium	Upto Rs. 5,000–3P%; minimum Re. 1* Over Rs. 5,000–2P%; minimum Rs. 1.50	–	–
(b) third parties	At premium	Upto Rs. 5,000–6P%; minimum Re. 1* Over Rs. 5,000–3P%; minimum Rs. 3	–	–
(C) STATE CO-OPERATIVE BANKS				
1. Between accounts at *RBI offices*	At par	In multiples of Rs. 10,000, *subject to a minimum* of Rs. 50,000.	No limit	Remittances are also *allowed between accounts* of any two state co-operative banks.
2. *(i)* From an agency office: *(a)* to an account maintained with RBI *(b)* to the head office account of the state co-op. bank maintained with an agency office.	At par	In multiples of Rs. 5,000, subject to a minimum of Rs. 25,000.	Four times a week	Central and industrial co-operative banks are treated as branches of state co-operative banks to which they are affiliated for the purposes of these facilities.
(ii) From an account with RBI to an agency office.	At par	In multiples of Rs. 5,000, subject to a minimum of Rs. 25,000.	Fifteen times a week	A state co-operative bank can make only 15 remittances in all in a week to any of its branches at up-country centres and not 15 remittances to each of its branches.
3. Other remittances to an account which it maintains with the RBI from an agency office.	At premium	2 P%; minimum Re. 1	No limit	–

	सममूल्य पर या प्रीमियम पर	राशियों के संबंध में सीमा	प्रेषणों की आवृत्ति	टिप्पणी
	1	2	3	4
4. निम्नलिखित के पक्ष में किये जानेवाले दूसरे सभी प्रेषण :				
(क) स्वयं को	प्रीमियम पर	5,000 रु. तक 3 पैसे % न्यूनतम 0.25 रु.	कोई सीमा नहीं	(i) किसी राज्य सहकारी बैंक के साथ संबद्ध मध्यवर्ती और औद्योगिक सहकारी बैंकों को राज्य सहकारी बैंक की शाखाओं के रूप में माना गया है।
	*	5,000 रु. से अधिक 2 पैसे % न्यूनतम 1.50 रु.		(ii) किसी राज्य सहकारी बैंक या समिति को उसके पक्ष में राज्य सहकारी बैंक की सूचना पर किसी भी केन्द्र में प्रेषण जारी किये जायेंगे, चाहे उस केन्द्र में उसका कार्यालय हो या न हो।
(ख) तीसरी पार्टियां	प्रीमियम पर	5,000 रु. तक 6 पैसे % न्यूनतम 0.25 रु.	कोई सीमा नहीं	
		5,000 रु. से अधिक 3 पैसे % न्यूनतम 3 रु.		

* छोटी राशियों के लिए ड्राफ्ट 12 पै. %; न्यूनतम 0.25 रु.

टिप्पणी : (i) "सप्ताह" से आशय है शनिवार से प्रारंभ होनेवाली और आगामी शुक्रवार को समाप्त होनेवाली अवधि।

(ii) जिन मामलों में प्रेषण तार अंतरण द्वारा भेजे जाते हैं उन मामलों में विनिमय प्रभारों के अतिरिक्त तार प्रभार भी देय हैं।

(iii) अन्य प्रेषण ट्रेजरी एजेंसियों को अथवा उनसे भी भेजे जा सकते हैं।

(iv) वे राज्य सहकारी बैंक जो अनुसूचित बैंक हैं, केवल योजना 'इ' के अंतर्गत प्रेषण सुविधाओं का लाभ स्वयं उठा सकते हैं, न कि योजना 'अ' के अंतर्गत।

(v) वे सहकारी बैंक/समितियां भी उपर्युक्त मद (4) के अनुसार प्रेषण सुविधाएं प्राप्त करने की पात्र हैं जो किसी राज्य सहकारी बैंकों से संबंध नहीं हैं।

स्रोत : सरकारी और बैंक लेखा विभाग, रिजर्व बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक प्रेषण सुविधा योजना, 1975 की पुस्तिका

APPENDIX II *(Concld.)*

	Whether at par or at premium	Limits on amounts	Frequency of remittances	Remarks
4. Other remittances favouring :				
(a) themselves	At premium	Upto Rs. 5,000–3 P%; minimum Re. 0.25. Over Rs. 5,000–2 P%; minimum Rs. 1.50	No limit	(i) Central and industrial co-op. banks affiliated to a state co-op. bank are treated as branches of the latter. *(ii)* Remittances will be issued to a state co-op. bank or society in its own favour on any centre at the instance of the state co-op. bank irrespective of whether it has an office at that centre or not.
(b) Third parties	At premium	Upto Rs. 5,000–6 P%; minimum Re. 0.25. Over Rs. 5,000–3 P%; minimum Rs. 3.	No limit	–

* Drafts for small amounts at 12 P %; minimum Re. 0.25.

Notes : (i) 'Week' means the period commencing from a Saturday and ending with the succeeding Friday.

(ii) Where remittances are sent by telegraphic transfer, telegram charges are payable in addition to the exchange charges.

(iii) 'Other Remittances' can also be made to or from treasury agencies.

(iv) State co-operative banks, which are scheduled banks, will be able to avail themselves of remittance facilities only under Scheme C and not under Scheme A.

(v) Co-operative banks/societies which are not affiliated to any state co-operative bank are also entitled to remittance facilities as in item (4) above.

Source : Department of Government and Bank Accounts RBI, and Booklet on Reserve Bank of India Remittance Facilities Scheme, 1975.

अध्याय 3
सहकारी बैंक व्यवसाय

विहगावलोकन

12 जुलाई 1982 को स्थापित राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि तथा दूसरे आर्थिक कार्यों के लिए ऋण के क्षेत्र में नीति, आयोजना और परिचालन से संबंधित सभी विषयों की प्रामाणिक शिखर संस्था है । यह (i) ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के प्रोत्साहन के लिए निवेश और उत्पादक ऋण देनेवाली संस्थाओं के लिए एक शिखर पुनर्वित्त एजेंसी के रूप में काम करता है: (ii) संस्थानिक ढांचे को मजबूत करने, निगरानी करने, पुनर्वास योजनाओं का निर्माण करने तथा कार्मिकों को प्रशिक्षण देने आदि के उपाय करता है: (iii) क्षेत्र स्तर पर विकासात्मक कार्य में लगी हुई सभी संस्थाओं के ग्रामीण वित्त पोषण संबंधी कार्यकलापों को समन्वित करता है तथा भारत सरकार, राज्य सरकारों, भारतीय रिज़र्व बैंक तथा नीति निर्धारण से संबंधित अन्य राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं के बीच सम्पर्क बनाये रखता है: और (iv) जिन परियोजनाओं के लिए यह पुनर्वित्त प्रदान करता है, उनकी निगरानी और मूल्यांकन करता है । यह समस्त बड़े राज्यों की राजधानियों में स्थित अपने 16 क्षेत्रीय कार्यालयों और तीन उप कार्यालयों के माध्यम से पूरे देश में कार्य करता है ।

3.2 वर्ष 1982-83 (जुलाई-जून) अद्यतन वर्ष है जिसके आंकड़े उपलब्ध हैं । इस वर्ष के दौरान सहकारी बैंकिंग क्षेत्र (राज्य सहकारी बैंक, मध्यवर्ती सहकारी बैंक, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों तथा प्राथमिक सहकारी बैंकों को एक साथ लिया गया है) की जमा वृद्धि दर में 1981-82 की 16.0 प्रतिशत की तुलना में 20.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई । बैंक समूहवार, जहां राज्य सहकारी बैंकों की जमा वृद्धि दर पिछले वर्ष के 13.1 प्रतिशत से घटकर वर्ष 1982-83 में 11.8 प्रतिशत रह गयी, वहीं मध्यवर्ती सहकारी बैंकों, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों और प्राथमिक सहकारी बैंकों

CHAPTER 3
CO-OPERATIVE BANKING

Overview

The National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD), which was set up on July 12, 1982, is the apex institution accredited with all matters concerning policy, planning and operations in the field of credit for agriculture and other economic activities in rural areas. It (i) serves as an apex refinancing agency for the institutions providing investment and production credit for promoting the various developmental activities in rural areas; (ii) takes measures for strengthening the institutional set-up, monitoring, formulation of rehabilitation schemes, restructuring of credit institutions, training of personnel, etc.; (iii) co-ordinates the rural financing activities of all the institutions engaged in developmental work at the field level and maintains liaison with Government of India, State Governments, Reserve Bank of India and other national level institutions concerned with policy formulation; and (iv) undertakes monitoring and evaluation of projects refinanced by it. It operates throughout the country through its 16 Regional Offices located in the capitals of all the major States and 3 sub-offices.

3.2 During 1982-83 (July-June) — the latest year for which the data are available, the rate of growth of deposits of the co-operative banking sector (SCBs, CCBs, PACS and PCBs taken together) improved to 20.1 per cent, as compared to 16.0 per cent in 1981-82. Bank-group-wise, while the deposit growth rate of SCBs decelerated to 11.8 per cent in 1982-83 from 13.1 per cent in the previous year, the rate of growth in deposits for CCBs, PACS and PCBs was higher at 15.0 per cent, 21.3 per cent and 38.1 per cent,

की जमाराशियों में एक वर्ष पूर्व की क्रमशः 14.2 प्रतिशत, 7.9 प्रतिशत और 24.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में क्रमशः 15.0 प्रतिशत, 21.3 प्रतिशत और 38.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

respectively, as compared with a rise of 14.2 per cent, 7.9 per cent and 24.0 per cent, respectively, a year ago.

3.3 सहकारी बैंकिंग क्षेत्र की कुल जमाराशि में प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों का काफी बड़ा हिस्सा होता है। इन बैंकों ने कुल जमाराशियों के अपने हिस्से में जून 1982 के अंत के 24.9 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में जून 1983 के अंत में 28.6 प्रतिशत की वृद्धि की। जून 1983 के अंत में कुल बकाया जमाराशियों में राज्य सहकारी बैंकों, मध्यवर्ती सहकारी बैंकों और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का हिस्सा क्रमशः 26.6 प्रतिशत, 40.0 प्रतिशत और 4.8 प्रतिशत था।

3.3 The primary urban co-operative banks (PCBs), which account for a substantial portion of the aggregate deposits of co-operative banking sector, further improved their share in total deposits from 24.9 per cent at the end of June 1982 to 28.6 per cent at end-June 1983. At the end of June 1983, the shares of SCBs, CCBs and PACS in aggregate outstanding deposits were 26.6 per cent, 40.0 per cent and 4.8 per cent, respectively.

3.4 वर्ष 1982-83 के दौरान राज्य सहकारी बैंकों की ऋण वसूली में प्रगति सहकारी बैंकिंग क्षेत्र की एक विशेष बात रही: बकाया ऋणों में अतिदेय राशियों का प्रतिशत वर्ष 1981-82 के 6.6 की तुलना में घट कर 6.3 हो गया तथापि मध्यवर्ती सहकारी बैंकों और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के मामले में बकाया ऋणों में अतिदेय राशियों का प्रतिशत अपेक्षाकृत अधिक था। वर्ष के दौरान यह प्रतिशत मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के मामले में 29.7 से बढ़कर 30.9 तथा प्राथमिक कृषि सहकारी संस्थाओं के मामले में 40.6 से बढ़ कर 42.1 हो गया।

3.4 A noticeable feature of the co-operative banking sector during 1982-83 was the improvement in recovery performance of SCBs; the percentage of overdues to loans outstanding declined from 6.6 per cent in 1981-82 to 6.3 per cent. In the case of CCBs and PACS, however, the percentage of overdues to loans outstanding was quite large. Over the year, this percentage increased from 29.7 per cent to 30.9 per cent in the case of CCBs and from 40.6 per cent to 42.1 per cent in respect of PACS.

सहकारी ऋण संस्थाओं की प्रगति

Progress of Credit Co-operatives

3.5 सहकारी ऋण संस्थाओं द्वारा 1980-81 से 1982-83 के दौरान की गयी प्रगति सारणी 3.1 में दर्शायी गयी है। 27 राज्य सहकारी बैंकों की जमाराशियां (28 राज्य सहकारी बैंको के संबंध में) जून 1982 के अंत के 1,894 करोड़ रुपये से बढ़कर जून 1983 के अंत में 2,117 करोड़

3.5 The progress made by co-operative credit institutions during 1980-81 to 1982-83 is indicated in Table 3.1. Deposits with 27 State Co-operative Banks (SCBs) increased from Rs.1,894 crores at the end of June 1982 to Rs.2,117 crores by end-June 1983

सारणी 3.1 : भारत में सहकारी ऋण संबंधी गतिविधियां

(करोड़ रुपये)

संस्था का प्रकार	मदें	सहकारी वर्ष (जुलाई- जून)		
		1980-81	1981-82	1982-83 £
(क) राज्य सहकारी बैंक	संख्या	27	27	28
	स्वाधिकृत निधियां	345	398	473
	जमाराशियां	1,674	1,894	2,117
	रिज़र्व बैंक से लिये गये ऋण	462	742	955
	उसमें से : अल्पावधि कृषि प्रयोजन	291	528	573
	कार्यकारी पूंजी	2,749	3,356	3,895
	जारी किये गये ऋण	2,870	3,804	4,190
	बकाया ऋण	1,836	2,512	2,906
	अतिदेय ऋण	162	165	183
(ख) मध्यवर्ती सहकारी बैंक	संख्या	337	338	340
	स्वाधिकृत निधियां	669	733	825
	जमाराशियां	2,423	2,768	3,184
	उसमें से : अल्पावधि कृषि प्रयोजन	1,019	1,412	1,735
	कार्यकारी पूंजी	4,572	5,327	6,241
	जारी किये गये ऋण	3,211	4,059	4,508
	बकाया ऋण	2,987	3,683	4,305
	अतिदेय ऋण	940	1,094	1,330
(ग) राज्य/मध्यवर्ती भूमि विकास बैंक	संख्या	19	19	19
	स्वाधिकृत निधियां	295	327	352
	बकाया डिबेंचर	1,984	2,135	2,325
	कार्यकारी पूंजी	2,544	2,637	2,845
	जारी किये गये ऋण	363	369	426+
	बकाया ऋण	1,697	1,855	2,047+
	अतिदेय ऋण @	291	236	285
	मध्यवर्ती/प्राथमिक भूमि विकास बैंकों द्वारा व्यक्तियों को दिये गये :			
	(क) जारी किये गये	363	—	—
	(ख) बकाया	1,611	—	—
	(ग) अतिदेय	238	—	—
(घ) प्राथमिक कृषि ऋण समितियां	संख्या (हजार में)	94	94	94
	सदस्यता (हजार में)	57,653	60,999	63,312
	स्वाधिकृत निधियां	758	824	880
	जमाराशियां	291	314	381
	उधार	2,443	2,742	2,858
	जारी किये गये कुल ऋण	1,769	2,110	2,291
	कृषि प्रयोजन के लिए ऋण	1,617	—	—
	उसमें से:		—	—
	मीयादी ऋण	215	—	—
	कुल बकाया ऋण	2,621	2,966	3,108
	कुल अतिदेय ऋण	1,086	1,205	1,309
(ङ) प्राथमिक सहकारी बैंक *	संख्या	1,228	1,258	1,281
	स्वाधिकृत निधियां	230	282	393
	जमाराशियां	1,331	1,650	2,278
	उधार	92	146	313
	जारी किये गये ऋण	1,071	1,425	1,802

— उपलब्ध नहीं । £ अनंतिम आंकड़े @ ब्याज अतिदेय शामिल है । * वेतनभोगी समितियां शामिल हैं ।

+ दीर्घावधि ऋण

स्रोत : नाबार्ड और भारतीय रिज़र्व बैंक

TABLE 3.1 : PROGRESS OF CO-OPERATIVE CREDIT MOVEMENT IN INDIA

(Rupees crores)

Type of Institution	Items	Co-operative Year (July-June) 1980-81	1981-82	1982-83
(a) State Co-operative Banks	Number	27	27	28
	Owned Funds	345	398	473
	Deposits	1,674	1,894	2,117
	Borrowings from RBI/NABARD	462	742	955
	Of which:			
	Short-term agricultural purposes	291	528	573
	Working Capital	2,749	3,356	3,895
	Loans issued	2,870	3,804	4,190
	Loans outstanding	1,836	2,512	2,906
	Loans overdue	162	165	183
(b) Central Co-operative Banks	Number	337	338	340
	Owned Funds	669	733	825
	Deposits	2,423	2,768	3,184
	Borrowings from RBI/NABARD/Apex Banks	1,019	1,412	1,735
	Working capital	4,572	5,327	6,241
	Loans issued	3,211	4,059	4,508
	Loans outstanding	2,987	3,683	4,305
	Loans overdue	940	1,094	1,330
(c) State/Central Land Development Banks	Number	19	19	19
	Owned Funds	295	327	352
	Debentures outstanding	1,984	2,135	2,325
	Working Capital	2,544	2,637	2,845
	Loans issued	363	369	426+
	Loans outstanding	1,697	1,855	2,047+
	Loans overdue @	291	236	285
	Loans to individuals by CLDBs/PLDBs:			
	a) Issued	363	..	..
	b) Outstanding	1,611	..	..
	c) Overdue	238	..	..
(d) Primary Agricultural Credit Societies	Number (000 s)	94	94	94
	Membership (000 s)	57,653	60,999	63,312
	Owned Funds	758	824	880
	Deposits	291	314	381
	Borrowings	2,443	2,742	2,858
	Total loans issued	1,769	2,110	2,291
	Loans for agricultural purposes	1,617	..	..
	Of which: term loans	215	..	..
	Total loans outstanding	2,621	2,966	3,108
	Total loans overdue	1,086	1,205	1,309
(e) Primary Co-operative Banks*	Number	1,228	1,258	1,281
	Owned Funds	230	282	393
	Deposits	1,331	1,650	2,278
	Borrowings	92	146	313
	Loans outstanding	1,071	1,425	1,802

.. Not available.

@ Includes interest overdue.

* Include salary earners' societies.

\+ Long-term loans.

Source: NABARD and RBI.

रुपये हो गयीं अर्थात 1981-82 के दौरान हुई 220 करोड़ रुपये अथवा 13.1 प्रतिशत का तुलना में 223 करोड़ रुपये अथवा 11.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यद्यपि वर्ष के दौरान सहकारी बैंकों द्वारा जारी किये गये ऋण की कुल राशि 4,190 करोड़ रुपये थी, जो 386 करोड़ रुपये अधिक थी, किन्तु 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर 1981-82 (32.5 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम थी। इसके अतिरिक्त राज्य सहकारी बैंकों के वसूली कार्य में और सुधार हुआ। बकाया ऋणों में अतिदेय राशि का प्रतिशत जून 1982 के अंत के 6.6 प्रतिशत से गिरकर जून 1983 के अंत में 6.3 प्रतिशत हो गया।

(with 28 SCBs) i.e., an increase of Rs.223 crores or 11.8 per cent, as against a rise of Rs.220 crores or 13.1 per cent during 1981-82. Though the total amount of loans issued by the SCBs during the year at Rs.4,190 crores was higher by Rs.386 crores, the rate of growth at 10.1 per cent was much lower than that (32.5 per cent) in 1981-82. There was a further improvement in the recovery performance of SCBs; the percentage of overdues to loans outstanding declined to 6.3 per cent at the end of June 1983 from 6.6 per cent at end-June 1982.

3.6 जून 1983 के अंत में मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की संख्या 340 थी, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 338 थी। 1982-83 के दौरान मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की जमाराशियां 416 करोड़ रुपये अथवा 15.0 प्रतिशत बढ़कर 3,184 करोड़ रुपये हो गयीं, जबकि गत वर्ष यह वृद्धि 345 करोड़ रुपये अथवा 14.2 प्रतिशत थी। वर्ष 1982-83 के दौरान मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों की कुल राशि 4,508 करोड़ रुपये, वर्ष 1981-82 के 26.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में पिछले वर्ष से 11.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। वर्ष के दौरान बकाया ऋणों में अतिदेय राशियों का प्रतिशत भी 29.7 से बढ़कर 30.9 हो गया है।

3.6 There were 340 Central Co-operative Banks (CCBs) at the end of June 1983, as compared to 338 a year earlier. Deposits with CCBs increased by Rs.416 crores or 15.0 per cent to Rs.3,184 crores during 1982-83 as compared with a deposit growth of Rs.345 crores or 14.2 per cent in the preceding year. The total amount of loans issued by CCBs during 1982-83 at Rs.4,508 crores, showed a rise of 11.1 per cent as against an increase of 26.4 per cent in 1981-82. The percentage of overdues to loans outstanding also increased over the year from 29.7 per cent to 30.9 per cent.

3.7 पुनर्गठन नीति के अंतर्गत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को समर्थ यूनिटों में बदलने के परिणामस्वरूप समितियों की संख्या जून 1982 के अंत के 94,270 से घट कर जून 1983 के अंत में 94,089 रह गयी। तथापि 1982-83 के दौरान प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की सदस्यता में 23 लाख (3.8 प्रतिशत) की वृद्धि हुई और वह 633 लाख हो गयी। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की जमाराशियों में तेजी से वृद्धि हुई और यह जून 1982 के अंत की 314 करोड़ रुपये से बढ़कर जून 1983 के अंत में 381 करोड़ रुपये हो गयीं। इस प्रकार गत वर्ष इनमें हुई 7.9 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में 21.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष

3.7 As a result of the policy of reorganisation of PACS into viable units followed over the years, the number of PACS declined from 94,270 at end-June 1982 to 94,089 by the end of June 1983. The membership of PACS during 1982-83, however, rose by 23 lakhs (3.8 per cent) to 633 lakhs. A sharp rise was noticed in deposits of PACS from Rs.314 crores at end-June 1982 to Rs.381 crores by end-June 1983, recording a growth rate of 21.3 per cent as against 7.9 per cent in the previous year. Loans disbursed by PACS during the year, at Rs.2,291 crores, recorded a smaller rise of Rs.181 crores or

कृषि प्रयोजनों के लिए सहकारी ऋण

CO-OPERATIVE LOANS FOR AGRICULTURAL PURPOSES



(जुलाई - जून JULY – JUNE)

कृषि प्रयोजनों के लिए नाबार्ड ऋण
(करोड़ रुपये)

7 NABARD CREDIT FOR AGRICULTURAL PURPOSES

(CRORES OF RUPEES)

सहकारी ऋण संस्थाओं की शेयर पूंजी में अंशदान के लिए राज्य सरकारों को ऋण

LOANS TO STATE GOVERNMENTS FOR CONTRIBUTION TO SHARE CAPITAL OF CO-OPERATIVE CREDIT INSTITUTIONS



(अप्रैल – मार्च APRIL-MARCH)

मौसमी कृषि कार्यों के लिए राज्य सहकारी बैंकों को प्रदान किए गए अल्पावधि ऋण

SHORT-TERM LOANS PROVIDED TO STATE CO-OPERATIVE BANKS FOR SEASONAL AGRICULTURAL OPERATIONS



(जुलाई – जून JULY-JUNE)

नाबार्ड के कार्य (योजना वित्त)
(करोड़ रुपये)

8 OPERATIONS OF NABARD (SCHEME FINANCE)

(CRORES OF RUPEES)



(जुलाई – जून JULY-JUNE)

के दौरान प्राथमिक कृषि-ऋण समितियों द्वारा दिये गये ऋणों की राशि 2,291 करोड़ रुपये थी, जिसमें 181 करोड़ रुपये अथवा 8.6 प्रतिशत की थोड़ी-सी वृद्धि हुई जबकि वर्ष 1981-82 के दौरान इसमें 341 करोड़ रुपये अथवा 19.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की ऋण वसूली असंतोषजनक रही। इसके अतिरिक्त प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की अतिदेय ऋण राशियां जून 1982 के अंत की 1,205 करोड़ रुपये से बढ़कर जून 1983 के अंत में 1,309 करोड़ रुपये हो गयीं, जो कुल बकाया ऋणों का 42.1 प्रतिशत हैं।

8.6 per cent as compared with Rs.341 crores or 19.3 per cent during 1981-82. The recovery performance of the PACS continued to be unsatisfactory. The overdue loans of PACS further increased from Rs.1,205 crores at the end of June 1982 to Rs.1,309 crores at the end of June 1983 forming 42.1 per cent of total loans outstanding.

3.8 प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों की संख्या जून 1982 के अंत की 1,258 से बढ़कर जून 1983 के अंत में 1,281 हो गयी। जून 1983 के अंत की उनकी 2,278 करोड़ रुपये की जमाराशियों में काफी सुधार हुआ और गत वर्ष की 319 करोड़ रुपये (24.0 प्रतिशत) की तुलना में 628 करोड़ रुपये अथवा 38.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जून 1983 के अंत में प्राथमिक सहकारी बैंकों के बकाया ऋणों की 1,802 करोड़ रुपये की कुल राशि पूर्ववर्ती वर्ष के 354 करोड़ रुपये अथवा 33 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 1982-83 में 377 करोड़ रुपये अथवा 26.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

3.8 The number of primary (urban) co-operative banks (PCBs) increased from 1,258 at the end of June 1982 to 1,281 by end-June 1983. Their deposits at Rs.2,278 crores at end-June 1983 showed a sizeable increase of Rs.628 crores or 38.1 per cent as compared with a rise of Rs.319 crores (24.0 per cent) in the previous year. The total amount of outstanding credit of the PCBs at the end of June 1983 at Rs.1,802 crores showed a rise of Rs.377 crores or 26.5 per cent in 1982-83 as against an increase of Rs.354 crores or 33 per cent in the preceding year.

ऋण नीति

जमा और ऋण ब्याज दरें

3.9 **जमाराशि पर ब्याज दर-** पुनरीक्षणाधीन वर्ष के दौरान जमाराशियों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रहीं। तथापि, जमाराशियों के समयपूर्व आहरण पर दंड वसूली इत्यादि से संबंधित दरों में कुछ परिवर्तन, जो वाणिज्य बैंकों और सहकारी बैंकों दोनों पर 1 मई 1983 से लागू होते थे, पहली अगस्त 1983 से रिज़र्व बैंक द्वारा प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों पर भी लागू कर दिये गये हैं। ये परिवर्तन संक्षेप में इस प्रकार हैं:

Credit Policy

Deposit and Lending Rates

3.9 *Deposit Rate* – The structure of interest rates on deposits remained unchanged during the year under review. However, some changes in the rates regarding levy of penalty, etc. on premature withdrawal of deposits, which were applicable to both the commercial and co-operative banks since May 1, 1983, were made applicable also to primary (urban) co-operative banks by the Reserve Bank with effect from August 1,

(i) सावधि जमाराशियों के समयपूर्व आहरण के लिए दंडस्वरूप ब्याज की दर 2 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत कर दी गयी है।
(ii) पुनर्निवेश योजना के अंतर्गत निर्धारित अवधि से पूर्व आहरण अथवा नवीकरण कराने के समय दिये जाने वाला ब्याज अनुमत दर पर चक्रवृद्धि ब्याज दिया जायेगा। (iii) आवर्ती जमा खातेदारों को बिना किसी दंड के निर्धारित अवधि से पूर्व शेष राशि को सावधि जमा खाते में बदलने की अनुमति दी गयी, (iv) मृत जमाकर्ता के चालू खाते की शेष राशि के मामले में, उसके वैधानिक उत्तराधिकारियों को शेष राशि का भुगतान करने तक, उस राशि पर वही ब्याज दर दी जायेगी जो जमा बचत पर लागू होती है, और (v) मृत जमाकर्ता के नाम से सावधि जमा के संबंध में, जमा की अवधि की समाप्ति की तारीख से उस तारीख तक, जिसमें मृतक के उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों को वास्तव में जमाराशि चुकायी गयी हो, की अवधि के ब्याज का भुगतान जो अब तक विवेकाधीन था, अनिवार्य बना दिया गया है। वर्ष के दौरान, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को उनके यहां सहकारी संस्थाओं के नाम से खोले गये बचत खातों पर समय-समय पर रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित दर और ढंग से ब्याज अदा करने की अनुमति दी गयी है।

1983. These changes in brief are: (i) the rate of penalty for premature withdrawal of term deposits was reduced from 2 per cent to 1 per cent; (ii) the interest to be paid on premature withdrawals or renewal under re-investment plan shall be at compound interest at the permissible rates; (iii) recurring deposit account holders were allowed to convert the balances before maturity into fixed deposits without any penalty; (iv) in the case of balances lying in current account in the name of a deceased depositor, interest would be paid at the rate applicable to savings deposits till the balances are paid to legal heirs; and (v) as regards a term deposit standing in the name of a deceased depositor, payment of interest for the period from the date of maturity of the deposit to the date on which the deposit is actually repaid to the heir/heirs of the deceased depositor, which was discretionary so far, was made obligatory. During the year, the RRBs were allowed to pay interest on savings bank accounts opened with them in the names of co-operative institutions at the rate and in the manner prescribed in this regard by the Reserve Bank from time to time.

3.10 **ऋण दर – रिज़र्व बैंक ने शहरी सहकारी बैंकों द्वारा अग्रिम की तीन श्रेणियों के लिए ली जानेवाली ब्याज की दर के संशोधन को 2 जनवरी 1984 से लागू किया है। संशोधित दरें अगले पृष्ठ पर दी गयी हैं।**

3.10 *Lending rates* – The Reserve Bank effected revisions in the rates of interest to be charged by urban co-operative banks for three categories of advances with effect from January 2, 1984. The revised rates are given on the next page.

3.11 सरकार ने जिन सहकारी संस्थाओं को समर्थन मूल्य पर तिलहन और दालों की खरीद करने का कार्य सौंपा है, उनसे राज्य सहकारी बैंकों और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा लिया जाने वाला ब्याज रिज़र्व बैंक

3.11 The interest rate on advances charged by the SCBs and CCBs to co-operative institutions, entrusted by the Government with the procurement of oilseeds and pulses at support prices, was fixed by the Reserve

ने 7 नवम्बर 1983 से 13.5 प्रतिशत तय किया था। सहकारी संस्थाओं के अतिरिक्त अन्य संस्थाओं के संबंध में यह दर 16.5 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दी गयी।

Bank at 13.5 per cent with effect from November 7, 1983. In respect of institutions other than co-operatives, the rate was lowered from 16.5 per cent to 15 per cent.

अग्रिमों की श्रेणी	ब्याज दर (प्रतिशत वार्षिक)	
	2 जनवरी 1984 से पूर्व	2 जनवरी 1984 से
i) लघु उद्योग पिछड़े क्षेत्रों में 25,000 रुपये तक के संमिश्र ऋण	10.00	11.0 से अधिक नहीं
ii) खुदरा व्यापार अग्रिम 5,000 रुपये तक की सीमाएं	12.5	14.0 से अधिक नहीं
iii) सावधि ऋण लघु उद्योग (लघु उद्योग की नयी परिभाषा के अनुसार इकाइयां) – पिछड़े क्षेत्रों में	12.5	13.5 से अधिक नहीं

Category of advances	Rates of interest (per cent per annum)	
	Prior to January 2, 1984	From January 2, 1984
i) Small-scale Industry Composite loans upto Rs.25,000 in backward areas	10.0	Not exceeding 11.0
ii) Retail Trade Advances Limits upto and inclusive of Rs.5,000	12.5	Not exceeding 14.0
iii) Term loans Small-scale Industry (units as per new definition of SSI) in backward areas	12.5	Not exceeding 13.5

अन्य नीतिगत उपाय

3.12 **एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के हिताधिकारियों को अग्रिम :** **रिज़र्व बैंक ने एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम** के हिताधिकारियों को चयनात्मक ऋण नियंत्रण के अंतर्गत आनेवाली वस्तुओं की जमानत पर स्वीकृत अग्रिमों के संबंध में 31 मार्च 1984 से सभी राज्य सहकारी बैंकों एवं मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को चयनात्मक ऋण नियंत्रण से पूरी छूट दे दी है।

3.13 **टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद के लिए अग्रिम : वर्ष के दौरान नाबार्ड ने मध्यवर्ती सहकारी बैंकों** द्वारा टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद के लिए

Other Policy Measures

3.12 *Advances to IRDP Beneficiaries :* All SCBs and CCBs were granted complete exemption by the Reserve Bank with effect from March 31, 1984 from the purview of the selective credit control measures in respect of advances granted against commodities coming under selective credit control to the IRDP beneficiaries.

3.13 *Advances for purchase of consumer durables :* During the year, NABARD decided to bring on par the ceiling limit on loans granted by CCBs for the purchase of con-

स्वीकृत ऋणों की उच्चतम सीमा को राज्य सहकारी बैंकों के समकक्ष लाने का निर्णय किया। तदनुसार, लोगों से 10 करोड़ रुपये तक की जमाराशियां रखने वाले राज्य सहकारी बैंकों और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों, दोनों के मामलों में, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद के लिए उच्चतम सीमा, लोगों से वसूल की गयी जमाराशियों का 2 प्रतिशत अथवा 10 लाख रुपये, जो भी कम हो, होगी। लोगों से 10 करोड़ रुपये से अधिक की जमाराशि रखने वाले बैंकों के लिए टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद के लिए उच्चतम सीमा, लोगों से वसूल की जाने वाली जमाराशियों का 2 प्रतिशत अथवा 30 लाख रुपये, जो भी कम हो, होगी।

sumer durables with that of the SCBs. Accordingly, in the case of both SCBs and CCBs each having deposits of upto Rs.10 crores from individuals, the ceiling limit for purchase of consumer durables would be 2 per cent of deposits raised from individuals or Rs.10 lakhs, whichever is less. In respect of banks each having deposits exceeding Rs.10 crores from individuals, the ceiling limit for purchase of consumer durables would be 2 per cent of deposits raised from individuals or Rs.30 lakhs, whichever is less.

3.14 **प्राथमिक कृषि ऋण समितियों द्वारा अग्रिम :** –प्राथमिक कृषि ऋण समितियों द्वारा अल्पावधि ऋणों पर लगायी जाने वाली ब्याज दर नाबार्ड ने 16 नवंबर 1983 से 5,000 रुपये से अधिक और 10,000 रुपये तक के ऋणों के लिए 14 प्रतिशत से घटाकर 12.50 प्रतिशत कर दी। मध्यावधि कृषि ऋणों के लिए लागू वर्तमान ब्याज दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। अल्पावधि और मध्यावधि ऋण के लिए सहकारी ढांचे के विभिन्न स्तरों पर ली जाने वाली ब्याज दर की राज्यवार सारणी क्रमशः 3.2 और 3.3 में दी गयी है।

3.14 *Advances by Primary Agricultural Credit Societies :* The rates of interest on advances to be charged by the PACS for short-term agricultural lending were lowered by NABARD in respect of loans over Rs.5,000 and upto Rs.10,000 from 14 per cent per annum to 12.50 per cent per annum with effect from November 16, 1983. There was no change in the existing interest rates structure applicable to medium-term agricultural lending. State-wise data on the rates of interest charged at various levels of co-operative structure for short-term and medium-term loans are given in Tables 3.2 and 3.3, respectively.

निधियों के स्रोत और उपयोग

नाबार्ड के संसाधन

3.15 अपने ऋण कार्यक्रमों तथा अन्य वायदों के वित्त पोषण के लिए नाबार्ड के पास शुद्ध संसाधन नीचे दर्शाये अनुसार 1982-83 के 632 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 1983-84 (जुलाई-जून) के दौरान 842 करोड़ रुपये थे।

Sources and uses of funds

Resources of NABARD

3.15 Aggregate net resources available to NABARD for financing its lending programme and meeting its other commitments during 1983-84 (July-June) amounted to Rs.842 crores as compared to Rs.632 crores in 1982-83 as shown on succeeding pages.

नाबार्ड द्वारा संग्रहीत संसाधन (शुद्ध)*

(करोड़ रुपये)

	1982-83	1983-84
राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	227.00	425.00**
राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (स्थिरिकरण) निधि	83.00	85.00
बांड और डिबेंचर	30.00	30.25
भारत सरकार से उधार (विदेशी सहायता)	114.00	167.00
भारतीय रिज़र्व बैंक से उधार	178.00	135.00
कुल..	632.00	842.25

* ये प्रारक्षित निधियों और अधिशेष राशियों तथा अन्य देयताओं के अतिरिक्त हैं।

** इसमें निधि में से 30 सितंबर 1984 को निकाले गये और दीर्घावधि सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश किये गये 100 करोड़ रुपये शामिल हैं।

Resources (net) Mobilised by NABARD†

(Rs. in crores)

	1982-83	1983-84
NRC (LTO) Fund	227.00	425.00 *
NRC (Stabilisation) Fund	83.00	85.00
Bonds and Debentures	30.00	30.25
Borrowings from GOI (External assistance)	114.00	167.00
Borrowings from RBI	178.00	135.00
Total	632.00	842.25

† These are exclusive of reserves and surplus, deposits and other liabilities.

* Inclusive of Rs.100 crores released on September 30, 1983 out of the fund and invested in long-term government securities.

3.16 रिज़र्व बैंक ने नाबार्ड को उसकी राष्ट्रीय ग्रामीण-ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि के लिए 225 करोड़ रुपये तथा राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (स्थिरीकरण) निधि के लिए 75 करोड़ रुपये प्रदान किये तथा इन निधियों के लिए रिज़र्व बैंक के पास रखी 631 करोड़ रुपये की विशेष जमाराशियों से 100 करोड़ रुपये निकाले। नाबार्ड ने वर्ष 1983-84 के अपने लाभ में से उपर्युक्त निधियों के लिए क्रमशः 100 करोड़ रुपये और 10 करोड़ रुपये अंतरित किये। विदेशी सहायता द्वारा समर्थित विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत वितरित की गयी राशि की प्रतिपूर्ति द्वारा केन्द्र सरकार से ली गयी उधार राशियां पिछले वर्ष के 114 करोड़ रुपये की तुलना में 167 करोड़ रुपये रहीं। इसके अतिरिक्त नाबार्ड ने कुल 38.5 करोड़ रुपये की राशि की अपनी दूसरी सीरीज के बंध-पत्रों द्वारा खुले बाजार से संसाधन जुटाये। वर्ष के दौरान पूर्ववर्ती कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के

3.16 The Reserve Bank provided to NABARD Rs.225 crores for its NRC (LTO) Fund and Rs.75 crores for NRC (Stabilisation) Fund and released Rs.100 crores out of special deposits of Rs.631 crores with the Reserve Bank in respect of these Funds. NABARD transferred out of its profits for the year 1983-84, Rs. 100 crores and Rs. 10 crores, respectively to the above Funds. Borrowings from Government of India by way of reimbursements against amount disbursed under the various projects supported by external aid, amounted to Rs.167 crores as against Rs.114 crores in the previous year. Besides, NABARD raised resources from the open market through its second series of bonds for an aggregate amount of Rs.38.5 crores. After redemption of erstwhile ARDC bonds amounting to Rs.8.25 crores during the year (in the previous year bonds of

सारणी : 3.2 सहकारी विन्यास के विभिन्न स्तरों पर ली जानेवाली ब्याज दरें

(अल्पावधि कृषि ऋण)

राज्य/संघशासित क्षेत्र	शिखर बैंक	मध्यवर्ती सहकारी बैंक	प्राथमिक कृषि ऋण समीतियां	निम्नलिखित तारीख से लागू
	1	2	3	4
अरुणाचल प्रदेश	9.50/12.00	@	11.50/14.00	12.11.83
आंध्र प्रदेश	7.50	9.00/9.50/10.50	11.50/12.50/14.00	16.11.83
असम	12.00	@	11.50/14.00	12.11.83
बिहार	7.75	9.75	11.50/14.00	1.4.83
गुजरात	7.50	8.00/11.00	11.50/12.50/14.00	..
हरियाणा	7.25	9.00	11.50	1.9.83
हिमाचल प्रदेश	7.60	10.00	12.50	1.4.83
जम्मू और कश्मीर	7.50	9.35/10.35/11.85	11.50/12.50/14.00	16.11.83
कर्नाटक	7.50/8.15	9.00/10.00/11.00	11.50/12.50/14.00	16.11.83
केरल	7.50/7.75	9.00/9.50	11.50/12.50	1.9.83
मध्य प्रदेश	7.50/8.00	9.00/11.00	11.50/14.00	1.4.83
महाराष्ट्र	7.25	9.00	11.50/14.00	1.4.83
मणिपुर	10.00/11.00	@	11.50/12.50	12.11.83
मेघालय	..	..	..	..
नागालैण्ड	10.00/11.00/12.50	@	11.50/12.50/14.00	12.11.83
उड़ीसा	7.50	10.00	12.50	..
पंजाब	7.30	9.00	11.50	1.4.83
राजस्थान	7.75	9.00/10.50	11.50/14.00	1.4.83
तमिलनाडु	7.66	9.00/10.00	11.50/12.50	1.4.83
त्रिपुरा	..	..	..	..
उत्तर प्रदेश	7.25	8.75/9.75	11.50/12.50/14.00	16.11.83
पश्चिम बंगाल	..	..	..	..
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	..	..	..	..
चंडीगढ़	10.50/12.50	@	11.50/14.00	1.4.83
दिल्ली	9.50/12.00	@	11.50/12.50/14.00	16.11.83
गोवा, दमण और दीव	9.00	@	11.00	..
पांडिचेरी	9.25/9.50/9.75	@	11.25/12.00/12.50	16.11.83

टिप्पणी : जहां एक से अधिक ब्याज दरें दी गयी हैं, वहां वे भिन्न-भिन्न प्रयोजनों के लिए हैं।

@ इन क्षेत्रों में कोई मध्यवर्ती सहकारी बैंक नहीं है।

.. अनुपलब्ध

स्रोत : नाबार्ड

TABLE 3.2 : RATES OF INTEREST CHARGED AT VARIOUS LEVELS OF THE CO-OPERATIVE STRUCTURE
(Short-term agricultural loans)

(Per cent per annum)

States/Union Territories	Apex Banks	Central Co-operative Banks	Primary Agricultural Credit Societies	Effective from
	1	2	3	4
Arunachal Pradesh	9.50/12.00	@	11.50/14.00	12.11.83
Andhra Pradesh	7.50	9.00/9.50/10.50	11.50/12.50/14.00	16.11.83
Assam	12.00	@	11.50/14.00	12.11.83
Bihar	7.75	9.75	11.50/14.00	1.4.83
Gujarat	7.50	8.00/11.00	11.50/12.50/14.00	..
Haryana	7.25	9.00	11.50	1.9.83
Himachal Pradesh	7.60	10.00	12.50	1.4.83
Jammu & Kashmir	7.50	9.35/10.35/11.85	11.50/12.50/14.00	16.11.83
Karnataka	7.50/8.15	9.00/10.00/11.00	11.50/12.50/14.00	16.11.83
Kerala	7.50/7.75	9.00/9.50	11.50/12.50	1.9.83
Madhya Pradesh	7.50/8.00	9.00/11.00	11.50/14.00	1.4.83
Maharashtra	7.25	9.00	11.50/14.00	1.4.83
Manipur	10.00/11.00	@	11.50/12.50	12.11.83
Meghalaya	..	..	..	..
Nagaland	10.00/11.00/12.50	@	11.50/12.50/14.00	12.11.83
Orissa	7.50	10.00	12.50	..
Punjab	7.30	9.00	11.50	1.4.83
Rajasthan	7.75	9.00/10.50	11.50/14.00	1.4.83
Tamil Nadu	7.66	9.00/10.00	11.50/12.50	1.4.83
Tripura		..	..	..
Uttar Pradesh	7.25	8.75/9.75	11.50/12.50/14.00	16.11.83
West Bengal	..	..	..	..
Andaman & Nicobar Islands	..	..	..	..
Chandigarh	10.50/12.50	@	11.50/14.00	1.4.83
Delhi	9.50/12.00	@	11.50/12.50/14.00	16.11.83
Goa, Daman & Diu	9.00	@	11.00	..
Pondicherry	9.25/9.50/9.75	@	11.25/12.00/12.50	16.11.83

@ There are no CCBs in these areas. .. Not available.

Note: Where more than one interest rates are indicated they are on the basis of the size of the loans.

Source : NABARD.

सारणी 3.3 : सहकारी विन्यास के विभिन्न स्तरों पर ली जानेवाली ब्याज दरें

(अल्पावधि कृषि ऋण)

राज्य/संघशासित क्षेत्र	शिखर बैंक	मध्यवर्ती सहकारी बैंक	प्राथमिक कृषि ऋण समीतियां	निम्नलिखित तारीख से लागू
	1	2	3	4
अरुणाचल प्रदेश	8.25/10.50	@	10.25/12.50	12.11.83
आंध्र प्रदेश	7.50	9.00/9.50	10.25/12.50	16.11.83
असम	9.00/10.50	@	10.25/12.50	12.11.83
बिहार	7.50/8.50	8.50/9.00/9.50	10.25/12.50	1.4.83
गुजरात	..	8.00	10.00	..
हरियाणा	..	..	..	..
हिमाचल प्रदेश	..	10.50	13.00	1.4.83
जम्मू और कश्मीर	7.70	10.00	12.50	16.11.83
कर्नाटक	7.50/7.75	8.75/10.00	10.25/12.50	16.11.83
केरल	7.50/7.75	8.25/9.50	10.25/12.50	1.9.83
मध्य प्रदेश	7.50	8.25/9.50	10.25/12.50	1.4.83
महाराष्ट्र	7.25	9.00	12.00	..
मणिपुर	8.50/10.50	@	10.25/12.50	12.11.83
मेघालय	..	..	..	..
नागालैण्ड	9.50/9.25/11.00	@	10.25/12.50	12.11.83
उड़ीसा	..	..	..	..
पंजाब	7.30	9.00	11.50	1.4.83
राजस्थान	7.25	8.25/10.00	10.25/12.50	1.4.83
तमिलनाडु	7.25/7.66	8.25/10.00	10.25/12.50	1.4.83
त्रिपुरा	..	..	..	..
उत्तर प्रदेश	7.20	8.75/10.00	10.25/12.50	16.11.83
पश्चिम बंगाल	..	..	..	..
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	..	..	..	..
चंडीगढ़	9.25/11.50	@	10.25/12.50	1.4.83
दिल्ली	..	@	10.25/12.50	16.11.83
गोवा, दमण और दीव	11.00	@	13.00	..
पांडिचेरी	9.00/9.50	@	10.25/12.00	16.11.83

@ इन क्षेत्रों में कोई मध्यवर्ती सहकारी बैंक नहीं है ।

टिप्पणी : जहां एक से अधिक ब्याज दरें दी गयी हैं, वहां वे भिन्न-भिन्न प्रयोजन के लिए हैं ।

.. अनुपलब्ध : **स्रोत : नाबार्ड**

TABLE 3.3 : RATES OF INTEREST CHARGED AT VARIOUS LEVELS OF THE CO-OPERATIVE STRUCTURE
(Medium-term agricultural loans)

(Per cent per annum)

States/Union Territories	Apex Banks	Central Co-operative Banks	Primary Agricultural Credit Societies	Effective from
	1	2	3	4
Arunachal Pradesh	8.25/10.50	@	10.25/12.50	12.11.83
Andhra Pradesh	7.50	9.00/9.50	10.25/12.50	16.11.83
Assam	9.00/10.50	@	10.25/12.50	12.11.83
Bihar	7.50/8.50	8.50/9.00/9.50	10.25/12.50	1.4.83
Gujarat	..	8.00	10.00	..
Haryana	..	..	..	..
Himachal Pradesh	..	10.50	13.00	1.4.83
Jammu & Kashmir	7.70	10.00	12.50	16.11.83
Karnataka	7.50/7.75	8.75/10.00	10.25/12.50	16.11.83
Kerala	7.50/7.75	8.25/9.50	10.25/12.50	1.9.83
Madhya Pradesh	7.50	8.25/9.50	10.25/12.50	1.4.83
Maharashtra	7.25	9.00	12.00	..
Manipur	8.50/10.50	@	10.25/12.50	12.11.83
Meghalaya	..	..	..	..
Nagaland	9.50/9.25/11.00	@	10.25/12.50	12.11.83
Orissa	..	..	..	..
Punjab	7.30	9.00	11.50	1.4.83
Rajasthan	7.25	8.25/10.00	10.25/12.50	1.4.83
Tamil Nadu	7.25/7.66	8.25/10.00	10.25/12.50	1.4.83
Tripura	..	..	..	..
Uttar Pradesh	7.20	8.75/10.00	10.25/12.50	16.11.83
West Bengal	..	..	..	..
Andaman & Nicobar Islands	..	..	..	..
Chandigarh	9.25/11.50	@	10.25/12.50	1.4.83
Delhi	..	@	10.25/12.50	16.11.83
Goa, Daman & Diu	11.00	@	13.00	..
Pondicherry	9.00/9.50	@	10.25/12.00	16.11.83

@ There are no CCBs in these areas. .. Not available.

Note : Where more than one interest rates are indicated they are for different purposes.

Source : NABARD.

8.25 करोड़ रुपये के बंद पत्रों के शोधन के पश्चात (पिछले वर्ष 8.5 करोड़ रुपये के बंधपत्र शोधित हुए थे) बाजार से ली हुई उधार राशियों के द्वारा प्राप्त शुद्ध संसाधन वर्ष 1983-84 के दौरान वर्ष 1982-83 के 30 करोड़ रुपये के मुकाबले 30.25 करोड़ रुपये तक पहुंच गये। रिज़र्व बैंक ने नाबार्ड को पिछले वर्ष के 178 करोड़ रुपये की तुलना में 135 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता (शुद्ध) प्रदान की। यह सहायता राशि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 ((4ई) के अंतर्गत वर्ष 1983-84 के लिए स्वीकृत 1,300 करोड़ रुपये की सामान्य ऋण सुविधा में से थी। जून 1984 के अंत में, इस ऋण सीमा के अंतर्गत बकाया ऋण राशि 1,039 करोड़ रुपये रही।

Rs.8.5 crores were redeemed), the net resources mobilised through market borrowings amounted to Rs.30.25 crores during 1983-84 as against Rs.30 crores in 1982-83. The Reserve Bank provided financial accommodation (net) to NABARD to the extent of Rs.135 crores as against Rs.178 crores in the previous year. These loans were from the General Line of Credit of Rs.1,300 crores sanctioned for the year 1983-84 under Section 17(4E) of the Reserve Bank of India Act, 1934. As at the end of June 1984, the borrowings outstanding under this line of credit stood at Rs.1,039 crores.

3.45 *Refinance to Handloom Weavers' Societies :* Based on the recommendations of the Task Force on Handlooms, NABARD decided in December 1983 to provide refinance assistance for modernisation/acquisition of looms, construction of worksheds and installation of new looms. Under this Scheme, refinance assistance will be provided to the SCBs on behalf of the CCBs (i) in respect of the loans advanced to members of handloom weavers' societies or to the members of the PACS/FSS/LAMPS through the concerned societies and also (ii) for the purpose of granting term loans to apex/regional weavers' societies for the establishment of new handloom emporia or renovation of the existing ones. Refinance under the scheme would be provided by the NABARD against the guarantee of the concerned State Government for repayment of the refinance assistance including payment of interest on such refinance.

3.46 **उपभोक्ता किस्म की सहकारी बुनाई मिलों के शेयर की खरीद के लिए पुनर्वित्त :** विद्युतचालित करघों के मालिकों को उपभोक्ता किस्म की सहकारी बुनाई मिलों के शेयरों की खरीद के लिएभारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जो सुविधा 1975 में प्रदान की गयी उसे नाबार्ड ने जारी रखा । हथकरघा संबंधी कार्यदल द्वारा की गयी सिफारिशों

3.46 *Refinance for purchase of shares in consumer type of Co-operative Spinning Mills :* The facility of medium-term loans, which was extended by the Reserve Bank in 1975 to powerloom owners for purchase of shares in the consumer type of co-operative spinning mills, was continued by NABARD. On the basis of the recommendations of the

के आधार पर निश्चय किया गया कि नाबार्ड राज्य सहकारी बैंकों को पुनर्वित्त प्रदान करेगा, ताकि वह देश में स्थापित किये जाने वाले उपभोक्ता किस्म की सहकारी बुनाई मिलों के शेयरों की खरीद के लिए राज्य सरकार की गारंटी पर हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों के सदस्यों को मध्यावधि ऋण प्रदान करें। ये उपभोक्ता किस्म की सहकारी बुनाई मिलें वे हैं, जो अपने कुल सूत का कम से कम 75 प्रतिशत लच्छों के रूप में उत्पादन करते हैं अथवा उत्पादन करने का उनका कार्यक्रम है।

Task Force on Handlooms, it was decided that NABARD would provide refinance to SCBs for advancing medium-term loans through the CCBs/societies to members of handloom weavers' co-operative societies against the guarantee of the State Government for purchase of shares in consumer type of co-operative spinning mills organised/to be organised in the country, which are producing or which have programmes to produce at least 75 per cent of their total yarn in hank form.

हथकरघा पर तैयार शुद्ध रेशमी कपड़ों के लिए वित्त की मात्रा

3.47 हथकरघों पर बुने जानेवाले रेशमी कपड़ों से संबंधित वित्त की मात्रा की पर्याप्तता अथवा अन्य बातों पर विचार करने के लिए नाबार्ड द्वारा किये गये अध्ययनों के निष्कर्षों के आधार पर दिसंबर 1983 से प्रति करघा वित्त की मात्रा 3,500 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये कर दी गयी। वर्ष के दौरान नवगठित प्राथमिक बुनकर समितियों अथवा निष्क्रिय समितियों के संबंध में जो कि हथकरघे/विद्युतचालित करघे पर विभिन्न प्रकार के वस्त्र तैयार करती हैं, प्रथम दो वर्ष के लिए ऋण आवश्यकताओं का निर्धारण प्रति करघा वित्तके आधार पर नाबार्ड द्वारा किया जायेगा। इसे नीचे दर्शाया गया है:

3.47 *Scale of finance for pure silk cloth produced on handlooms :* On the basis of the findings of the studies undertaken by the NABARD to consider the adequacy or otherwise of the scale of finance relating to pure silk cloth produced on handlooms, the per loom scale of finance was raised from Rs.3,500 to Rs.6,000 from December 1983. Credit requirements for the first two years in respect of newly organised primary weavers' societies or dormant societies producing different varieties of cloth on handlooms/powerlooms would be assessed by the NABARD on the basis of per loom scale of finance indicated below:

किस्में	वित्त की मात्रा प्रति करघा (रु)
1. हथकरघे पर तैयार सूती कपड़े	2,000
2. पलंग की चद्दर, परदों आदि के कपड़े, जैकार्ड टेरी तौलिये तथा निर्यात किस्म के कपड़ों की विशेष किस्में	3,000
3. हथकरघे पर तैयार ऊनी वस्त्र	3,000
4. बिजलीचालित करघे	5,000
5. हथकरघे पर तैयार शुद्ध रेशमी कपड़े	6,000
6. हथकरघे पर तैयार पोलिएस्टर कपड़े	10,000
7. विद्युतचालित करघों पर तैयार शुद्ध रेशमी कपड़े	20,000

Variety	Per loom scale of finance Rs.
1. Cotton on handlooms	2,000
2. Special varieties of cotton cloth like bed spreads, furnishing materials, jacquard terry towels and export varieties of cloth	3,000
3. Woollen on handlooms	3,000
4. Powerlooms	5,000
5. Pure silk cloth on handlooms	6,000
6. Polyester on handlooms	10,000
7. Pure silk cloth on powerlooms	20,000

अन्य औद्योगिक सहकारी समितियां

3.48 **संघटित पूंजी के लिए पुनर्वित्त सुविधाएं :** नाबार्ड, मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की ओर से राज्य सहकारी बैंकों को ब्याज की रियायती दर पर पुनर्वित्त सहायता प्रदान कर रहा है, ताकि राज्य सहकारी बैंक निम्नलिखित को कार्यशील पूंजी वित्त प्रदान कर सकें- (।) लघु और कुटीर उद्योगों के 22 बड़े समूहों से संबंधित औद्योगिक सहकारी समितियाँ (बुनकर समितियों के अलावा) तथा (।।) बुनकर और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों/बड़े आकारवाली आदिवासी बहुउद्देश्यीय समितियों/कृषक सेवा समितियों के ग्रामीण कारीगर सदस्य। किन्तु राज्य सहकारी बैंकों/मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा औद्योगिक सहकारी समितियों को दिये जानेवाले संघटित पूंजी ऋण से संबंधित पुनर्वित्त सुविधा उपलब्ध नहीं थी। नाबार्ड द्वारा गठित खादी और ग्रामोद्योग संबंधी कार्य दल की सिफारिशों के आधार पर नाबार्ड ने औद्योगिक सहकारी समितियों तथा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों/बड़े आकारवाली आदिवासी बहुउद्देश्यीय समितियों तथा कृषक सहकारी समितियों के सभी ग्रामीण कारीगर सदस्यों को सरकार की गारंटी पर संगटित पूंजी वित्त उपलब्ध कराने के लिए मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के माध्यम से राज्य सहकारी बैंकों को पुनर्वित्त सहायता प्रदान करने की योजना बनाई है।

Other industrial co-operatives

3.48 *Refinance Facilities for Block Capital :* NABARD has been providing refinance assistance at concessional rate of interest to SCBs on behalf of CCBs for enabling the latter to provide working capital finance to (i) industrial co-operatives (other than weavers' societies) covered by the 22 broad groups of cottage and small-scale industries and (ii) weavers and rural artisan members of PACS/LAMPS/FSS. Refinance facility was, however, not available in respect of the block capital loan provided by SCBs/CCBs to the industrial co-operatives. Based on the recommendations of the Task Force on the Khadi and Village Industries constituted by NABARD, it has evolved a scheme for extending refinance assistance to the SCBs, on behalf of the CCBs, to enable the latter to provide block capital finance to industrial co-operative societies and individual rural artisan members of PACS/LAMPS and FSS against Government guarantee.

3.49 **योजना की मुख्य विशेषताएं.**

(1) राज्य सहकारी बैंकों द्वारा प्रदान किए गये ऋणों के 90 प्रतिशत की सीमा तक मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को पुनर्वित्त प्रदान किया जायेगा, ताकि वे केवल उपकरणों तथा औजारों में संघटित पूंजी निवेश के लिए औद्योगिक समितियों,और प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों/बड़े आकार वाली आदिवासी बहुउद्देश्यीय समितियों तथा कृषक सेवा समितियों

3.49 The salient features of the scheme are: (i) refinance will be provided to the extent of 90 per cent of the loans advanced by SCBs to CCBs for grant of term loans to industrial co-operatives and individual artisan members of primary industrial societies, PACS/LAMPS and FSS for block capital investment in equipments and tools only; (2) the refinance will be provided to SCBs by NABARD at the rate of interest of 6.5 per cent per annum, provided the rate of interest

के सभी ग्रामीण कारीगर सदस्यों को सावधि ऋण स्वीकृत कर सकें। (2) नाबार्ड द्वारा राज्य सहकारी बैंकों को 6.5 प्रतिशत सालाना ब्याज की दर से पुनर्वित्त प्रदान किया जायेगा, बशर्ते ब्याज की दर (क) औद्योगिक समितियों तथा (ख) प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों/बड़े आकारवाली आदिवासी बहुउद्देशीय समितियों/कृषक सेवा समितियों के प्रत्येक सदस्य से क्रमशः 9 और 10 प्रतिशत सालाना से अधिक न ली जाये, (3) पुनर्वित्त योजनाओं के अंतर्गत अधिकतम ऋण पात्रता प्रति औद्योगिक समिति के लिए 5 लाख रुपये तथा प्रत्येक कारीगर के लिए 10,000 रुपये निर्धारित की गयी है; (4) संघटित पूंजी ऋण की न्यूनतम और अधिकतम अवधि क्रमशः 3 वर्ष और 10 वर्ष होगी तथा (5) नाबार्ड द्वारा दिये जानेवाले पुनर्वित्त का उपयोग राज्य सहकारी बैंकों/मध्यवर्ती सहकारी बैंकों तथा जिला औद्योगिक सहकारी बैंकों द्वारा उन औद्योगिक समितियों के वित्तपोषण के लिए किया जायेगा, जिन्होंने उसी प्रकार की पुनर्वित्त सुविधाएं भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से प्राप्त नहीं की हैं।

charged to (a) industrial societies and (b) individual members of PACS/LAMPS/FSS does not exceed 9 and 10 per cent per annum, respectively; (3) the maximum loan eligibility under the refinance scheme is fixed at Rs.5 lakhs per industrial society and Rs.10,000 per individual artisan; (4) the minimum and maximum period of block capital loans shall be 3 years and 10 years, respectively; and (5) the term-loan refinance from NABARD shall be utilised by SCBs/CCBs and district industrial co-operative banks for financing only those industrial societies which have not availed of similar refinance facilities from the IDBI.

3.50 **रेशम उद्योग विकास के लिए पुनर्वित्त सुविधाएं :** बैंकों द्वारा शहतूत वाले क्षेत्रों में रेशम उद्योग संबंधी कार्यों के वित्तपोषण को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के पुनर्वित्त की वर्तमान शर्तों में संशोधन किया गया है, ताकि इस-तरह के अधिक से अधिक कार्यों को नाबार्ड की पुनर्वित्त सीमा में लाया जा सके। अतः शहतूत न होनेवाले क्षेत्रों में भी एरी, टसर और मूंगा जैसे रेशम के उत्पादन के लिए पुनर्वित्त सहायता दी गयी, ताकि उत्तरी पूर्वी क्षेत्रों, साथ ही बिहार, उड़ीसा आदि में रेशम उद्योग संबंधी कार्यों को प्रोत्साहन मिले।

3.50 *Refinance facilities for sericulture development :* To enlarge the scope for financing sericultural activities by banks in the mulberry sector, the existing terms and conditions of such refinance were modified so as to bring more such activities within the scope of NABARD's refinance. Thus, refinance facilities were extended for production of silk like eri, tasar and muga in the non-mulberry sector so as to promote sericulture activity in North-Eastern region as well as in Bihar, Orissa, etc.

3.51 कीड़ा पालन की लागत के लिए एक बार में 500 रुपये प्रति व्यक्ति पुनर्वित्त के रूप में, दिया जायेगा, परंतु रेशम उत्पादन करने वालों को अम्बर चरखा जैसे लपेटने के उपकरणों को लगाने के लिए भी सहायता दी जायेगी। इकाई लागत की दर वर्तमान में

3.51 While refinance for the cost of rearing at Rs.500 per person will be given as a one time measure, the sericulturists will also be assisted for setting up reeling equipments viz., Ambar Charkhas. The unit cost is presently fixed at Rs.2,000 and down payment

2,000 रुपये है तथा नाबार्ड की शर्तों के अनुसार ऋणकर्ताओं द्वारा लघु, मध्यम और दूसरे कृषकों द्वारा तत्काल अदायगी के लिए दिया जानेवाला अंशदान उपकरणों की लागत का क्रमशः 5, 10 और 15 प्रतिशत होगा। ऋण की अवधि 5 वर्षों की होगी। वित्त प्रदान करने वाले पात्र बैंकों को नाबार्ड द्वारा दिये गये पुनर्वित्त पर ब्याज की दर छोटे कृषकों के मामले में 6.5 प्रतिशत तथा दूसरों के मामले में 8.0 प्रतिशत होगी। उधार की अंतिम दर, लघु कृषकों के लिए 10 प्रतिशत तथा दूसरों के लिए 12.5 प्रतिशत होगी। योजना के अंतर्गत, जहां राज्य सरकारी बैंक और बाणिज्य बैंक नाबार्ड के 80 प्रतिशत पुनर्वित्त के पात्र हैं, वहां राज्य भूमि विकास बैंक 95 प्रतिशत पुनर्वित्त के पात्र हैं।

3.52 **नारियल जटा के प्रदर्शन कक्षों/विक्रय डिपो की स्थापना के लिए पुनर्वित्त :** नारियल जटा से बनी वस्तुओं की आंतरिक बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से किराये के आधार पर प्रदर्शन कक्षों/विक्रय डिपो की स्थापना के लिए केरल राज्य सहकारी नारियल जटा विपणन संघ तथा केरल राज्य नारियल जटा निगम द्वारा पुनर्वित्त की सुविधाएं प्रदान की गयीं। नाबार्ड के पुनर्वित्त की मात्रा बैंकों द्वारा वितरित राशि में 90 प्रतिशत होगी, बशर्ते इस योजना की कुल लागत में उधारकर्ता ने कम से कम 25 प्रतिशत लगाया हो। इस उद्देश्य के लिए दिये जाने वाले पुनर्वित्त पर ब्याज की दर 8 प्रतिशत होगी। यह ऋण मूल की चुकौती के लिए 2 वर्ष की ऋण स्थगन अवधि के साथ 6 वर्षों की अवधि में चुकाना होगा।

सहकारी श्रमिक ठेका समितियों को अग्रिम

3.53 राज्य सहकारी बैंकों तथा मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा श्रमिक ठेका-समितियों के दिये जाने वाले निर्बंध नकदी ऋण के लिए नाबार्ड ने कुछ मानदंड निर्धारित किये हैं। अपनी निधियों के बराबर की निर्बंध नकदी ऋण सीमा

to be contributed by borrowers as per NABARD's norms for small, medium and other farmers will be 5, 10 and 15 per cent of the cost of the equipment, respectively. The period of loan will be 5 years. The rate of interest on NABARD's refinance to eligible financing banks will be 6.5 per cent in respect of small farmers and 8.0 per cent for others. The ultimate lending rate for small farmers will be 10 per cent and for others 12.5 per cent. Under the Scheme, while SCBs and commercial banks are eligible for 80 per cent refinance from NABARD, the SLDBs are eligible for 95 per cent refinance.

3.52 *Refinance for setting up of coir show rooms/sales depots :* With a view to improving the internal sales of coir products, refinance facilities were extended for setting up of show-rooms/sales depots on hire basis by the Kerala State Co-operative Coir Marketing Federation and the Kerala State Coir Corporation. NABARD's refinance will be 90 per cent of the amount disbursed by the banks, provided the borrower's involvement was at least 25 per cent of the total cost of the scheme. The rate of interest on refinance for this purpose will be 8 per cent. The loan will be repayable within a period of 6 years, with a moratorium of 2 years for repayment of principal.

3.53 *Advances to Co-operative Labour Contract Societies :* NABARD has prescribed certain norms for sanction of clean cash credit accommodation by SCBs and CCBs to labour contract societies. Clean Cash credit limit will be sanctioned equal to owned funds withuot Government guarantee and

सरकार की गारंटी के बगैर ही स्वीकृत की जायेगी, किंतु अपनी निधियों से तीन गुना अधिक के लिए सरकार की गारंटी अपेक्षित है । इसके अलावा, सरकारी/अर्ध सरकारी निकायों के पक्ष में निष्पादित संविदाओं के 70 प्रतिशत तक तथा उनके अनिर्णीत बिलों पर ऋण सहायता स्वीकृत की जा सकती है, बशर्ते इस प्रकार के बिल तीन महीने से अधिक पुराने न हों ।

three times their owned funds with Government guarantee. In addition, sanction of credit accommodation upto 70 per cent of the executed contracts and pending bills therefor in favour of Government/quasi Government bodies can be granted, provided such bills are not pending for more than three months.

कृषि से संबंधित गतिविधियां

3.54 नाबार्ड ने यह निर्णय किया है कि पहाड़ी क्षेत्रों में भार ढोने वाले पशुओं यथा गधे, खच्चर, टट्टू की खरीद को नाबार्ड अधिनियम, 1981 की धारा 24 के अंतर्गत मध्यावधि ऋण की स्वीकृति के लिए अनुमोदित प्रयोजन के रूप में विचार किया जाये । ऋण की चुकौती की अवधि ऋणकर्ता की चुकौती क्षमता के अनुसार पांच वर्ष तक होगी ।

3.54 *Allied agricultural activities*
NABARD has decided to consider purchase of pack animals viz., donkeys, mules, and ponies in hilly areas as an 'approved purpose' for sanction of medium-term loans under Section 24 of the NABARD Act, 1981. Loans would be allowed for a period upto 5 years depending upon the repaying capacity of the borrower.

प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक :

3.55 जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में कहा गया था, प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों के कार्यों के निरीक्षण का कार्य रिज़र्व बैंक के अधीन रहा । वर्ष के दौरान, रिज़र्व बैंक में एक अलग विभाग — शहरी बैंक विभाग की स्थापना फरवरी 1984 में हुई, जिसका कार्य शहरी सहकारी बैंकों के विकास को सही तरीके से नियमित करना और उसका निरीक्षण करना है । यह उल्लेखनीय है कि मौजूदा/नये बैंकों तथा शाखाओं को लाइसेंस प्रदान करना, शहरी बैंकों की ओर से लघु उद्योग इकाइयों का वित्तपोषण करने के लिए राज्य सहकारी बैंकों को पुनर्वित्त के रूप में ऋण सीमाएं स्वीकृत करना, शहरी सहकारी बैंकों की शेयर पूंजी में अंशदान के लिए राज्य सरकार के ऋण आवेदन पत्रों की जांच करना और नाबार्ड को उनकी सिफारिश करना, साथ ही उनका सांविधिक निरीक्षण करना रिज़र्व बैंक की जिम्मेदारियां हैं ।

3.55 *Primary (Urban) Co-operative Banks :*
As stated in the previous Report, the function of overseeing the working of primary (urban) co-operative banks remained with the Reserve Bank. During the year, a separate department viz., Urban Banks Department was set-up in the Reserve Bank in February 1984 to monitor and regulate the growth of urban co-operative banks on sound lines. It may be mentioned that Reserve Bank is responsible for licensing existing/new banks and branches, sanctioning of credit limits to SCBs by way of refinance on behalf of urban banks for financing the SSI units, processing and recommending to NABARD the loan applications of State Governments for contribution to share capital of urban co-operative banks as well as conducting their statutory inspections.

लाइसेंस जारी करना और निरीक्षण कार्य :

3.56 1983-84 (जुलाई-जून) के दौरान रिज़र्व बैंक ने देश में नये कार्यालय खोलने के लिए विभिन्न प्राथमिक सहकारी बैंकों को 156 लाइसेंस जारी किये । 1982-83 में मौजूदा तथा 13 नये प्राथमिक सहकारी बैंकों को जारी किये गये 22 लाइसेंसों की तुलना में वर्ष के दौरान 27 मौजूदा तथा 25 नये प्राथमिक सहकारी बैंकों को बैंकिंग कारोबार चलाते रहने अथवा शुरू करने के लिए लाइसेंस जारी किये गये । जून 1984 के अंत में लाइसेंसप्राप्त कुल प्राथमिक सहकारी बैंकों की संख्या 393 हो गयी । 1983-84 के दौरान रिज़र्व बैंक द्वारा 397 प्राथमिक सहकारी बैंकों का निरीक्षण किया गया और 451 बैंकों की निरीक्षण रिपोर्टें जारी की गयीं ।

3.56 *Issue of licences and inspections* During 1983-84 (July-June), 156 licences were issued to various PCBs by the Reserve Bank for opening new offices in the country. Licences to carry on or commence banking business were issued to 27 existing and 25 new PCBs during the year as against 22 licences issued to existing and 13 new PCBs during 1982-83. The number of total licensed PCBs, as at the end of June 1984, stood at 393. During 1983-84, inspections of 397 PCBs were conducted by the Reserve Bank and inspection reports on 451 banks were issued.

3.57 **अल्पावधि ऋण सीमा :** वर्ष 1983-84 (अप्रैल-मार्च) के दौरान 101 शहरी सहकारी बैंकों की ओर से राज्य सहकारी बैंकों को 56.4 करोड़ रुपये की अल्पावधि ऋण सीमाएं प्रदान की गयीं, ताकि वे ब्याज की रियायती दर अर्थात बैंक दर से 2.5 प्रतिशत कम दर पर कुटीर तथा लघु औद्योगिक इकाइयों को वित्त प्रदान कर सकें । इन ऋण सीमाओं के अंतर्गत 31 मार्च 1984 को बकाया ऋणों की राशि 48 करोड़ रुपये थी ।

3.57 *Short-term credit limits :* During the year 1983-84 (April-March), short-term credit limits aggregating Rs.56.4 crores were sanctioned to SCBs on behalf of 101 urban co-operative banks for financing cottage and small-scale industrial units at a concessional rate of interest i.e., 2.5 per cent below the Bank Rate. The outstanding borrowings under these limits amounted to Rs.48 crores as on March 31, 1984.

प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को ऋण :

3.58 सितम्बर 1983 में सभी शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे अपने कुल अग्रिमों का 60 प्रतिशत (वाणिज्य बैंकों के लिए 40 प्रतिशत की तुलना में) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को देने का लक्ष्य 30 जून 1985 तक प्राप्त करें, जिसका 25 प्रतिशत (अथवा कुल ऋणों और अग्रिमों का 15 प्रतिशत) कमजोर वर्गों के लिए होना चाहिए । जिन प्राथमिक सहकारी बैंकों का प्राथमिकताप्राप्त

3.58 *Priority sector lendings :* All the urban co-operative banks were advised in September 1983 to achieve by June 30, 1985 the target of 60 per cent of their total advances towards priority sector lendings (as against 40 per cent for commercial banks) of which at least 25 per cent (or 15 per cent of the total loans and advances) should be to weaker sections. The PCBs, with priority sector lendings at less than 40 per cent of their total

क्षेत्र को ऋण 30 जून 1983 को अपने कुल अग्रिमों का 40 प्रतिशत से कम था, उन्हें सूचित किया गया कि वे आगामी दो वर्षों में ऐसे अग्रिमों के स्तरों में 10 प्रतिशत वार्षिक की वृद्धि करें ।

advances as on June 30, 1983, were advised to raise the level of such advances by 10 per cent each year over the next two years.

आवास वित्त :

3.59 प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा आवास योजनाओं के वित्तपोषण के लिए संशोधित मार्गदर्शी सिद्धांत सितंबर 1983 में जारी किये गये, जिनमें ऋणकर्ताओं और योजनाओं तथा किसी एक ऋणकर्ता के लिए ऋण की कुल मात्रा (50,000 रुपये से अधिक नहीं) के संबंध में पात्रता मानदंड दर्शाये गये थे । प्राथमिक सहकारी बैंकों को यह भी अनुमति दी गयी कि वे अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा निम्न आय वर्गों के ऋणकर्ताओं को संपत्ति के मूल्य के 80 प्रतिशत तक का वित्त प्रदान करें । तथापि राज्य आवास बोर्डों, स्थानीय निकायों जैसी संस्थाओं को दिये जाने वाले वित्त को कम किया जाये और वह परियोजना की लागत के 40 प्रतिशत से अधिक न हो । आवास ऋणों के लिए ब्याज 15 प्रतिशत वार्षिक से अधिक नहीं होना था । ऋण सामान्यतः 10 वर्ष की अवधि में चुकाये जायें, यद्यपि जब कभी आवश्यक समझा जाये यह अवधि 15 वर्ष तक भी बढ़ायी जा सकती है । किंतु प्राथमिक सहकारी बैंक अपने कुल जमा संसाधनों का केवल 10 प्रतिशत अथवा अपने शुद्ध प्रयोज्य सावधि संसाधनों का 25 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, का उपयोग आवास ऋण तथा साथ ही लघु उद्योगों को संगठित पूंजी ऋण प्रदान करने के लिए कर सकता है ।

3.59 *Housing Finance :* Revised guidelines for financing of housing schemes by PCBs were issued in September 1983, outlining the eligibility criteria as regards borrowers as well as schemes and the total quantum of loans for an individual borrower (not more than Rs.50,000). The PCBs were also permitted to extend the finance upto 80 per cent of the value of the property in respect of borrowers belonging to scheduled castes/ tribes and lower income groups. The finance to be extended to the institutions like state housing boards, local bodies, etc. has, however, to be restricted to not exceeding 40 per cent of the cost of the project. The interest on housing loans was not to exceed 15 per cent per annum. The loans should be repayable normally within 10 years, though the period can be extended even upto 15 years wherever considered necessary. A PCB can, however, utilise only upto 10 per cent of its total deposit resources or 25 per cent of its net disposable long-term resources, whichever is more, for providing housing loans as well as block capital loans to SSI units.

3.60 **शेयरों को ऋण के साथ जोड़ना :** रिज़र्व बैंक ने, बैंकों की कुछ श्रेणियों के मामले में शेयरों को ऋण से जोड़ने के मानदंडों में कुछ रियायतें लागू की हैं । तदनुसार, सहकारी समितियों के पंजीयकों (रजिस्ट्रारों) को यह सूचित किया गया कि वे एक करोड़ रुपये अथवा उससे अधिक की चुकता शेयर पूंजी एवं प्रारक्षित निधि वाले

3.60 *Linking of share holdings to Borrowings :* The Reserve Bank effected certain relaxations in the norms for linking share holding to borrowings in the cases of certain categories of banks. Accordingly, the Registrars of co-operative societies were advised to allow reduced share linking of one per

प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा दिये गये रक्षित ऋणों के मामले में एक प्रतिशत शेयरों को ऋण राशि से जोड़ें परंतु ऐसा कतिपय शर्तों के अधीन किया जाना चाहिए, जैसे कि, अधिकतम ऋण सीमा का स्वाधिकृत निधियों के 25 गुने तक निधारिण, अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए उचित प्रावधान, बकाया ऋणों एवं अग्रिमों के 20 प्रतिशत से अतिदेय का अधिक न होना, आदि।

cent to borrowings in the case of secured loans provided by the PCBs with paid-up share capital and reserves of rupees one crore and above, subject to certain conditions like fixation of maximum borrowing power at 25 times of the owned funds, adequate provision for bad and doubtful debts, overdues not to exceed 20 per cent of outstanding loans and advances, etc. of such banks.

3.61 **लघु उद्योग इकाइयों के वित्तपोषण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक से पुनर्वित्त** : वर्ष के दौरान, लघु उद्योग इकाइयों के वित्तपोषण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दी जानेवाली पुनर्वित्त सहायता को नियंत्रित करनेवाली नीति में संशोधन किया गया। संशोधित नीति के अनुसार, प्राथमिक सहकारी बैंकों को वित्त प्रदान करने के लिए राज्य सहकारी बैंकों को बैंक दर से 2.5 प्रतिशत कम की दर पर रियायती पुनर्वित्त सामान्यतः उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि प्राथमिक सहकारी बैंक ऐसी नयी लघु उद्योग इकाइयों की अथवा उनकी जो सात वर्षों से अधिक अवधि से अस्तित्व में है, उत्पादन कर रहे हैं, वास्तविक ऋण आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। रिज़र्व बैंक द्वारा प्रदान किये जाने वाले रियायती पुनर्वित्त का उपयोग, प्राथमिक सहकारी बैंक द्वारा ऐसी लघु और अतिलघु इकाइयों के लिए किया जाएगा, जो सभी संसाधनों से दो लाख रुपये तक ऋण सीमा का लाभ उठाते हैं, इनके अस्तित्व की अवधि/उत्पादन इत्यादि चाहे कुछ भी हो।

3.61 *Refinance from RBI for financing SSI units :* The policy governing refinance assistance from the Reserve Bank for financing SSI units was modified during the year. In terms of the modified policy, the concessional refinance at 2.5 per cent below the Bank Rate to the SCBs would normally be available in respect of their financing PCBs for lending to new SSI units or those which are in existence/under production for not more than seven years to meet their genuine credit needs. The concessional refinance from the Reserve Bank may be utilised by the PCBs for lending to small and tiny units enjoying credit limits upto Rs.2 lakhs from all sources, irrespective of the period of their existence/production.

3.62 **भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से मीयादी ऋण पुनर्वित्त** : भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अगस्त 1983 से दस राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल में मध्यवर्ती तथा प्राथमिक सहकारी बैंकों की ओर से राज्य सहकारी बैंकों को मीयादी ऋण पुनर्वित सुविधा प्रदान कर रहा

3.62 *Term-Loan Refinance from IDBI :* The IDBI has been extending since August 1983 term-loan refinance facilities to the SCBs on behalf of the central and primary co-operative banks in ten States viz., Andhra Pradesh, Gujarat, Karnataka, Kerala, Madhya Pradesh, Maharashtra, Punjab, Tamil Nadu,

है, ताकि वे लघु उद्योग इकाइयों की संघटित पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मीयादी ऋण दे सकें । भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की यह सुविधा उन प्राथमिक सहकारी बैंकों के लिए सीमित है, जो अद्यतन सांविधिक लेखा परीक्षा वर्गीकरण के अधीन "ए" अथवा "बी" श्रेणी में आते हैं तथा निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम से गारंटी रक्षा राशि का लाभ उठाने के लिए अनुमोदित संस्थाएं भी हैं ।

Uttar Pradesh and West Bengal to enable them to give term loans to meet the block capital requirements of SSI units. This facility of IDBI is restricted to the PCBs falling within either 'A' or 'B' category under the latest statutory audit classification and which are also approved institutions for the purpose of availing of the guarantee cover from DICGC.

3.63 **नये शहरी सहकारी बैंकों की शाखाओं को लाइसेंस देने की नीतिः** शहरी सहकारी बैंकों के लिए गठित स्थायी सलाहकार समिति द्वारा किये गये सुझावों के अनुसार रिज़र्व बैंक ने शहरी सहकारी बैंकों के परिचालन क्षेत्र से संबंधित मानदंडों में ढील दी है, ताकि वे अपने आसपास के क्षेत्रों को निकटतम कस्बे/शहर की सीमा में शामिल कर सकें, चाहे वह क्षेत्र शहरी समूह का भाग हो या न हो । इसी प्रकार बैंक के मुख्यालय के निकटतम अन्य शहरी/अर्धशहरी केन्द्रों को इनके परिचालन के क्षेत्रों में शामिल कर लिया जाये बशर्ते कि इस तरह के केन्द्रों में शहरी सहकारी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध न हों तथा बैंक की अर्थ क्षमता को सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रों को शामिल करना आवश्यक समझा जाता हो । परिचालन के क्षेत्र से संबंधित रियायतें पात्र मामलों में उन क्षेत्रों के बैंकों को प्रदान की जायेंगी, जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य कमजोर वर्ग बाहुमूल्य क्षेत्रों में कार्यरत हैं अथवा स्त्रियों के लाभ के लिए कार्य करते हैं । तथापि रिज़र्व बैंक ने शहर/महानगर/पत्तन शहर केन्द्रों में व्यापार के नये स्थान खोलने के लिए शहरी सहकारी बैंकों को अनुमति प्रदान करने के संबंध में बहुत चयनात्मक और प्रतिबंधी रुख अपनाना जारी रखा है ।

3.63 *Licensing policy of new urban co-operative banks/branches :* In pursuance of the suggestions made by the Standing Advisory Committee for urban co-operative banks, the Reserve Bank relaxed the norms relating to area of operation of new urban co-operative banks so as to facilitate inclusion of the peripheral area in the immediate vicinity of an urban town/city, irrespective of its being part of an urban agglomeration or not. Similarly, other urban/semi-urban centres in close proximity of the head quarters of the bank may be included in its area of operations, provided that no urban co-operative banking facilities are available at such centres and inclusion of the area is considered necessary to ensure viability of the bank. Concessions regarding the area of operations would also be extended in deserving cases to banks organised in areas inhabited predominantly by scheduled castes/tribes or other weaker sections or for the benefit of women. However, the Reserve Bank continued to follow a highly selective and restrictive approach in granting permission to urban co-operative banks in opening new places of business in urban/metropolitan/port-town centres.

3.64 **ऋण प्राधिकरण योजना :** वर्ष 1983-84 के दौरान 22 शहरी सहकारी बैंकों की ओर से कुल

3.64 *Credit Authorisation Scheme :* During 1983-84, 120 proposals from 22 urban co-

114 करोड़ रुपये की राशि के 120 ऐसे प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें अलग-अलग पार्टी के लिए अग्रिमों की उच्चतम सीमा के निदेशों की परिधि से छूट के लिए रिज़र्व बैंक का अनुमोदन मांगा गया था । इनमें से 18 बैंकों के 78 करोड़ रुपये की कुल राशि के 86 प्रस्तावों को रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदन दिया गया था । इसके अतिरिक्त, महाराष्ट्र में 5 शहरी बैंकों को यह अनुमति दी गयी कि वे महाराष्ट्र सरकार की कपास की एकाधिकार वसूली योजना के अंतर्गत 1983-84 के मौसम में कपास की वसूली के लिए 11.5 करोड़ रुपये की सीमा तक महाराष्ट्र राज्य सहकारी विपणन संघ को सहायता संघीय वित्त प्रदान करने में सहभागी हों । वैसे ही, दो शहरी सहकारी बैंकों को प्राधिकृत किया गया कि वे 31 मार्च 1985 तक महाराष्ट्र राज्य सहकारी विपणन संघ को 37.5 करोड़ रुपये की पैकिंग ऋण सुविधा का नवीकरण करें ।

operative banks for an aggregate amount of Rs.114 crores seeking Reserve Bank's approval for exemption from the purview of the directive of maximum limit on advances to individual parties were received. Of these, 86 proposals involving 18 banks for an aggregate amount of Rs.78 crores were approved by the Reserve Bank. Further, 5 urban banks in Maharashtra were allowed to participate in consortium finance to the Maharashtra State Co-operative Marketing Federation (MSCMF) to the extent of Rs.11.5 crores for procurement of cotton under the Monopoly Cotton Procurement Scheme of the Government of Maharashtra during the 1983-84 season. Similarly, two urban co-operative banks were authorised to renew the packing credit facility amounting to Rs.37.5 crores to the MSCMF upto March 31, 1985.

लघु उद्योग इकाइयों को वित्त प्रदान करने के लिए निक्षेप बीमा तथा प्रत्यय गारंटी निगम योजना :

3.65 लघु उद्योग इकाइयों के लिए निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत आनेवाले शहरी सहकारी बैंकों की कुल संख्या जून 1984 के अंत में बढ़कर 560 हो गयी, जबकि जून 1983 के अंत में यह संख्या 507 थी । संख्या में वृद्धि का कारण मुख्य रूप से उन 47 नवगठित शहरी सहकारी बैंकों का शामिल किया जाना है, जिन्हें वर्ष के दौरान बैंकिंग कारोबार शुरू करने/चलाने के लिए लाइसेंस प्रदान किया गया है । इसके अतिरिक्त, रिज़र्व बैंक ने 6 और लाइसेंस-रहित शहरी सहकारी बैंकों की सिफारिश निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम से की है कि वह लघु ऋण लघु उद्योग गारंटी योजना 1981 का लाभ उठाने के लिए उन्हें पात्र ऋण संस्थाओं की सूची में शामिल करें । वर्ष के दौरान, लाइसेंस रद्द होने से, एक शहरी सहकारी बैंक को पात्र संस्थाओं की सूची से हटा दिया गया ।

DICGC Scheme for financing SSI units

3.65 The total number of urban co-operative banks covered by the credit guarantee scheme of DICGC for financing SSI units increased from 507 as at end-June 1983 to to 560 as at end-June 1984. The increase in the number was due mainly to inclusion of 47 newly organised urban co-operative banks, which were granted licences to commence/carry on banking business during the year. Besides, 6 more unlicensed urban co-operative banks were recommended by the Reserve Bank to the DICGC for inclusion in the list of eligible credit institutions for availing of the Small Loans (SSI) Guarantee Scheme, 1981. During the year, one urban co-operative bank was deleted from the list of eligible institutions following cancellation of its licence.

विदेशी मुद्रा का कारोबार चलाने की अनुमति

3.66 जून 1984 के अंत में दो शहरी सहकारी बैंकों अर्थात बंबई मर्कंटाइल कोऑपरेटिव बैंक लि. तथा सारस्वत को. ऑपरेटिव बैंक लि. को विदेशी मुद्रा का कारोबार करने के लिए प्राधिकृत किया गया। वर्ष के दौरान, रिज़र्व बैंक ने यह निर्णय किया कि सिद्धांततः चयनात्मक आधार पर शहरी सहकारी बैंकों को, अनिवासी रुपया (बाह्य) (सामान्य)) खाता खोलने की अनुमति प्रदान की जाये।

Permission to Conduct Foreign Exchange Business

3.66 There were two urban co-operative banks viz., Bombay Mercantile Co-operative Bank Ltd. and Saraswat Co-operative Bank Ltd. authorised to deal in foreign exchange at the end of June 1984. During the year, the Reserve Bank decided, in principle, to grant permission for opening Non-resident Rupees (External)/(ordinary) Accounts to the urban co-operative banks on a selective basis.

सहकारी विन्यास को मजबूत बनाना तथा उसका भावी विकास

प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का पुनर्गठन

3.67 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के पुनर्गठन का कार्यक्रम गत दो दशकों से कार्यान्वित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिक कृषि समितियों की संख्या जून 1981 के अंत तक घटाकर 90,000 करने का लक्ष्य था। लेकिन जून 1983 के अंत में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की संख्या 94,089 थी। तीन राज्यों गुजरात, महाराष्ट्र तथा जम्मू और कश्मीर को छोड़ कर शेष सभी राज्यों में पुनर्गठन कार्यक्रम करीब-करीब पूरा हो चुका है।

Strengthening and Future Development of Co-operative Structure

Reorganisation of PACS

3.67 According to the reorganisation programme of PACS, which is under implementation for the past two decades, the number of PACS was targeted to come down to 90,000 by the end of June 1981. However, the number of PACS stood at 94,089 as at the end of June 1983. The reorganisation programme has been more or less completed in all the States except Gujarat, Maharashtra and Jammu & Kashmir.

पुनर्गठित प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का भावी विकास

3.68 पुनर्गठित कृषि ऋण समितियों के गहन विकास का कार्यक्रम 1982-83 से चलाया जा रहा है। देश में 5,000 पुनर्गठित प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के वास्तविक बहुउद्देशीय सेवा संस्थाओं के रूप में गहन विकास के प्रथम वर्ष से लक्ष्य के मुकाबले जून 1983 के अंत तक 14 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में केवल 2,978 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का पता लगाया गया।

Future Development of reorganised PACS

3.68 The programme of intensive development of reorganised PACS has been in operation since 1982-83. As against the first year's target of intensive development of 5,000 reorganised PACS into truly multipurpose service institutions in the country, only 2,978 PACS had been identified in 14 States/Union Territories upto end-June 1983.

कार्यमूलक समन्वय

3.69 ग्रामीण ऋणकर्ताओं की ऋण संबंधी समस्त

Functional Co-ordination

3.69 With a view to enabling rural borrowers

आवश्यकताओं की पूर्ति एक ही सम्पर्क स्थल पर हो सके, इस बात को दृष्टिगत रखते हुए अल्पकालीन तथा दीर्घकालीन सहकारी ऋण विन्यास के मध्य कार्यमूलक समन्वय की परिकल्पना की गयी है। ग्राम स्तर पर काम कर रही प्राथमिक कृषि ऋण समितियां ऋण प्रार्थनापत्रों के इकट्ठा करने, ऋणों के वितरण तथा उनकी वसूली के मामले में प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/राज्य भूमि विकास बैंकों के एजेंट रूप में काम करेंगी। हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा पश्चिम बंगाल राज्यों में अपना कार्य आरंभ करने के लिए प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के चयन का कार्य पूरा हो गया है। योजना की कार्यान्वियन रूपात्मकता (जैसे कि, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों द्वारा किये जानेवाले कार्य की विशिष्ट मदें तथा भूमि विकास बैंकों द्वारा किये जानेवाले कार्य की विशिष्ट मदें तथा भूमि विकास बैंकों द्वारा प्रदान किया जाने वाला एजेंसी कमीशन) तय की जा रही है।

to obtain all their credit needs at a single contact point, functional co-ordination between the short-term and long-term co-operative credit structures has been envisaged. PACS operating at the village level would act as agents of PLDBs/branches of SLDBs in the matter of collection of loan applications, disbursement of loans and recovery thereof. In the States of Haryana, Karnataka, Madhya Pradesh, Rajasthan and West Bengal, the selection of PACS to undertake these functions has been completed. The modalities for the implementation of the scheme (e.g. the specific items of work to be undertaken by PACS and the agency commission to be provided by LDBs) are being worked out.

मध्यवर्ती सहकारी बैंकों/राज्य सहकारी बैंकों का पुनर्वास

Rehabilitation of CCBs/SCBs

3.70 देश में 338 मध्यवर्ती सहकारी बैंकों में से पुनर्वास कार्यक्रम में शामिल कमजोर बैंकों की संख्या जून 1981 के अंत में 127 थी, जो घटकर जून 1982 के अंत में 118 रह गयी। सबसे अधिक कमजोर बैंक(28) बिहार में थे, उसके बाद उत्तर प्रदेश (19), कर्नाटक (11) और मध्य प्रदेश (10) का स्थान था। पुनर्वास कार्यक्रम में उन क्षेत्रों के 8 राज्य सहकारी बैंक भी शामिल हैं, जिनमें द्विस्तरीय विन्यास है। कुछ चुने हुए मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के संबंध में पुनर्वास कार्यक्रम के कार्यान्वियन का अध्ययन भी किया जा रहा है। आठ मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के संबंध में अध्ययन पूरे हो चुके हैं और सहकारिता के माध्यम से मीयादी ऋण देने से संबंधित समिति के परामर्श से उपयुक्त कार्रवाई संबंधी कार्यक्रम बनाया जा रहा है।

3.70 Out of a total of 338 CCBs, the number of weak banks in the country covered by the programme of rehabilitation was reduced from 127 at the end of June 1981 to 118 at end-June 1982. The largest number of weak banks were in Bihar (28), followed by Uttar Pradesh (19), Karnataka (11) and Madhya Pradesh (10). The programme of rehabilitation also covers 8 SCBs in the areas where two-tier structure exists. Evaluation studies on implementation of the programme of rehabilitation of a few selected weak banks are being carried out. The studies in respect of 8 CCBs have been completed and a suitable action programme is being finalised in consultation with the Committee on Term Lending through Co-operatives (COTELCOOP).

राज्य भूमि विकास बैंकों का पुनर्वास कार्यक्रम

3.71 कमजोर राज्य भूमि विकास बैंकों की संगठनात्मक और प्रबंधकीय कार्य कुशलता की ओर नाबार्ड ध्यान देता रहा है। छ राज्यों अर्थात बिहार, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के राज्य भूमि विकास बैंकों के संबंध में पुनर्वास कार्यक्रम इस समय लागू किया जा रहा है। इस संबंध में, प्रगति की आवधिक समीक्षा भारत सरकार और नाबार्ड द्वारा की जाती रही है। कार्रवाई की जिस योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है उसके अनुसार यह निर्णय किया गया है कि पुनर्वास कार्यक्रम के कतिपय पहलुओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जैसे कि अलग-अलग मामले के आधार पर अतिदेय राशियों का विश्लेषण, शाखाओं/प्राथमिक भूमि विकास बैंकों के कार्य का मूल्यांकन और हिताधिकारियों के संबंध में रूपरेखा लागू करना। इसके अलावा राज्य भूमि विकास बैंकों को बकाया अतिदेय राशियों का विश्लेषण करने और उन्हें निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत करने के लिए भी कहा गया है, (i) संरचनात्मक निवेश, (ii) अपूर्ण निवेश, (iii) प्राकृतिक आपदायें, (iv) जानबूझ कर चुकौती न करना आदि।यह संकेत किया गया है कि बकाया अतिदेय राशियों वाले खातों की जांच करके उन्हें इनमें से किसी श्रेणी के अंतर्गत लाया जाना चाहिए ताकि सुधारात्मक उपाय तुरंत किये जा सकें। इन प्राथमिक मदों के कार्यान्वयन की निगरानी नाबार्ड द्वारा लगातार की जा रही है।

Rehabilitation Programme of SLDBs

3.71 The improvement of organisational and managerial efficiency of weak SLDBs has been engaging the attention of NABARD. The rehabilitation programme in respect of SLDBs of six States viz., Bihar, Gujarat, Karnataka, Madhya Pradesh, Maharashtra and Tamil Nadu is presently under implementation. The progress in this regard is being periodically reviewed by the Government of India and NABARD. According to the plan of action finalised, it has been decided that certain aspects of rehabilitation programme have to be attended to on a priority basis such as, the analysis of overdues on a case by case basis, performance evaluation of branches/PLDBs and introduction of beneficiary profiles. Further, the SLDBs have been advised to analyse and classify outstanding overdues broadly into following categories viz., (i) infructuous investment, (ii) incomplete investment, (iii) natural calamities, (iv) wilful non-repayment, etc. It has been indicated that the outstanding overdues accounts after a case by case examination should be brought under one of these categories so that remedial action could be initiated immediately. In the implementation of these priority items, the progress is continuously monitored by NABARD.

अनुसंधान और विकास निधि

3.72 वर्ष के दौरान नाबार्ड ने अपनी अनुसंधान और विकास निधि से दो और राज्य भूमि विकास बैंकों (गुजरात और मध्यप्रदेश) को सहायता प्रदान की ताकि वे अपने तकनीकी, निगरानी और मूल्यांकन कक्षों को

Research and Development Fund (R & D)

3.72 During the year, assistance was provided by NABARD from its R & D Fund to two more SLDBs (Gujarat and Madhya Pradesh) for establishing/strengthening their Technical, Monitoring and Evaluation (TME)

स्थापना कर सकें अथवा उन्हें सुदृढ़ कर सके। निधि से इस प्रकार की सहायता जिन राज्य भूमि विकास बैंकों को स्वीकृत की गयी है उनकी संख्या जून 1984 तक 11 हो गयी। राज्य भूमि विकास बैंकों और राज्य सहकारी बैंकों में नियुक्ति के लिए अनुमोदित महत्वपूर्ण कर्मचारियों की संख्या जून 1983 में 84 थी जो बढ़कर जून 1984 में 111 हो गयी और स्वीकृत अनुदान की राशि 20.9 लाख रुपये से बढ़कर 26.2 लाख रुपये हो गयी। वर्ष के दौरान 3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भी तकनीकी निगरानी और मूल्यांकन कक्षों की स्थापना के लिए निधि से सहायता स्वीकृत की गयी। वर्ष 1983-84 में नाबार्ड ने विभिन्न अनुसंधान संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और व्यक्तियों को 64 लाख रुपये की वित्तीय सहायता के 21 प्रस्ताव अनुमोदित किये। कृषि वित्त निगम द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के सामर्थ्य संबंधी विशेष अध्ययन के लिए भी निधियां प्रदान की गयीं।

Cells. The total number of SLDBs sanctioned such assistance from the Fund stood at 11 by June 1984. The number of key personnel approved for appointment in the SLDBs and SCBs had gone up from 84 in June 1983 to 111 in June 1984 and the grants sanctioned increased from Rs.20.9 lakhs to Rs.26.2 lakhs. Assistance from the Fund was also sanctioned during the year to 3 RRBs for setting up TME Cells. NABARD approved during 1983-84, 21 proposals involving financial assistance of Rs.64 lakhs to various research institutions, universities and individuals. Funds were also allocated for a special study on the viability of RRBs by the Agricultural Finance Corporation (AFC).

अन्य गतिविधियां

3.73 **ऋण प्राधिकरण योजना :** राज्य सहकारी बैंकों/मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के संबंध में ऋण प्राधिकरण योजना संबंधी कार्य नाबार्ड ने भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से करना जारी रखा। राज्य सहकारी बैंकों/मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा चयनात्मक ऋण नियंत्रण के अंतर्गत आनेवाले संवेदनशील पण्यों के संबंध में ऋण सीमाएं स्वीकृत करने पर नियंत्रण रखने के इस उद्देश्य से नाबार्ड को सूचित किया गया है कि वह इस प्रकार के पण्यों पर 5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले प्रस्तावों के संबंध में रिज़र्व बैंक का पूर्वानुमोदन प्राप्त कर ले। 1983-84 (जुलाई-जून) के दौरान कुल 48 करोड़ रुपये का संघटित पूंजी वित्त प्रदान किया गया था, जबकि 1982-83 में यह 72 करोड़ रुपये था। कार्यकारी पूंजी के लिए कुल 1243 करोड़ रुपये का प्राधिकार दिया गया था जबकि 1982-83 में यह 1,347 करोड़ रुपये था। ऋण प्राधिकरण योजना में इस वर्ष किये गये परिवर्तन आगे दिये गये हैं :-

Other Developments

3.73 *Credit Authorisation Scheme :* The work relating to Credit Authorisation Scheme (CAS) in respect of SCBs/CCBs continued to be handled by NABARD on behalf of the Reserve Bank. With a view to exercising control over the sanction of credit limits by SCBs/CCBs in respect of sensitive commodities subject to selective credit control, NABARD has been advised to obtain prior approval of the Reserve Bank in respect of proposals covering such commodities involving amounts exceeding Rs.5 crores. During 1983-84 (July-June), credit authorisation for block capital finance was granted for an aggregate amount of Rs.48 crores as against Rs.72 crores in 1982-83; authorisation for working capital finance was granted for a total amount of Rs.1,243 crores as against Rs.1,347 crores in 1982-83. Changes made *in the CAS during the year are indicated* on the next page.

3.74 **सहकारी चीनी कारखानों के लिए कार्यकारी पूंजी सीमाएं** : राज्य सहकारी बैंकों को यह अनुमति दी गयी कि वे नाबार्ड से पूर्व प्राधिकरण प्राप्त किये बिना सहकारी चीनी कारखानों को चीनी का स्टॉक रेहन रखने पर कार्यकारी पूंजी सीमायें स्वीकृत कर सकते हैं। ये सीमायें वर्ष 1983-84 के चीनी के मौसम के लिए पिछले मौसम में जो अधिकतम राशि (अस्थायी रूप से आहरित अधिक राशि छोड़कर) ली गयी थी उसके सौ प्रतिशत के बराबर हो सकती थी। यदि कोई चीनी कारखाना ऊपर उल्लिखित सीमा से अधिक रेहन सीमाओं की अपेक्षा करे तो नाबार्ड से पूर्वप्राधिकरण आवश्यक होगा। नाबार्ड से पूर्वप्राधिकरण लिये बिना कोई अलग से निर्गम/दृष्टि बंधक सीमा किसी भी चीनी कारखाने को मंजूर नहीं की जायेगी। चूंकि यह छूट केवल राज्य सहकारी बैंकों के लिए ही थी इसलिए मध्यवर्ती सहकारी बैंकों ने सहकारी चीनी कारखानों की कार्यकारी पूंजी सीमाओं के लिए 150 लाख रुपये से अधिक की सीमा के लिए नाबार्ड से पूर्व प्राधिकरण लेना जारी रखा।

3.74 *Working capital limits to co-operative sugar factories :* The SCBs were permitted to sanction, without prior authorisation from NABARD, working capital limits against pledge of stocks of sugar to co-operative sugar factories for the 1983-84 sugar season to the extent of 100 per cent of the maximum amount availed of by them during the previous season (excluding temporary excess drawings). The SCBs would have to obtain prior authorisation from NABARD if any of the sugar factories requires additional pledge limits beyond the limits indicated above. No separate clean/hypothecation limit would generally be sanctioned to sugar factories without prior authorisation from NABARD. Since this relaxation has been made applicable to SCBs only, CCBs would continue to obtain prior authorisation from NABARD for working capital limits to co-operative sugar factories in excess of the limit of Rs.150 lakhs.

3.75 **सुरक्षित भंडार रखने के लिए चीनी उद्योग को अग्रिम** : सभी राज्य सहकारी बैंकों और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को नवंबर 1983 में भारत सरकार के इस निर्णय से अवगत करा दिया गया कि वे सुरक्षित भंडार में 5 लाख टन खुली बिक्री वाली चीनी और बढ़ायें, जिससे कि वर्तमान सुरक्षित भंडार 10 लाख टन हो जाये। इसके परिणामस्वरूप 100 प्रतिशत सुरक्षित भंडार के वित्तपोषण के लिए बढ़ी हुई सहायता प्रदान करने हेतु वित्तपोषक राज्य सहकारी बैंकों/मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को प्राधिकरण जारी किये गये।

3.75 *Advances to sugar industry for holding buffer stock :* All the SCBs and CCBs were advised in November 1983 of the Government of India's decision to add 5 lakh tonnes of free sale sugar to buffer stock, thereby increasing the existing level of buffer stock to 10 lakh tonnes. Consequently, authorisations for grant of increased accommodation to finance 100 per cent of the buffer stock were issued to financing SCBs/CCBs.

3.76 **सहकारी बैंकों को लाइसेंस प्रदान करना** : जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख

3.76 *Licensing of Co-operative Banks :* As stated in last year's Report, the work relat-

